धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, रविवार
03.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 230



12 मलाइका ने 'झलक दिखला जा' में किया बेली डांस



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालिक पुनर ई०निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 64/2023-24

**1. कार्य की विस्तृत विवरणी :**

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Design fabrication & installation of stainless-Steel Bus Passengers shelters multiple Bus stops in chatra Parliamentary Constituency. | 10000000 | 10000 | 200000 | 04 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04/03/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 04.03.2024 से 09.03.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.03.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
शेष शर्ते यथावत् रहेगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 321164 District (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**N.I.T. No.-16/2023-24**

पत्रांक:–182 दिनांक :–01.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 09.03.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजेतक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 11.03.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजेतक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.03.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवनप्रमंडल, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01, चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदाप्राप्तिकास्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01,चतरा का कार्यालय। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्यकानाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाणविपत्र कामूल्य | कार्यसमाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R Painting work of Flag Post, Gabion at Court Building,Collectorate Building & Other Govt. Office Buildings for the for the Year- 2023-24 | 249350.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 2. | E/R to Painting work of Boundary wall, Gate & Main Festival Venue at Jwaharlal Nehru For the Year- 2023-24 | 249450.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3. | E/R to Toilet at Fisrt Floor of VikashBhawanChatra for the year 2023-24 | 249350.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4. | Detailed Estimate for Repair of A.C. Chamber Chatra For the Year 2023-24 | 249600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5. | E/R to Confidintial Office of SP Chatra for the Year-2023-24 | 249370.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 6. | Detailed Estimate for Construction of Water Sump of Judge QtrChatra For the Year 2023-24 | 249400.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 321159 Building(23-24)D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)

**#IamVerifiedVoter के संबंध में**

**"आम सूचना"**

किसी भी आम चुनाव में मताधिकार सुनिश्चित करने से पूर्व सभी नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन होना अनिवार्य है। विगत चुनावों में कहीं–कहीं से ऐसे मामले प्रकाश में आते रहे हैं कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र (EPIC) लेकर मतदान करने जाते हैं परन्तु मतदाता सूची में उनका नाम नहीं होने के कारण वे मतदान से वंचित रह जाते हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में ऐसी एक भी घटना न हो इसके लिए मतदाताओं को संबंधित मतदान केन्द्र के मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन करने के लिए जागरूक करने हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक 04.03.2024 को सोशल मीडिया के माध्यम से **#IamVerifiedVoter** अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना है। कुछ ऐसे भी नागरिक हैं, जिनके पास EPIC तो है किन्तु जानकारी के आभाव में या व्यस्तता के कारण बहुत दिनों से अपने नाम का संबंधित मतदान केन्द्र के मतदाता सूची में सत्यापन नहीं किये हैं और उनका नाम कतिपय कारणों से विलोपित भी शायद हो गया हो, तो ऐसे नागरिकों को मतदाता सूची में निबंधन हेतु या किसी प्रकार के त्रुटि के संशोधन हेतु ऑफलाईन/ऑनलाईन प्रपत्र भरना आवश्यक है।

जिला अन्तर्गत सभी आमजनों/मतदाताओं/राजनीतिक दलों के सभी पदधारकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से अपील है कि दिनांक 04.03.2024 को अपने मतदान केन्द्र पर प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची/वोटर स्लीप के साथ सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया यथा Facebook/Twitter/Instagram आदि पर **#IamVerifiedVoter** अंकित करते हुए अधिक से अधिक पोस्ट किया जाय एवं इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया जाय।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार। | वरीय पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्त्ता, लातेहार। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 321157 (Election) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**e-mail ID eedwsd.Gumla@gmail.com**

अति अल्प कालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –16/2023–24

द्वितीय आमंत्रण

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 02/03/2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 09/03/2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (Online) जमा करने की तिथि एवं समय – 09/03/2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 11/03/2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियन्ता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला अन्तर्गत चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवश्यक 125x115 मि0मि0 व्यास के हैण्ड पम्प I.M.–II & I.M.–III (65 मि0मि0 एवं 50 मि0मि0) के लिए अद्यतन संशोधित आई0 एस0 – 15500 (पार्ट–1– 7)/2004 के अनुसार स्पेयर पार्टस की आपूर्ति वर्ष 2023–24 | 21,01,406.00 | 42,100.00 | 5,000.00 | 31.03.2024 |

नोट : 1.निविदा के नियम एवं शर्ते आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 321139 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla

**Very Short Term E-procurement Tender Notice**
**Re E-Tender NIT No: GML/NP/04/2023-24**
**(Urban Transportation & Civic Amenities) (2nd Call)**

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents Online (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC road and others work in Ward No 17 from Harilal Sahu house to Shambhu house and Asha house to Oraon G house. | 12,53,467.00 | 25100.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 2 | Repairing of Drain and Construction of Slab and others work in Ward no 20 from Ramesh Chini house to Dharti Dhan shop via Raghav Wakil house, From Rajan Gupta house to Umakant kasera house, Sachidanand house to Jitu Bhokta and Mohan Gupta House to Rajesh Gupta House. | 11,08,779.00 | 22200.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 3 | Construction of PCC road and others Work in Ward No 21 from Gopal Chobe house to Santu Das house. | 11,54,922.00 | 23100.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 4 | Construction of PCC Road and Drain in Ward No 22 from Manju Oraon house to Jaypal Oraon house. | 10,45,690.00 | 21000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| | | 45,62,858.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 04.03.2024 |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 04.03.2024 (at 10:00 AM) to 11.03.2024 (at 04:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 12.03.2024 (at 04:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :–
(1)केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।
(2)निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 321145 (District)23-24*D


## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने एचइसी का मुद्दा उठाया

# विधानसभा से चार विधेयक पारित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भोजनावकाश के बाद 2 बजकर 14 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। झारखंड जमाकर्त्ताओं के हितों का संरक्षण, वित्तीय स्थापनाओं में अधिनियम 2011 सदन में पेश किया गया। इसके बाद यह विधयेक पास हो गया। इसके बाद इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। यह विधेयक सदन से पास नहीं हुआ। विधायक विनोद सिंह और लंबोदर महतो की मांग पर इस विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया। झारखंड माल और सेवा कर संशोधन विधेयक 2024 और झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद माध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक 2024 भी सदन से पास हो गया। शुक्रवार को सदन में 42 गैर सरकारी संकल्प पेश किया गया। इसके पहले बजट सत्र में सरकारी संकल्प के दौरान खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने एचईसी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मियों को 20 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। एचईसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि अगर एचईसी बंद होता है तो खाली जमीन को रैयतों को वापस कर देना चाहिये। इसका जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा कि इसमें सरकार कुछ नहीं कर सकती है। कंपनी को ही बिना इस्तेमाल होने वाली जमीन को वापस करना चाहिये। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अगर एचईसी बंद होता है तो राज्य सरकार इसे टेकओवर कर ले।





**अंबा प्रसाद ने अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का मामला उठाया :** विधायक अंबा प्रसाद ने सदन को अवगत कराया कि राज्य में अल्पसंख्यक विद्यालयों के भवन जर्जर स्थिति में हैं। अल्पसंख्यक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पहले मेरिट स्कॉलरशीप मिलता था लेकिन, कोरोना काल के बाद से उक्त छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल रहा है। अल्पसंख्यक हित में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए जर्जर अल्पसंख्यक विद्यालयों के भवन निर्माण करने की मांग की।

**सदन में स्मार्ट बिजली मीटर का मामला भी उठा :** राज्य में लग रहे स्मार्ट मीटर का मुद्दा शनिवार को विधानसभा में उठाया गया। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने मामला उठाया। विधायक की ओर से मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर लगाये जाने के दौरान तार की खरीदारी और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले बोझ पर बल दिया गया। इस दौरान विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को निजी खर्च से तार नहीं देना है। इस संबंध में बिजली वितरण निगम की ओर से समय समय पर कैंप और समाचार पत्रों में विज्ञापन और खबर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गयी है।

### भैरवा जलाशय का नहर तीन माह में बनेगा : मंत्री

**रांची।** विधायक सुनीता चौधरी ने भैरवा जलाशय के दोनों ओर नहर निर्माण कराये जाने को लेकर सदन में राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर जल संसाधन मंत्री बसंत सोरेन ने नहर निर्माण की प्रक्रिया को तीन माह में पूरा करने को लेकर आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्य नहर एवं इसके वितरणियों निर्माण के अवशेष कार्यों को पूरा करने के लिए समर्पित पीपीआर की जांच कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सरकार नई तकनीक से भूमिगत पाइपलाइन द्वारा खेतों को पानी देने पर विचार किया है। बीच-बीच में पाइप लाइन से खेतों तक पानी पहुंचे और भूमि का अधिग्रहण नहीं हो। जगह-जगह आउटलेट का प्रावधान किया गया है। विधायक सुनीता चौधरी ने सदन में कहा कि 37 वर्ष के बाद भी भैरवा जलाशय का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच सका है। जबकि जलाशय के दोनों ओर 32 किलोमीटर नहर निर्माण करके खेतों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

### गोमिया की जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण हो : लंबोदर

**रांची।** विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सदन में गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जर्जर सड़कों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण की मांग की। इस पर राज्य सरकार का सकारात्मक रुख सामने आया। पथ निर्माण विभाग मंत्री बसंत सोरेन ने गंझडी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी एवं ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नु पथ निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति देने को लेकर आश्वस्त किया। गझंडी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी पथ, ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पन्नू पथ के विकास के लिए डीपीआर का गठन किया गया है। सीआरपीएफ अंतर्गत स्वीकृति के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्तावित किया गया है।

इधर, डॉ लंबोदर महतो ने जेएसएलपीएस कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकायें, पोषण सखियां, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, मनरेगा कर्मी आदि संविदा कर्मियों सेवा पारा शिक्षक की तरह करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग सदन में बजट सत्र के दौरान शून्य काल में किया।

# सीएम, दोषियों को ऐसी कठोर सजा दिलाएं जो एक नजीर बन जाये : बाबूलाल मरांडी

**स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की ध्वस्त कानून व्यवस्था के फलस्वरूप दुमका जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। इस घटना ने राज्य की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी धूमिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिला के साथ पुलिस अधिकारियों ने भी जिस तरह का व्यवहार किया, वह अमानवीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से हमारी मांग है कि दोषियों को ऐसी कठोर सजा दें, जो एक नजीर बन जाये। साथ ही, गड़बड़ी करने वाले थाने से लेकर ज़िले तक के छोटे-बड़े पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करें।



उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनायें हैं। इसलिये भयमुक्त वातावरण बनायें ताकि देश विदेश के पर्यटक यहां सुरक्षित रूप से भ्रमण कर सकें।

## जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के फार्म भरने की तिथि आज तक बढ़ी

**सिविल सेवा परीक्षा की पीटी परीक्षा 17 को**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेपीएससी की ओर से संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब योग्य अभ्यर्थी 3 मार्च शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। परीक्षा शुल्क भुगतान की तिथि भी बढ़ाकर तीन मार्च कर दी गयी है। वहीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) का डेट भी फाइनल कर दिया गया है। विभिन्न केंद्रों पर 17 मार्च को पीटी की परीक्षा ली जायेगी। अनारक्षित श्रेणी, ईडब्ल्यूएस, ईबीसी और ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को 100 रुपये शुल्क देना होगा, जबकि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 50 रुपये आवेदन शुल्क लगेगा।

**आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक की डिग्री अनिवार्य**

बताते चलें कि जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिये। आयुसीमा अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 21 से 35 साल, ईबीसी/बीसी के लिए 21 से 37 साल, एससी/एसटी के लिए 21 से 40 साल, पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक के लिए 21 से 45 साल और महिला उम्मीवारों के लिए 21 से 38 साल निर्धारित है।

### नौ शिक्षाधिकारी बदले विनय बने रांची डीइओ

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के नौ शिक्षा अधिकारियों को बदल दिया है। मो. वसीम को गिरिडीह का डीईओ बनाया गया है। कोडरमा की डीएसई विनय कुमार को रांची का व दुर्गानंद झा को पलामू का डीइओ बनाया गया है। श्री झा को पलामू आरडीडीई का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नीलम आइलीन टोप्पो को लोहरदगा का डीइओ बनाया गया है। उन्हें डीएसई का भी प्रभार दिया गया है। सुनील कुमार को दुमका का डीइओ और अभय कुमार सेल को खूंटी का डीएसई बनाया गया है। नूर आलम खान को गुमला का डीएसई बनाया गया है। उन्हें डीइओ का भी प्रभार दिया गया है। कुमार हर्ष को साहिबगंज का डीएसई बनाया गया है। उन्हें डीइओ का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अजय कुमार कोडरमा का डीएसई बने हैं, इन्हें डीईओ का भी प्रभार दिया गया है।

## को-ऑर्डिनेटरों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रभारी ने की बैठक

# लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां जनता को बताना होगा : गुलाम अहमद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त को-ऑर्डिनेटरों की बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई तथा सभी लोकसभा क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रभारी गुलाम अहमद मीर द्वारा ली गई। को-ऑर्डिनेटरो को गुलाम अहमद मीर ने सभी लोकसभा क्षेत्र में समन्वय समिति की बैठक बुलाने का निर्देश दिया और बैठक में सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्षों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, पीसीसी डेलीगेट की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सभी लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक, जातिगत और अन्य सभी पहलुओं का विस्तार से मूल्यांकन जल्द से जल्द करना होगा और उसी के अनुरूप अपनी चुनावी तैयारी को मूर्त रूप देना होगा। इसके साथ ही हमें झारखंड की वर्तमान महागठबंधन सरकार द्वारा की गई विकास योजनाओं के बारे में भी जनता को बताना होगा।



**लोकसभा चुनाव में बीजेपी को देना होगा शिकस्त : राजेश**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमें मिलकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को शिकस्त देना है। विगत 10 वर्षों के दौरान भाजपा ने विकास और जनता की भलाई के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोंकने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश में चुनाव आता है तब तब प्रधानमंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ चुनावी वादों की घोषणा करते हैं। देश के हर राज्य में हजारों करोड़ों की योजनाओं की घोषणा प्रतिदिन प्रधानमंत्री कर रहे हैं और जनता को अपने झूठे विश्वास में लेने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन आम जनता उनके झूठ को पहचान चुकी है और इसका जवाब उन्हें अपने मतदान द्वारा देश के मतदाता जरूर देंगे। बैठक में सुबोध कांत सहाय, प्रदीप तुलस्यान, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, जयशंकर पाठक,अमूल्य नीरज खलको, मानस सिन्हा, अशोक चौधरी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये भुवनेश प्रताप सिंह

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया गया है। जैप आइटी में सीईओ पद पर पदस्थापित आइएएस अधिकारी की पोस्टिंग भारत सरकार में उप सचिव, उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग में हुई है। कार्मिक विभाग ने पदभार त्याग करने की तिथि से ही उन्हें विरमित किया है।

### जेएसएससी में सदस्य बने मोती जार्ज लकड़ा

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में सेवानिवृत भाप्रसे के अधिकारी मोती जार्ज लकड़ा को सदस्य के रूप में नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। उनकी जन्म तिथि 19 मार्च 1963 की है। ऐसे में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में पदभार ग्रहण की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष या 65 वर्ष के उम्र के पहले जो हो तब तक वे सदस्य के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

### पंकज मिश्रा मामले में गवाही 13 को

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक कमाई की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा एवं अन्य से जुड़े मामले में ईडी की ओर से गवाही जारी है। ईडी को ओर से मामले में एक गवाह को प्रस्तुत किया गया। अदालत ने अगली गवाही की तारीख 13 मार्च निर्धारित की है। वहीं, सुनवाई के दौरान जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। अगली पेशी 13 मार्च को होगी।

### भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा पर आरोप गठन 14 मार्च को

**1250 करोड़ अवैध खनन मामला**

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा के खिलाफ ईडी कोर्ट में 14 मार्च को आरोप गठन होगा। आरोप गठन के बाद इनके मामले में ट्रायल शुरू होगा। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने मामला दर्ज किया है। कृष्णा साहा को झारखंड हाइकोर्ट से बेल मिल चुकी है। भगवान एवं टिंकल भगत ईडी की न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपी पंकज मिश्रा का काम देखता था।

### सारांडा में खनन पट्टा के लिए दायर आर्सेलर मित्तल की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज

**रांची।** दिल्ली हाईकोर्ट ने झारखंड के सारंडा वन में खनन पट्टे के लिए दायर आर्सेलर मित्तल इंडिया की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आर्सेलर मित्तल को मई 2022 में वन मंजूरी देने से भी मदद नहीं मिलेगी, क्योंकि यह 2015 के तहत खनन पट्टा देने की नीलामी प्रणाली में छूट का लाभ उठाने के लिए 11 जनवरी 2017 की कट-ऑफ तारीख के बाद थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में आर्सेलर मित्तल इंडिया द्वारा झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में सारंडा जंगल (करमपाड़ा आरक्षित वन में 500 एकड़) में लौह अयस्क और मैंगनीज अयस्क खनन शुरू करने के लिए खनन पट्टा देने से इनकार को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है।

### पत्रकार सुधीर चौधरी को रांची पुलिस ने भेजा नोटिस

**रांची।** पत्रकार सुधीर चौधरी को रांची पुलिस ने नोटिस भेजा है। रांची के एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले को लेकर सुधीर चौधरी को नोटिस भेजा गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ से जुड़े युवाओं ने बीते सात फरवरी को न्यूज चैनल के एंकर सुधीर चौधरी के खिलाफ एससी एसटी थाना में आवेदन दिया था। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने सुधीर चौधरी पर आदिवासियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया है। अनुसूचित जनजाति एट्रोसिटी एक्ट 1889 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। आवेदन में कहा गया है कि सुधीर चौधरी की टिप्पणी से आदिवासी समाज आहत है।

### 13 जिला एवं अपर न्यायाधीश के वेतन में वृद्धि

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड वरीय न्यायिक सेवा से जिला न्यायाधीश के पद पर प्रोन्नति के बाद योगदान, प्रभार ग्रहण करने की तिथि से 13 जिला न्यायाधीशों का वेतन वृद्धि किया है। इनकी वेतन वृद्धि मात्र 500 रुपये की गयी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशाासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सभी अधिकारी उक्त पद पर अक्टूबर 2023 में योगदान किए गये थे। प्रोन्नति सितंबर माह में ही हो गयी थी।

**इनकी वेतन वृद्धि की गयी**

- सत्यपाल, जिला एवं अपर न्यायाधीश, चतरा
- धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला एवं अपर न्यायाधीश, दुमका
- कुसुम कुमारी, जिला एवं अपर न्यायाधीश, रामगढ़
- निरूपम कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गोड्डा
- शैलेंद्र कुमार, अपर न्यायायुक्त रांची
- सूरज प्रकाश ठाकुर, जिला एवं अपर सत्र, न्यायाधीश, चतरा
- मिथिलेश कुमार सिंह, अपर न्यायायुक्त रांची
- शेखर कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, साहेबगंज
- कुमारी वैशाली श्रीवास्तव, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, कोडरमा
- लक्ष्मीकांत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गिरिडीह
- ऋचा श्रीवास्तव, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गोड्डा
- सुनील दत्ता द्विवेदी, अपर न्यायायुक्त रांची
- नीरज कुमार, अपर विधि परामर्शी, विधि विभाग रांची

सुप्रभात
रांची, रविवार
03.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 230




12 मलाइका ने 'झलक दिखला जा' में किया बेली डांस

## न्यूज डायरी

### झारखंड में आज-कल बारिश, येलो अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में रविवार से मौसम का मिजाज बदलेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने तीन व चार मार्च को गरज के साथ बारिश, वज्रपात और ओलोवृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार तीन से छह मार्च तक बारिश की संभावना है। तीन व चार मार्च के मौसम को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### पिठौरिया में उग्रवादियों ने पांच वाहन फूंक दिये

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजी को फूंक दिया। घटना शुक्रवार देर रात की है। जानकारी मिलने के बाद डीआइजी अनुप बिरथरे, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिये।

### सीएम कल गिरिडीह में तैयारी में जुटा प्रशासन

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन चार मार्च को पारसनाथ की धरती गिरिडीह जायेंगे। उनकी यात्रा को ले कर जिला प्रशासन से सभी तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को गिरिडीह समाहरणालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी।

### अवैध खनन मामले में आरोप गठन 14 को

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा के खिलाफ ईडी कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने 14 मार्च को आरोप गठन होगा। इडी कोर्ट इन तीनों की डिस्चार्ज पिटिशन खारिज कर चुका है। आरोप गठन के बाद इनके मामले में ट्रायल शुरू होगा। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। कृष्णा साहा को इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिल चुकी है।

### जमशेदपुर वीमेंस विव की 28 छात्राओं को गोल्ड मेडल

**जमशेदपुर।** देश की बेटियां पूरे आत्मविश्वास के साथ हर क्षेत्र में खुद को साबित कर रही हैं व श्रेष्ठता का परचम लहरा रही हैं। जमशेदपुर वीमेंस विवि की बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के दिशा में अहम भूमिका रही है। उक्त बातें राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहीं। वे विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 28 छात्राओं को समारोह में गोल्ड मैडल दिया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## भाजपा की पहली सूची में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत 195 के नाम

# हजारीबाग से मनीष, रांची से सेठ, खूंटी से मुंडा को टिकट

- चतरा, गिरिडीह और धनबाद की घोषणा अभी बाकी
- झारखंड से दो महिला प्रत्याशियों को टिकट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली, रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें पीएम मोदी समेत 195 को टिकट दिया गया है। इनमें 34 केंद्रीय मंत्रियों, राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम है। मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। हजारीबाग लोकसभा सीट से जयंत सिन्हा की जगह मनीष जायसवाल को टिकट दिया गया है। जयंत सिन्हा ने चुनाव नहीं लड़ने का पार्टी से आग्रह किया था। राजमहल में झामुमो सांसद विजय कुमार हांसदा के खिलाफ भाजपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को टिकट दिया है। रांची से संजय सेठ, खूंटी से अर्जुन मुंडा तथा कांग्रेस से हाल में ही भाजपा में आयीं गीता कोड़ा को सिंहभूम से टिकट दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह गुजरात के गांधीनगर से लड़ेंगे। एमपी के पूर्व सीएम । शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लड़ंगे। प्रज्ञा सिंह का टिकट कट गया है। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना से टिकट दिया गया है। सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी नयी दिल्ली से ,मनोज तिवारी उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लड़ेंगे।

### झारखंड के 11 प्रत्याशियों की सूची जारी









**राजमहल** (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) से ताला मरांडी। **दुमका** (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) से सुनील सोरेन। **गोड्डा** से डॉ निशिकांत दुबे। **कोडरमा** से अन्नपूर्णा देवी। **रांची** से संजय सेठ। **जमशेदपुर** से विद्युत वरण महतो। **सिंहभूम** (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) से गीता कोड़ा। **खूंटी** (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) से अर्जुन मुंडा। **लोहरदगा** (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) से समीर उरांव। **पलामू** (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) से विष्णु दयाल राम। **हजारीबाग** से मनीष जायसवाल।

**सूची में दो नये चेहरे :** भाजपा ने झारखंड के लिए जिन उम्मीदवारों की घोषणा की है, उसमें दो नये चेहरे हैं। हजारीबाग से जयंत सिन्हा और लोहरदगा से सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया गया है। चतरा, गिरिडीह और धनबाद सीट पर भाजपा ने अभी अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इन सभी तीन सीटों पर भाजपा ने पिछली बार चुनाव में जीत दर्ज की थी। राजमहल में झामुमो सांसद विजय कुमार हांसदा के खिलाफ भाजपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को टिकट दिया है।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में आयीं गीता कोड़ा को मिला टिकट



जिन 11 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है, उसमें से दो सीट पर उसे पिछली बार हार मिली थी। राजमहल और सिंहभूम संसदीय सीट पर वर्ष 2019 में गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2024 में भाजपा ने गीता कोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### 3 सीटों की घोषणा अभी भी बाकी

चतरा, गिरिडीह, धनबाद सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा बाकी अभी बाकी है। इन तीनों सीटों पर एनडीए का कब्जा है। चतरा और धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों ने वर्ष 2019 में जीत दर्ज की थी, तो गिरिडीह सीट पर सुदेश महतो की पार्टी आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी ने जीत का परचम लहराया था।

### किस राज्य से कितने घोषित

झारखण्ड- 11, यूपी- 51, बंगाल- 26, मध्य प्रदेश- 24, गुजरात- 15, राजस्थान- 15, केरल- 12, तेलंगाना- 9, असम- 11, दिल्ली 5, छत्तीसगढ-11, जम्मू-2, उत्तराखंड-3, अरुणाचल प्रदेश -2, गोवा-01, त्रिपुरा-01, अंडमान एंड निकोबार -01 सीट पर उम्मीदवार घोषित किये गये हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 195 में से 28 हमारी मातृ शक्ति है। 50 से कम उम्र वाले 47 युवा उम्मीदवार हैं। अनुसूचित जाति के 27, अनुसूचित जनजाति के 18 और पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं। मालूम हो कि भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीइसी) ने कैंडिडेट्स के नाम तय करने को लेकर मैराथन बैठक की थी। इस दौरान करीब 16 राज्यों के लिए नामों पर विचार-विमर्श किया गया था।



### संस्थापक दिवस आज टाटा पहुंचे चंद्रशेखरन

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की मेजबानी में चार दिनों तक चलने वाले संस्थापक दिवस समारोह का आगाज शनिवार को जुबिली पार्क समेत शहर के विभिन्न पार्कों एवं चोक-चौराहों पर विद्युत सज्जा के उद्घाटन के साथ हुआ। संस्थापक दिवस समारोह में भाग लेने टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन जमशेदपुर पहुंच गये हैं। टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन ने उनका स्वागत किया। जुबिली पार्क में बटन दबा कर लेजर शो सह विद्युत सज्जा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

( विस्तार से पेज 7 पर)

## चुनावी राजनीति से जयंत सिन्हा का सन्यास

### आर्थिक और सुशासन के मुद्दे पर पार्टी के साथ काम करते रहेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा से पहले ही हजारीबाग, झारखंड के सांसद जयंत सिन्हा ने राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने खुद सोशल मीडिया साइट एक्स पर इस आशय की जानकारी दी। वह हजारीबाग लोकसभा सीट से लगातार तो बार सांसद चुने गये थे। शनिवार को जारी भाजपा प्रत्याशियों की सूची में अधिकतर सांसदों का टिकट बरकरार रखा गया है। जयंत सिन्हा कीजगह इस बार मनीष जायसवाल वहां से लड़ेंगे।

### सांसद ने जेपी नड्डा से किया ये आग्रह



जयंत सिन्हा ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से आग्रह किया है कि उन्हें चुनावी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाये। जयंत सिन्हा ने कहा है कि वह भारत समेत दुनिया भर में ग्लोबल क्लाइमेट चेंज यानी जलवायु परिवर्तन से निबटने के अभियान से जुड़कर अपने काम को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने इतने दिनों तक भारत और हजारीबाग की जनता की सेवा करने का मौका देने के लिए पीएम मोदी के साथ-साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में काम करना एक अनुभव रहा। भाजपा के कद्दावर नेता रहे यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा ने यह भी कहा है कि हालांकि, वह आर्थिक और सुशासन के मुद्दे पर पार्टी के साथ आगे भी काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि मुझे लगातार 10 साल तक भारत और हजारीबाग की जनता की सेवा करने का अवसर मिला। (शेष 11 पर)

### पुल से गिरी बाइक, नौंवी के दो छात्रों की मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-मेदिनीनगर रन्ने-भरी छलका पुल के नीचे तेज रफ्तार बाइक सवार चार छात्र पेड़ से टकराते हुए नीचे गिर गये। घटना में दो छात्रों की मौत हो गयी। दो छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी लाल सूरज कुमार और छोटू के रूप में हुई है। लाल सूरज ने मौके पर जबकि छोटू की पांकी सामुदायिक केंद्र में मौत हुई। घायल छात्र दीपक कुमार और हिमांशु कुमार परसिया के रहने वाले हैं। कुमार अपने तीन अन्य दोस्त के साथ नौवीं कक्षा की परीक्षा देने पांकी रन्ने-भरी स्तरोन्नत प्लस टू उच्च गया था। परीक्षा के बाद चार छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर सलगस की ओर घूमने गये थे।

### दुमका में विदेशी महिला से गैंगरेप पर गरमाया सदन

## सीएनटी खत्म हुआ तो आदिवासी और मूलवासी नहीं बचेंगे : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के सातवें और अंतिम दिन शनिवार को दुमका में एक विदेशी महिला से हुए दुष्कर्म पर भारी हंगामा हुआ। पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से वेल में पहुंच कर सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। सत्ता पक्ष पीएम मोदी के बयान पर विशेष चर्चा की मांग कर रहे थे। भारी शोरगुल के कारण स्पीकर को प्रथम पाली में सदन दो बार स्थगित करना पड़ा। बाद में दूसरी पाली में मुख्यमंत्री चंपाई



सोरेन ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि सीएनटी एक्ट खत्म हुआ तो आदिवासी मूलवासी खत्म हो जायेंगे। उनका कहना था कि झारखंड में सीएनटी की धारा 49 को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। दुमका में विदेशी महिला के साथ गैंगरेप के मामले को लेकर भाजपा विधायकों ने बवाल काटा। भाजपा विधायक अमित मंडल ने इस मामले को उठाते हुए आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने दुमका के एसपी पर कारवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि आठ-आठ आरोपियों ने विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म किया, इससे झारखंड की पूरे देश की बदनामी हुई।

( शेष पेज 11 पर

## बिहार ने पकड़ी रफ्तार, परिवारवादी दल हाशिये पर : मोदी

### नीतीश बोले- अब नहीं छोड़ेंगे एनडीए, सभा में लगे जमकर ठहाके

**खबर मन्त्र ब्यूरो, एजेंसी**


**पटना।** पीएम मोदी ने शनिवार बिहार के औरंगाबाद में कहा कि राज्य में एक बार फिर डबल इंजन की रफ्तार भी पकड़ ली है। बिहार इस समय पूरे उत्साह में भी है और आत्मविश्वास से भी भरा हुआ है। बिहार को लूटने का सपना देखने वालों के चेहरों पर हवाईयां उड़ा रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिये पर जाने लगी है। परिवारवाद की विडंबना एक और है कि मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है, लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम का एक बार भी जिक्र करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। ये है परिवारवादी पार्टियों की हालत। वह औरंगाबाद जिले में कई विकास योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास के बाद एक जनसभा में बोल रहे थे।



**घर से निकलने में लोग डरते थे:** पीएम ने कहा, एक वो दौर था जब बिहार के लोग अपने ही घरों से निकलने में डरते थे। एक ये दौर है जब बिहार में पर्यटन की संभावनाएं विकसित हो रही हैं। बिहार को वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें मिली हैं। अमृत स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। बिहार में जब पुराना दौर था। राज्य को अशांति, असुरक्षा और आतंक की आग में झोंक दिया गया था। बिहार के युवाओं को प्रदेश छोड़कर पलायन करना पड़ा। पीएम ने कहा, हम काम की शुरूआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं।

### एनडीए 400 से अधिक सीटों से जीतेगा

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को एक बार फिर पीएम मोदी को आश्वासन दिया कि वह हमेशा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ बने रहेंगे। उनके इस आश्वासन पर सभा में जोरदार ठहाके भी लगे। जनसभा श्री कुमार ने कहा, मुझे विश्वास है कि राजग गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। मैं आपको मोदी) भरोसा दिलाता हूं कि अब मैं हमेशा राजग में रहूंगा।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना रोकने की नवीन तकनीक से लैस हुआ बोकारो संयंत्र

**बोकारो।** ईडी संकार्य बीके तिवारी द्वारा बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा के लिए क्लाउड आधारित गति उल्लंघन जांच प्रणाली एवं स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली करने वाली अग्रणी तकनीक का उद्घाटन किया गया। उनके कांफ्रेंस रूम में आयोजित उद्घाटन सत्र में सीजीएम अनिल कुमार बीसी सरतापे अमरेंद्र झा वीपी उपाध्याय शालिग्राम सिंह जीएम एस गंगोपाध्याय के साथ संयंत्र के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस तकनीक के द्वारा रियल टाइम में गति की निगरानी तथा तत्काल उल्लंघन अलर्ट प्रदान करने की सुविधा प्राप्त है। उद्घाटन सत्र में ईडी श्री तिवारी ने कहा कि इस तकनीक के द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति हम सभी के अंदर एक व्यवहारिक और सांस्कृतिक परिवर्तन लाया जा सकता है। सड़क पर गाड़ी चलाते समय गति की सीमा के अनुपालन को इस तकनीक के माध्यम से प्रभावी रूप से लागु किया जा सकता है।

## डीवीसी चंद्रपुरा के 46 ठेका कर्मियों को मिली ग्रेच्युटी

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन ने 46 सेवानिवृत्ति ठेका कर्मी या उनके मृत्यु के बाद उनके परिजनों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया। प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए इन कर्मियों को लाभ पहुंचा पहुंचाया है। बचे हुए अन्य कर्मियों को भी भविष्य में इसका लाभ मिलता रहेगा। यहां के तेजस भवन मे कल शाम आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने इन कर्मियों को लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन भुगतान का उद्घाटन किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि डीवीसी के ठेका कर्मियों और उसके परिजनों को ग्रेच्युटी का भुगतान भविष्य में भी किया जाता रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह डीजीएम दिलीप कुमार एल पी गुप्ता एकरामुल हक मनमोहन सिंह अभिषेक घटक मुकेश कुमार रविंद्र कुमार पूनम पांडेए जयंतो सरकार रामकुमार दुबे लक्ष्मण कुमार मो साकिब रजा विनोद कुमार संजीव कुमार राजेंद्र कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## झामुमो का निकला न्याय मार्च

**गोविंदपुर।** जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेत्री हसीना खातून के नेतृत्व मे पाथुरिया पंचायत के शिवपुर में शनिवार को न्याय मार्च निकाला गया। इसमे मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम शामिल हुए। उन्होंने नुक्कड़ सभा मे कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है। आने वाले चुनाव में झारखंड की जनता इसका जवाब देगी।

## वुधवार को लगेगा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

गोविंदपुर। लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर के बैनर तले श्री गोविंद हॉस्पिटल में लायन डॉक्टर प्रसून आनंद एवं श्वेता सच्ची के सहयोग से एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप बुधवार को लगाया गया एजो 10 .00 बजे से 1.00 बजे तक चला जिसमें बीएमडी हड्डी टेस्ट यूरिक एसिड टेस्ट शुगर की जांच बीपी की जांच औरथो से रिलेटेड जांच गायनी से रिलेटेड जांच बिल्कुल मुफ्त किया गया। कुल मिलाकर आज लगभग 55 मरीजों की निशुल्क सभी प्रकार की जांच की गई।

# 53वें डीसी के रूप में माधवी मिश्र ने लिया पदभार

### धनबाद में चर्चा का विषय रहा वरुण रंजन का अचानक तबादला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के 53वें उपायुक्त के रूप में शनिवार को नए समाहरणालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2015 बैच की माधवी मिश्र ने आज पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे सर्वजन पेंशन योजनाए आयुष्मान योजनाए आबुआ आवास आदि को धरातल पर उतारने का काम किया जायेगा। साथ उन्होंने सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों और आमजनों से सहयोग की अपील की। वहीं निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा धनबाद में सात माह का अनुभव काफी अच्छा रहा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो या पर्व त्यौहार के अवसर पर क्राउड मैनेजमेंट की बात हो या वर्तमान में चुनाव से जुड़ा कार्य हो, इसे बेहतर तरीके से पूरा करने का प्रयास किया गयाण जलापूर्ति से जुड़ी योजनाओं को भी हमलोग ने बहुत हद तक सॉर्ट आउट करने का काम किया है। धनबाद एक आद्योगिक नगरी है। कई तरह की अन्य चुनौतियां भी हैए जिससे निपटने का हमलोग लगातार प्रयास कर रहे थे, जिले के सभी पदाधिकारियों और मीडिया कर्मियों का भी भरपूर सहयोग मिला। इसके पूर्व निवर्तमान उपायुक्त ने बुके देकर नए उपायुक्त का स्वागत किया। पदभार से जुड़े फाइलों का दोनों ने एक दूसरे के साथ आदान प्रदान किया। नए उपायुक्त को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

### वर्ष 2015 बैच की आईएएस अफसर हैं माधवी



उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के छोटे से कस्बे लालगंज के इटौरी गांव की रहने वाली है, धनबाद की नई उपायुक्त माधवी मिश्रा इनके परिवार में सभी 4 भाई बहन आईएएस और आईपीएस हैं। इनके अलावा इनके भाई लोकेश मिश्रा 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जो झारखंड में पोस्टेड हैं। इसके अलावा एक भाई योगेश मिश्रा भी आईएएस हैं। बहन क्षमा मिश्रा आईपीएस अधिकारी हैं, जो देश के अलग-अलग राज्यों में पोस्टेड हैं। पूरे प्रतापगढ़ में यह परिवार मशहूर है। इनके पिता अनिल मिश्रा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के मैनेजर पद से रिटायर ऑफिसर हैं। प्रतापगढ़ में ही अपनी पत्नी और 4 बच्चों के साथ दो कमरे के मकान में वह रहते थे। वह चाहते थे कि उनके बच्चे उनका नाम रौशन करें, जिसे चारों बच्चों ने पूरा किया। आईएएस माधवी मिश्रा का प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सेवा की शुरूआत धनबाद से हुई है। धनबाद में प्रोवेशन पीरियड गुजारने के बाद पहली पोस्टिंग जमशेदपुर में एसडीओ के पद पर तथा उसके बाद लातेहार डीडीसी एवं उपायुक्त रामगढ़ के रूप में सेवा दे चुकी हैं। वर्तमान में माधवी मिश्रा प्रबंध निदेशक, झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम, रांची के पद पर कार्यरत थी। अब इनकी जगह निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन लेंगे।

### मिस मैनेजमेंट बना तबादला का वजह

शुक्रवार को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के धनबाद से वापस जाने के चंद घंटों के अंदर ही धनबाद के डीसी वरुण रंजन को हटा दिया गयाणबताया जाता है कि पीएम विजिट में मुख्य सचिव के लिए गाड़ी नहीं रखी गई थी। जिस गाड़ी का इंतजाम किया गया। वह खराब हो गईण हर्ल में आयोजित कार्यक्रम में डीसी लेट से पहुंचे। वहीं इस बात की भी चर्चा है कि हेलिपैड पर बरती गई लापरवाही के कारण मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री को सीऑफ नहीं कर पाए, जिसका खामियाजा इन्हें भुगतना पड़ा। इसके अलावा ये भी बात सामने आ रही रही है कि वरुण रंजन की कार्यशैली से जिले के कई वरीय अधिकारी भी परेशान थे। उपायुक्त किसी काम को शुरू करते थे तो उसे अंजाम तक पहुंचाते थे, वे सुबह से देर रात तक लगातार काम करते थे और काम भी करवाते थे, जिसे लेकर वे अधिकारियों की आंखों की किरकिरी बने हुए थे। कई व्यापारी वर्ग भी इनके काम से नाराज चल रहे थे। इन तमाम कारण इनके तबादले की वजह बनी।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर संयुक्त फोरम का आह्वान, एक मई को होगा चक्का जाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** केंद्र और राज्यकर्मियों की पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 1 मई 2024 मजदूर दिवस को पूरे देश में रेल का चक्का जाम रहेगा। इसका आह्वान संयुक्त फोरम जेएफआर ओपीएस के संयोजक सह ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने किया है। यह जानकारी शनिवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रेलवे, पोस्टल, डिफेंस आदि 36 लाख केन्द्रीय कर्मचारी और राज्यों के अराजपत्रित एवं शिक्षक संघ के करीब 14 लाख कर्मचारी शामिल होंगे। हड़ताल को लेकर संयुक्त फोरम ने प्रधानमंत्री को पत्र दिया है, जिसमें कहा गया है कि पुराने पेंशन के न मिलने से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को बुढ़ापे में जीवन यापन करने के लिए हो रही समस्याओं का उल्लेख किया है। फोरम ने प्रधानमंत्री से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल से छः सप्ताह पहले 19 मार्च को केन्द्र सरकार को नोटिस देने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को नई दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक हुई थी, लेकिन केन्द्र सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### 4 मार्च को हैशटैग आईएम वेरीफाइड वोटर अभियान

**धनबाद।** जिले के 2378 मतदान केंद्रों में 4 मार्च को हैशटैग आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों में संबंधित बीएलओ उपलब्ध रहेंगेण यह जानकारी शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता आयोजित कर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने दीण उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10.00 बजे से अभियान शुरू होगाण युवा वोटर अधिक से अधिक संख्या में भाग ले। उपायुक्त ने कहा कि इसी दिन सभी मतदान केन्द्रों पर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति के साथ प्रपत्र.6ए 7 एवं 8 के साथ बीएलओण की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। जिससे वे आम नागरिकों को उक्त अभियान के बारे में बता सके एवं आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु नागरिकों से भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त कर सकें। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

# धनबाद में दो स्थानों पर अगलगी के बाद दहशत

### एसएनएमएमसीएच के 60 मरीज मिसिंग, अस्पताल प्रबंधन ने कहा दूसरी जगह करा रहे इलाज

**● किडनी के मरीजों को तीन निजी और सदर अस्पताल में की गई व्यवस्था**



खबर मंत्र ब्यूरो

**धनबाद।** पिछले साल की अगलगी की घटना के बाद एक बाद फिर धनबाद में आग का तांडव शुरू हो चुका है। शुक्रवार की देर रात शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल ;एसएनएमएमसीएच में लगी भीषण आग के बाद वहां भर्ती 60 मरीज अब तक मिसिंग हैं। इन लोगों का अबतक मुच्छ पता नहीं बहला है। इसी प्रकार बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के पुराना बाजार पानी टंकी के पास आग की घटना ने सबको झकझोर दियाण अच्छी बात रही है कि इन दोनों घटना में किसी की जान नहीं गई है लेकिन करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। एसएनएमएमसीएच में अगलगी के घटना के बाद शनिवार को भी भर्ती मरीजों के बीच अफरातफरी का माहौल रहा। सबसे ज्यादा परेशानी 40 डायलिसिस के मरीजों के साथ हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने जिले तीन निजी अस्पताल और सदर अस्पताल में डायलिसिस की व्यवस्था कीए लेकिन आधे लोगों का भी डायलिसिस पूरे दिन में नहीं हो पायाण कई मरीज के परिजन खुद से निजी अस्पताल में डायलिसिस की व्यवस्था कराने में जुटे थेण वहीं अस्पताल में भर्ती 60 मिसिंग मरीजों की पड़ताल नहीं हो पाईण अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि घटना के बाद कई मरीज खुद से दूसरे अस्पताल चले गए हैण अस्पताल में किसी की मौत नहीं हुई हैण ऐसे मरीजों की खोजबीन की जा रही हैण वहीं एसडीओ उदय रजक ने बताया कि शुक्रवार को ही आग पर काबू पा लिया गया हैण आग किस वजह से लगी तथा कितने का नुकसान हुआ हैए इसकी जांच कराई जा रही है।

### डायलिसिस सेंटर में लगी थी आग

शुक्रवार की रात आग डायलिसिस सेंटर में लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे वार्ड में धुआं भर गयाण अस्पताल कर्मियों और मरीजों के परिजनों की मदद से मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया थाण लेकिन नियो नेटाल केयर यूनिट में भर्ती एक नवजात की मौत की भी सूचना थीण हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है।

### पांच दुकानों में लगी आग

दूसरी घटना पुराना बाजार पानी टंकी के पास शुक्रवार की रात 12 बजे के करीब मिठाई दुकान में आग लगी थीण देखते ही देखते आग पांच अन्य दुकानों को भी अपने चपेट में लिया। दुकान में रखे सामान जल कर राख हो गयाण दो घंटे बाद दमकल की गाड़ी पहुंची थी। शनिवार को भुक्तभोगी दुकानदारों ने बताया कि मिठाई दुकान में चूल्हे के पास तेल का टीन रखा थाण जिसके कारण आग भड़की और पास के पत्तलए घड़ीए मिक्चरए चश्माए बेल्ट दुकान को अपनी चपेट में ले लियाण आग की लपटे इतनी ज्यादा थी कि उसे हमलोग काबू में नहीं कर पाएण दमकल की गाड़ी भी काफी लेट से पहुंचीण 1 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ हैण पूरा धंधा चौपट हो गयाण जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक मदद के लिए कोई नहीं अभी तक आया हैण ज्ञात हो पिछले जनवरी में तीन स्थानों में आग लगी की घटना के कारण 19 लोगों की जान चली गई थीण इसके बाद भी किसी ने अभी तक सिख नहीं लिया है।

## रैयतों के बच्चों ने संभाला ढुल्लू महतो के खिलाफ धरना का कमान

### धरना पर बैठे हैं 8 रैयतों के परिवार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ चिटाही के रैयतों के बच्चों ने धरना की कमान सम्हाल ली है। स्थानीय रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को भी जारी रहा। विधायक के खिलाफ रैयतों के बच्चे धरने पर डटे रहे।साथ ही कतरास के समाजसेवी सह बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा ने धरना स्थल पर पहुंचकर रैयतों के आंदोलन का समर्थन दिया। धरना पर चिटाही के 8 रैयतों का परिवार जमा हुआ हैण विजय झा ने कहा कि बाघमारा विधायक के अत्याचार और शोषण से 8 रैयतों का परिवार बुरी तरह परेशान हैण विधायक रामराज मंदिर के नाम पर उनकी जमीन पर कब्जा करने की फिराक में हैंण परेशान करने के लिए उनकी दुकानों के आगे तिरपाल घेर दिया हैए जिससे परिवारों के समक्ष रोजी.रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई हैण रैयतों के बच्चों ने कहा कि जब मां.बाप धरनास्थल पर रहेंगेए तो हमलोग घर में क्या करेंगे। हमारा जीवन भी तो दुकानों के दम पर चल रहा हैण अगर दुकानें बंद हो गईं तो हमारी पढ़ाई.लिखाई सब बंद हो जाएगीण ज्ञात हो कि विधायक के कथित अत्याचार से परेशान होकर चिटाही धाम के 8 रैयत 27 फरवरी से रणधीर वर्मा चौक पर धरना पर बैठे हैं। इनमें सुनीति कुमारीए रजनी देवीए विकास महतोए नीरा देवीए जितनी देवी सुरेश महतोए विकास महतोए अशोक महतो आदि शामिल हैं।

## सिनिफर डॉग से हुई बच्ची के हत्यारों की खोज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** तोपचांची के रंगाडीह गांव निवासी गुजर महतो की 2 साल की बेटी लक्ष्मी कुमारी की हत्या मामले में पुलिस ने नैरो गांव के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही हैण इस बीच पुलिस ने हत्यारों का पता लगाने के लिए शनिवार को स्वान दस्ते की मदद लीण बोकारो से खोजी कुत्ता मंगवाकर जांच पड़ताल की गईण खोजी कुत्ता घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर बरडार के एक मकान तक गयाण इधरए पुलिस ने घटनास्थल के पास बंद पड़े ईंट भट्ठे से खून से लथपथ प्लास्टिक का बोराए बच्चे के बालए कपड़े व अन्य चीजें बरामद की हैण बच्ची के बाल घटनास्थल के पास गिरे हुए थेण इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि बच्ची की हत्या करने से पहले उसका सिर मुड़वाया गयाण कुछ ग्रामीणों का अंदेशा कि बुरी शक्तियों को पाने के लिए बच्ची की कहीं बलि तो नहीं दी गई।

इधर पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि पुलिस अनुसंधान में जुटी हैण हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगाण ज्ञात हो कि लापता बच्ची का क्षत्त.विक्षत शव 13 दिन बाद शुक्रवार को राजगंज थाना क्षेत्र के बरडार स्थित नाला के पास से बरामद किया गया था।

## बेरमो: कलश यात्रा के साथ श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



**बेरमो।** सीसीएल बंद ढ़ोरी एक्सावेशन परिसर स्थित नवनिर्मित न्यू गोल पहाड़ी शिवालय प्रांगण में शनिवार को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। गाजे.बाजे के साथ निकली कलश यात्रा मे महिलाएं माथे पर कलश लेकर शामिल हुईं। श्रद्धालुओं के जयकारे व भजनों से माहौल भक्तिमय हो उठा। इस दौरान जगह.जगह यात्रा का स्वागत किया गया। सुबह करीब 10 बजे महायज्ञ के आचार्य विष्णु पंडित जी के निर्देशन में विद्वान पंडितों द्वारा पूजा का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद महायज्ञ स्थल पर मौजूद कन्याओं और महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा की शुरूआत की। कलश यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए आयोजकों द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर फुसरो नया रोड से होता हुआ हिन्दुस्तान पुल फुसरो स्थित दामोदर नदी पहुंची। विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। यहां से कलश यात्रा महायज्ञ स्थल की तरफ रवाना हुई।

**एक नजर में**

### बोकारो : उत्पाद विभाग ने भारी मात्रा में अवैध शराब किया जब्त

**बोकारो।** बोकारो उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे दहीयारी ग्राम के जंगल में अवैध शराब निर्माण स्थलों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 810 लीटर स्पिरिट एवं 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया। वहीं 03 हजार केजी फरमेंटेड महुआ को नष्ट किया गया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की संगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति एवं अवर निरीक्षक चंद्रपुरा दीपिका कुमारी शामिल थे।

### झरिया में युवक की गला रेत कर हत्या

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के भलगढा ताराबागन कोलियरी के पास शनिवार को दिनदहाड़े गला रेत कर एक युवक की हत्या कर दी गईण स्थानीय थाना की पुलिस पहुंच चुकी है और आक्रोशित लोगों को शांत करने में जुट गईण घटना के संबंध में बताया कि बगल के एक युवक के द्वारा शराब बेचा जाता थाण जिसे लेकर पिछले दिनों विवाद हुआ था, जिसे लेकर आज हत्या कर देने की आशंका जताई जा रही हैण फिलहाल मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

### बोकारो प्लांट के 05 विभागों में सौ फीसदी वार्षिक उत्पादन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीओ एंड सीसी विभाग ने फरवरी में 513 ओवन पुशिंग सिंटर प्लांट ने 540146 टन सिंटर ब्लास्ट फर्नेस ने 389797 टन हॉट मेटल एसएमएस न्यू विभाग ने 92727 टन क्रूड स्टील का उत्पादन तथा हॉट स्ट्रिप मिल ने 364875 टन की रोलिंग करके निर्धारित उत्पादन लक्ष्य का सौ फीसदी से ज्यादा लक्ष्य प्राप्त किया है। निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक तथा ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर विभाग की पूरी टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को बधाई दी है।

### बीएसएल की महिला कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप शुरू



**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बीजीएच में महिला कार्मिकों के लिए हेल्थ चेक अप कैंप का शुभारम्भ सीएमओ एवं प्रभारी डॉ बीबी करुणामय के अध्यक्षता में किया गया। यह हेल्थ कैंप 07 मार्च तक सुबह 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक बोकारो जनरल हॉस्पिटल में महिला कार्मिकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीजीएच के वरीय चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग सिस्टर बोकारो संयंत्र में कार्यरत महिला अधिकारी एवं महिला कर्मचारी शामिल थे। एचआरडी की जीएम सुश्री नीता बा के पहल तथा उनके द्वारा दिए गए नारी स्वस्थ तो परिवार स्वस्थ परिवार स्वस्थ तो समाज स्वस्थ के थीम पर इस हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

### गोविंदपुर में ट्रैफिक लाइट लगाने की सांसद पीएन सिंह ने की मांग

**गोविंदपुर।** सांसद पीएन सिंह ने एनएचएआई के अध्यक्ष एवं दुर्गापुर परियोजना निदेशक को पत्र लिखकर सुभाष चौक गोविंदपुरए ऊपर बाजार तिराहा एवं साहिबगंज मोड़ पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने की अपील की है। सांसद सिंह ने लिखा है कि उक्त तीनों मोड़ों पर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाना जरूरी है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि गोविंदपुर के सभी अवैध कट को बंद कर सुभाष चौक के कट को पूरी सुरक्षा व ट्रैफिक सिग्नल लाइट व के साथ खोलना उचित है। सांसद ने कहा है कि बरवाअड्डा से बराकर तक पश्चिम बंगाल इलाके की तरह लाइट लगाना आवश्यक है। रात के अंधेरे में भी हादसे होते हैं। इसके अलावा विभिन्न चौक एवं मोड़ों पर सुरक्षा के ऐहतियाती उपाय यथा संकेत चिन्ह गति सीमा के बोर्ड आदि की व्यवस्था जरूरी है। पत्र में कहा गया है कि इस इलाके में सड़क चौड़ीकरण कार्य की गति धीमी है । वर्षों से सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। अतः बरसात के पहले सड़क पूर्ण करना है।

### रामचरित मानस महायज्ञ में भक्तों ने की परिक्रमा

**बेरमो।** ढोरी बस्ती सौतारडीह में गणेश चतुर्थी के अवसर पर नौ दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ व 31वॉ वार्षिक गणेश मेला का चौथे दिन भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओ की भीड उमडीण इस दौरान कई श्रद्धालुओ ने 11ए 21ए 51ए 101ए 151ए 201ए 501 बार एवं 12 घंटे का भी संकल्प लेकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा कीण यज्ञशाला की परिक्रमा व श्रीरामकथा को सुनने के लिए आसपास के अनेक ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र से श्रीराम भक्त श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# पीएम की सभा में कम रही उपस्थिति, भाजपा नेताओं की धड़कन बढ़ी

### कम रही कोयलांचल के आदिवासियों और श्रमिकों की भागीदारी

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल के उन भाजपा नेताओं के दिल की धड़कनें तेज हो गयी है, जो पीएम मोदी की सभा में भीड़ नहीं जुटा सके। भीड़ थी लेकिन शहरी थी। कोलबेल्ट के श्रमिकों और आदिवासियों की भागीदारी उतनी नहीं थी, जितनी अन्य दलों की सभाओं में देखी जाती रही है। भीड़ का बड़ा हिस्सा धनबाद शहर के लोग थे। इतनी कड़क बैरिकेटिंग न रहती तो शहरी लोगों की सख्या में और भी वृद्धि होती। सिंदरी में आयोजन तो सरकारी था, लेकिन धनबाद के बरबड्डा में विजय संकल्प महारैली थी, जिसका आयोजन पार्टी ने किया था। इसमें धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा संसदीय क्षेत्र के आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी थी। धनबाद और कोडरमा के सांसद क्रमशः पीएन सिंह और अन्नपूर्णा देवी भाजपा की हैं। जबकि गिरिडीह पर आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी काबिज हैं। अन्नपूर्णा देवी केंद्र में मंत्री हैं। यह जानते हुए कि जन सैलाब को धनबाद और निकट के इलाके से ही उमड़ाया जा सकता है, धनबाद के सांसद पीएन सिंह, नगर विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने पूरी ताकत लगा दी थी। धनबाद सहित अन्य जिलों के संगठन के पदाधिकारी भी भीड़ जुटाने में समर्थकों के साथ लगे थे। दरअसल पीएम मोदी की यह सभा दो बार पूर्व में रद्द हो चुकी थी। तीसरी सभा भी बहुत ही आनन-फानन में हुई।

### सभास्थल पर होर्डिंग-बैनर की थी भरमार

बरबड्डा मैदान में जिस वक़्त पीएम मोदी का भाषण समापन की ओर था, सभास्थल की ओर लोगों के आने का सिलसिला जारी था। दरअसल सभा स्थल के चारो ओर कुछ किमी की दूरी तक चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, जबरदस्त चेकिंग और काला कपड़ा पहन कर सभा स्थल की ओर प्रवेश पर रोक ने बड़ी संख्या में मोदी भक्तों को वापस लौटने को मजबूर कर दिया। आयोजन में शक्ति प्रदर्शन का भी रिहर्सल हुआ। चाहे दुर्गापुर एयरपोर्ट हो या सिंदरी का खाद कारखाना या बरबड्डा सभास्थल, सभी जगह चेहरा चमकाने वालों ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रख छोड़ी थी। सभास्थल व चौक चौराहों पर पीएम के साथ अपनी बड़ी-बड़ी तस्वीर चस्पा कर बड़े-बड़े होर्डिंग व बैनर की भरमार थी। आसन्न लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी दावेदारी को लेकर भीड़ के नायक का हिस्सा बनने को बेताब नेताओं के लिये तमाशा अभी बाकी है। मिशन 2024 में कौन होगा धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा से एनडीए का प्रत्याशी देखना बड़ा दिलचस्प होगा।

स्पीड न्यूज



## यज्ञ से आती है पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि : देवेंद्र तिवारी

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की प्रदेश एवं जिला टीम के सभी कार्यकर्ता जोड गांव में आयोजित श्री रामचरित मानस नावाह्न परायण पाठ महायज्ञ में शामिल हुए। यज्ञ कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। यज्ञ के तीसरे दिन राम विवाह पर मुख्य अतिथि उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि यज्ञ से पूरे क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति आती है तथा सनातन को मजबूती भी मिलती है। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा, सचिव अभिषेक मिश्रा, सदस्य अजीत तिवारी, पंकज मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल का बूथ संख्या 161 पर चला लाभार्थी संपर्क अभियान



**मेदिनीनगर।** भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर ने बूथ संख्या 161 पर लाभार्थी संपर्क अभियान का कार्यक्रम किया। जिसमें कार्यक्रम के लोकसभा के सहसंयोजक दुर्गा प्रसाद जौहरी ने सभी लाभार्थियों से मिलकर उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा को बुलंद करना है और केंद्र में फिर से एक बार मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार को बनाना है। उन्होंने जिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत का जो लाभ लिए हैं उनके घर पर संपर्क किया एवं पीएम का संदेश एवं घर पर स्टीकर लगाया गया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान, भाजपा नगर अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, भाजपा नगर मंडल के महामंत्री, कार्यक्रम के संयोजक किशन मखारिया, नगर मंडल के मंत्री एवं कार्यक्रम के सहसंयोजक श्रवण गुप्ता, विकास सिंह, युवा मोर्चा के नेता शैलेश सिंह, कुणाल राणा, पंकज शर्मा, खुर्शीद आलम, चंदन शामिल थे।

## भगवान परशुराम मंदिर के प्रांगण में होली मिलन समारोह 17 मार्च को



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित गयी। जिसमें सर्वसम्मति से 17 मार्च को होली मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि इस बार की होली पलामू प्रमंडल के विप्र परिवारजनों के लिए बहुत ही खास होने वाली है, इस आत्मीय होली मिलन समारोह में सभी से आग्रह किया गया है आप इस समारोह में उपस्थित हों एवं अपनी भूमिका अवश्य सुनिश्चित करें। प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी ने कहा कि इस होली मिलन के जरिए उन सभी कलाकारों को एक मंच भी देने का प्रयास किया जाएगा, जो अभी तक मंच न मिलने के कारण अपनी प्रतिभा को निखार न पाये है। बैठक में युवा समाजसेवी एवं आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी, प्रदेश संरक्षक बसंत तिवारी, प्रदेश संरक्षक परमेस तिवारी, प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, भार्गव सेना के प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक संजीव पांडे, जिला संरक्षक मणि तिवारी, प्रमंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, प्रमंडल उपाध्यक्ष अरविंद पांडे, जिला कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, जिला शिक्षा सलाहाकार अध्यक्ष धमार्चार्य रमेश पांडे, नगर उपाध्यक्ष रितिक चौबे समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट के बाद नाबालिग को मरा समझ खेत में फेंका

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार कर उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद मरा समझकर खेत में फेंक दिया, इस मामले को लेकर लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत में कहा है की मेरी पुत्री बीते 27फरवरी को शौच के लिए बाहर गई थी, काफी देर बीत जानें के बाद जब वह नहीं लौटी तो परिवार के सभी लोग उसे खोजने लगे लेकिन उसका कोई पता नहीं चला, दोपहर करीब तीन बजे गांव की कुछ महिलाएं खेत में घास काटने गई तो देखा की खेत में मेरी लड़की अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी उनलोगो ने इसकी जानकारी हमारे परिवार के लोग को दी, सूचना मिलते ही गांव के कई लोग के साथ जब वहां पहुंचा तो देखा की उसके नाक कान से काफी खून बह रहा था और उसकी स्थिती को गंभीर देखते हुऐ बेहतर इलाज के लिए वाराणसी उत्तर प्रदेश के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, तीन माह पूर्व मेरी लड़की को गांव के एक युवक कुंडल कुमार उसे छेड़ छाड़ किया था, मुझे पूर्ण विश्वास है की कुंडल कुमार अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गईं है शीघ्र ही नामजद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# ये पार्क नहीं शहर का दिल है : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मेरे कार्यकाल का ब्लैक स्पॉट शहर के बीचो-बीच स्थित अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) जिधर से प्रतिदिन शहर वासियों के साथ-साथ कई गण्यमान्य लोग सर्किट हाउस आते जाते हैं। इसकी स्थिति खराब देख कई बार मैंने पूर्व एवं वर्तमान नगर आयुक्त के संज्ञान में लाई, परंतु तालाब सफाई करने वाला व्यक्ति नहीं मिलने के कारण यह काम नहीं किया जा सका।


अब निगम द्वारा सिटी मैनेजर सतीश के देखरेख में तालाब की सफाई शुरू करा दी गयी। प्रथम महापौर ने बताया कि यह सही है कि काम पहले शुरू हो जाता लेकिन तालाब सफाई करने वाले हमारे जिले में नहीं मिल पा रहे थे फिर मैंने अपने प्रयास से कोलकाता से एक्सपर्ट आदमी बुलाकर निगम को दिया जो कार्य करना शुरू कर दिये। प्रथम महापौर ने कहा कि इस पार्क का गार्डन भी सुसज्जित करवायी जा रही है, लाइट्स भी बनेंगे, टॉयलेट भी चालू होंगे और करोड़ों के लगे झरने भी प्रतिदिन चलाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने नगर आयुक्त से अनुरोध करेंगी कि बने कैंटीन को भी चालू करें। कहा कि मैं सारे कामों पर निगम के साथ अपनी नजर भी रखी हूं। सारे काम होने के बाद मेरी टीम निशुल्क चौक चौराहा, गांधी उद्यान, मरीन ड्राइव, महात्मा गांधी मार्ग के लगे पौधों एवं लाइट की देखरेख कर रहा। वैसे ही अंबेडकर पार्क की भी निगरानी मैं निजी खर्चे से करूंगी। यह शहर के बीचों-बीच शहर का दिल है। मैं अंबेडकर पार्क में योगा करने वाले एवं टहलने वाले सभी भाई बंधुओं से अनुरोध करूंगी कि यह पार्क आपका है इसे साफ, स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित बनाये रखने में निगम की मदद करें यह पार्क नहीं शहर का दिल है।

# नहीं रहे सोना व्यवसायी विजय प्रसाद सोनी, शोक

### चेंबर ने व्यवसायी के निधन पर किया दुख प्रकट

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वर्गीय विजय प्रसाद सोनी अपने पीछे पांच पुत्री एवं एक पुत्र राकेश कुमार सोनी के ऊपर अपनी पूरी जवाब दही छोड़ गये हैं। इस दुख की घड़ी में पूरा चैंबर परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है। इनके निधन पर कई व्यवसायियों ने भी शोक व्यक्त किया है। स्वर्गीय विजय प्रसाद सोनी का ब्रह्म भोज 9 मार्च को होना तय है। चैंबर परिवार उनके आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं।

**मेदिनीनगर।** 25 फरवरी की रात पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक्जीक्यूटिव सदस्य सह झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के सदस्य राकेश कुमार सोनी के पिता विजय प्रसाद सोनी का हार्ट अटैक होने से देहांत हो गया। जिससे सारा चैंबर परिवार मर्माहित है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि स्वर्गीय विजय प्रसाद सोनी जो शुभ लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक थे एक सरल स्वभाव के सामाजिक व्यक्ति थे और सबों के दुख सुख में सदैव खड़ा रहते थे। आज उनकी कमी उनके परिवार के साथ-साथ सबों को महसूस होगी।

### जिला प्रशासन ने सर्किट हाउस सभागार में किया विदाई सह सम्मान समारोह

# सेवानिवृत्त आयुक्त दशरथ चंद्र दास को दी गयी भावपूर्ण विदाई

- सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास और स्थानांतरण पर आइजी राजकुमार लकड़ा को दी गयी विदाई
- पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है : एसपी रीष्मा रमेशन

खबर मन्त्र संवाददाता




मौके पर गढ़वा के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद, श्रम अधीक्षक इतवारी महतो, कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी विवेक विरूपा, चन्द्र शेखर कुणाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास एवं स्थानांतरण पर पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की देर शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त अपनी सेवा काल में लंबी यात्रा तय की है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की जरूरत है। इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद नया जीवन खुशहाल होगा। आयुक्त का सेवाकाल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इनका मार्गदर्शन अब भी मिलता रहेगा। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, गढ़वा एसपी दीपक पाण्डेय ने भी विचार व्यक्त किये।

# प्रधानमंत्री के औरंगाबाद आने पर पलामू पुलिस है हाई अलर्ट

- एसपी ने सीमावर्ती थाना क्षेत्र के साथ जिले की पुलिस पदाधिकारियों को दिया निर्देश
- शहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में होटलों में किया गया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है। इसे लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह से सुरक्षा को लेकर मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि असमाजिक तत्व के लोगों, अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों एवं नक्सलियों के साथ ही साथ अवैध तरीके से मादक पदार्थ का तस्करी करनेवालों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने विशेष कर औरंगाबाद जिला के सीमावर्ती क्षेत्र जो पलामू जिला से सटे थाना है वहां के एसडीपीओ, पुलिस इंस्पेक्टर व थाना प्रभारियों, टीओपी प्रभारियों को सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। एसपी ने जिला मुख्यालय समेत प्रखंडों में लॉज, होटल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों के ठहराव वाले स्थानों की जांच सख्ती से करने का निर्देश दिया है। इस आलोक में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में बीती रात्रि को शहर के विभिन्न होटल, धर्मशाला एवं लॉज में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आने जाने वाले यात्रियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उनका आईडी कार्ड से मिलान किया गया। थाना प्रभारी ने होटल, धर्मशाला व लॉज संचालकों को निर्देश दिया कि बिना पहचान पत्र एवं पूरी जानकारी प्राप्त कर भर्ती पंजी में दर्ज कर ही बाहरी लोगों को प्रवेश दें। यदि किसी पर कोई संदेह उत्पन्न होता है तो इसकी गुप्त सूचना संबंधित थाना को दे।

## विशाल ने विधायक कोटे से नगर निगम क्षेत्र के निर्माण कार्य की मांगी जानकारी

### उपायुक्त ने जिप अभियंता, एनआरईपी अभियंता व चैनपुर बीडीओ को लिखा पत्र

### डीडीसी से सूचना अधिकार के तहत मांगी योजनाओं की समुचित जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के कार्यकाल में वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर 2023-24 तक नगर निगम क्षेत्र में किये गये सभी प्रकार के निर्माण कार्य की योजनाओं की जानकारी सूचना अधिकार के तहत उप विकास आयुक्त से मांग की है। इस पत्र के आलोक में डीडीसी ने जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी एवं चैनपुर बीडीओ को पत्र निर्गत कर निर्देश दिया है कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत डालटनगंज विधायक मद से मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक किये गये निर्माण कार्य योजनाओं की जानकारी छाया प्रति के साथ ससमय उपलब्ध करायें। ताकि अधोहस्ताक्षरी नावाटोली वार्ड 23 निवासी विशाल कुमार सिन्हा को सूचना उपलब्ध कराया जा सके।

## मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या का मामला विधायक ने सदन में उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम में अप्रैल, मई, जून, जुलाई के महीने में पानी की समस्या बढ़ जाती है। जिससे वहां के लोग खासकर आबादगंज, बैरिया, सुदना, हमीदगंज आदि जगहों पर रहने वाले लोग या तो अपना घर छोड़कर कहीं और चले जाते हैं। नहीं तो पानी के टैंकर पर ही अपना जीवन यापन करने पर विवश हैं। इसे वर्तमान झारखंड सरकार बखूबी जानती है। परंतु नगर निगम क्षेत्र के पेयजल आपूर्ति का सेकंड फेज का काम अभी तक चालू नहीं हुआ है। विधानसभा मे डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने पानी की समस्या को सदन के माध्यम से वर्तमान सरकार तक पहुंचने का काम किया। चौरसिया ने कहा कि यह दूसरी बार है जब हम आवाज उठा रहे हैं। पिछली बार भी हमें सत्यानंद भोक्ता के द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिला कि जल्द काम होगा और इस बार मंत्री बसंत सोरेन से आश्वासन मिला कि जल्द ही इस पर कार्रवाई किया जायेगा।

## डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर दो बाइकें भिड़ीं



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर स्थित भरी पुल के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गयी। जिसमें दोनों बाइक पर सवार चार व्यक्ति मोटरसाइकिल समेत पुल के नीचे गिर पड़े। जिसमें चारों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी घायल परसिया ग्राम के रहनेवाले बताये जा रहे हैं। बाइक इतनी तेज रफ्तार में थी कि आपस में टकराने के बाद दोनों बाइक सवार युवक बाइक समेत पुल के निचे गिर पड़े। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने उठाने का प्रयास कर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार व नियुक्ति को लेकर भाजपा का धरना कल

**पाटन पलामू।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर 4 मार्च को झारखंड में बढ़ रहे भ्रष्टाचार एवं नियुक्ति प्रक्रिया में कदाचार के विरुद्ध में एक दिवसीय पाटन ब्लॉक परिसर में भाजपा पाटन मंडल धरना प्रदर्शन करेगी। इसकी जानकारी पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने सभी भाजपा के पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, सभी पदाधिकारी मंडल मे निवास करने वाले जिला के पदाधिकारी, प्रदेश के पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद स्थाई प्रभारी, विधायक प्रतिनिधि, पंचायत संयोजक सह संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष, सभी पालक प्रभारी एवं पन्ना प्रमुख ,पूर्व मंडल अध्यक्ष, सभी भाजपा समर्थक, पंचायत के जनप्रतिनिधि, जिप सदस्य, सभी भाजपा के वरिष्ठ नेतागण धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

## पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव फिर से कराने का आ गया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव दिसंबर 2023 में कराया गया था। जिसकी मतगणना 17 दिसंबर को कराया जा रहा था। अंतिम चरण मतगणना के दौरान कुछ प्रत्याशियों ने मत पत्र में त्रुटि बताते हुए मतगणना कार्य को रोकवा दिया गया था। जिस कारण मतगणना पत्र को सील कर दिया गया था। इसके बाद इसकी सूचना चुनाव संचालन समिति एवं चुनाव पर्यवेक्षक पलामू के द्वारा लिखित सूचना झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद को दिया गया। इस सूचना के आलोक में परिषद ने कमिटी भेजकर पलामू का जायजा लेकर दोनों पक्षों को बैठाकर मामले को निष्पादन को कहा। लेकिन मामला सुलझ नहीं पाया। इधर, पलामू जिला के 315 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र एवं चुनाव पर्यवेक्षक तथा चुनाव संचालन समिति के सदस्य द्वारा भी झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद को शेष बचे मत पत्रों की गिनती कराने का आग्रह किया है।

## भाजपा चार मार्च को करेगा प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन : अमित तिवारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार एवं नियुक्ति प्रक्रिया में हो रहे कदाचार के खिलाफ 4 मार्च दिन सोमवार 11 बजे दिन से प्रखंड स्तर पर भाजपा प्रदर्शन करेगी। इसकी जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने दी। कहा कि प्रदर्शन में मंडल में निवास करने वाले पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, स्थायी मंडल प्रभारी, मंडल के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, समर्थन एवं आमजन भाग लेंगे।

## अबुआ आवास योजना को भ्रष्टाचार का अड्डा बनने नहीं दिया जायेगा: बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** महागठबंधन सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास जो वैसे घर विहीन लोगों के लिए लागू किया गया जिनके पास अपना छत नहीं था जो ठंडा गर्मी बरसात का सामना खुली आसमान के नीचे किया करते हैं लेकिन कुछ पंचायत और प्रखंडों से ऐसा सूचना मिल रहा है कि यह योजना भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है। उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रेस वार्ता करते हुए कही। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड के महागठबंधन सरकार जिस उद्देश्य से अबुआ आवास योजना को लेकर आई लेकिन इस योजना को कुछ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस योजना को आपदा में अवसर तलाश रहे हैं जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पलामू जिला में भाजपा के विधायक के बिचौलियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया है।

## बाबा विश्वकर्मा क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना सखुआ



**पंडवा पलामू।** बाबा विश्वकर्मा क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सखुआ की टीम ने पाल्हे खुर्द को छः विकेट से हराकर कप पर कब्जा जमा लिया। पूर्व जिप प्रत्याशी लक्ष्मी रवि एवं समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने विजेता उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाल्हे खूर्द की टीम 157रन बना कर आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलने उतरी सखुआ की टीम चार विकेट पर 157 रन बनाकर विजेता बनी। मैन आफ द मैच सखुआ के सौरभ कुमार एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार विशाल को मिला। पूर्व जिप प्रत्याशी लक्ष्मी रवि ने कहा कि अब खेल के माध्यम से भी युवा अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं। युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा निखरेगी। खेल से लोगों में सकारात्मक सोच का भावना जागृत होती है। आयोजन समिति के अध्यक्ष विमलेश विमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि गांव के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए ही प्रत्येक वर्ष टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।

# रोटरी स्कूल के प्राचार्य को पितृशोक


### प्राचार्य के पिता के निधन पर रोटरी स्कूल परिवार ने जताया दुख

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल चैनपुर के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय के पिता पूर्व शिक्षक बाल्मीकि पाण्डेय 1ः 35 बजे अन्तिम सांस लिए। ज्ञातव्य है कि वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका देहावसान उनके पैतृक गांव राजहरा में हुआ। वे 77 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र, पुत्रवधू व भरा पूरा परिवार को छोड़ कर चले गये।

पुत्रों में प्राचार्य दूसरे स्थान पर हैं। समाचार मिलते ही उनके परिजन तथा रोटरी विद्यालय परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। रोटरी स्कूल के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा, कार्यपालक निदेशक अवधेश तिवारी, सचिव पवन लाठ, पूर्व प्राचार्य सह डीडीओ अशोक कुमार तिवारी, प्रेमा नंद त्रिपाठी, एम के डीएवी के प्राचार्य सह सिटी को ऑर्डिनेटर डॉ जी एन खान, जी जी पी एस यमुने के प्राचार्य बी पी गुप्ता, ब्राईट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल कुमार सिंह, एलिट स्कूल के प्राचार्य बरूची राकेश आदि ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### रोटरी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की शोक सभा



विद्यालय में रोटरी स्कूल चैनपुर, स्टेशन रोड रोटरी क्लब स्कूल के शिक्षक/ शिक्षिकाओं के द्वारा शोक सभा का अयोजन किया गया जिसमें दो मिनट का मौन रख कर भगवान से प्रार्थना की गयी। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री रितुल मुस्कान, समन्वयक सुश्री स्मिता सिंह, वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र, नम्रता पाण्डेय, अनिता वर्मा, अरविंद कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, उमा कांत मिश्रा, एमके यादव, एनके शुक्ल, रंजीत शर्मा, सुषमा अग्रवाल, एसआरके ठाकुर, कमेश कुमार मेहता, सुधा सिंह, सोनी कुमारी आदि ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना से समस्त विद्यालय परिवार मर्माहत है। इस दुःख के क्षण में हम सभी उनके साथ हैं।

# अमेरिका में कार्यरत भारतीय डॉक्टर ने रजवाडीह स्कूल के बच्चों के लिए भेजे जूते

- सकारात्मक पहल से समाज बनता है जीवंत : डीएसई

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेडिकल कॉलेज पलामू के ट्यूटर डॉ तुषार आर्या बतौर मुख्य अतिथि रजवाडीह मध्य विद्यालय के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। अमेरिका के ओहियो में कार्यरत डॉ आर्या के रिश्तेदार दम्पत्ति डॉ राजीव गुप्ता व रूचि गुप्ता तक पहुंचती है। इस पर उनकी अद्भुत प्रतिक्रिया सामने आती है। उनके मन में संवेदना व सद्भावना का ज्वार उठता है और वे अपने माता-पिता क्रमशः आशा गुप्ता व मधुसूदन गुप्ता के सम्मान में रजवाडीह मध्य विद्यालय के सभी 120 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कम्पनी के जूते भेंट करने का संदेश भेज देते हैं। डॉ तुषार आर्या जूते लेकर विद्यालय पहुंचे। मौके पर पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर, सदर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह व एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका श्रीमती निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने इस कार्यक्रम को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। डीएसई श्री कुजूर ने दम्पत्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण समाज को जीवंत बनाते हैं। बेशक यह विशेष व प्रेरक है। वहीं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह ने कहा कि बच्चों के प्रति यह भावना उच्च कोटि की है। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि इनके अनूठे पहल व दिलेरी ने विद्यालय परिवार का दिल जीत लिया है।

## समय संवाद

अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन से पांच लाख डॉलर के अनुदान से शुरू किए गए प्रोजेक्ट के तीन मुख्य उद्देश्य हैं। पहला, क्या एमआरएनए से युक्त डीएनए को पौधे की कोशिकाओं के उस हिस्से में पहुंचाया जा सकता है जहां वह रिप्लीकेट कर सके। दूसरा, यह सिद्ध करना कि पौधे एक पारंपरिक वैक्सीन की बराबरी करने के लिए समुचित एमआरएनए उत्पन्न कर सकते हैं और तीसरा, पौधा आधारित वैक्सीन की सही खुराक का निर्धारण। यूसीआर में वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर जुआन पाब्लो गिराल्डो ने कहा कि एक पौधे द्वारा उत्पादित एमआरएनए से एक व्यक्ति को वैक्सीन की खुराक दी जा सकेगी। गिराल्डो इस शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। इस शोध में सेन डियागो स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और कानेर्गी मेलन विश्वविद्यालय के विज्ञानी शामिल हैं।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह नये युग का ऐतिहासिक शुभारंभ

**रामलाल**

22 जनवरी 2024 को अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ। भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिजोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं आठ केंद्रशासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।'

सितम्बर, 2023 से ही निमंत्रितों की सूची बनाने से लेकर उनको बुलाने की व्यवस्था का चिंतन प्रारम्भ हो गया था सभी को निमंत्रण देने का क्रम डिजिटल पत्राचार से प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद सभी निमंत्रितों को राष्ट्र के सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए गए। अंततः सभी निमंत्रितों को एक व्यक्तिगत कोड दिया गया। कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था।



आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपये से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमें सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई, चकमा, गोरखा, खासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएं सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाज के प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहां प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले जिला न्यायाधीश नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुकदमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था। रामजन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, रामजन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

भारत की राष्ट्रपति औरउपराष्ट्रपति के साथ पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहां थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहां थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, सीए, समाचार पत्रों और टीवी चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी, चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्यकला आदि ललित कलाओं के कलाकार, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फिल्म उद्योग की अनेक हस्तियां भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए।

मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियां आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। इन सभी की मंच पर ही बैठने की व्यवस्था थी। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मजदूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहां उपस्थित थे। एल ऐंड टी व टाटा समूह के अधिकारी, अभियंता और श्रमिक भी यहां उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधानमंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकर्ताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

# जिज्ञासा का परिपक्व होना ही भक्ति का आरंभ

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आरंभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आरंभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आरंभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धैर्य से ही निर्माण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थों का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा कि आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# झारखंड के विकास के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता

## टाटा स्टील मना रही जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती

**सत्येन्द्र कुमार**

**जे एन** टाटा की दूरदर्शी भावना का जश्न

एक सदी से भी ज्यादा समय पहले, जब स्वतंत्र भारत के लिए खाका तैयार किया जा रहा था, टाटा स्टील के संस्थापकों ने एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण की दिशा में पहला कदम उठाते हुए स्टील के उत्पादन के लिए स्वदेशी क्षमता निर्माण की कल्पना की थी जो वास्तव में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर है। आज, जब टाटा स्टील, टाटा समूह के संस्थापक जमशेतजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती मना रही है, तो यह राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भरता के साथ ही सतत विकास की दिशा में भारत की भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करती है।

टाटा स्टील 1907 में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई और भारत की पहली एकीकृत स्टील कंपनी होने का गौरव हासिल किया। यह वास्तव में स्वदेशी उद्यम था। यह उस समय की बात थी जब राष्ट्र लोकमान्य तिलक के स्वदेशी आंदोलन के आह्वान में शामिल हो गया था और उपनिवेशवादियों से इस तरह से लड़ना शुरू किया जो 1857 के विद्रोह के बाद से नहीं देखा गया था। इस प्रकार, टाटा ने भारत के लोगों से पूंजी जुटाने की अपील की और उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया दी।

वर्षों बाद, जे एन टाटा के छोटे बेटे, सर दोराबजी टाटा ने लिखा कि उन्हें इस बात पर कितना गर्व है कि देश के औद्योगिक विकास के लिए भारत की संपत्ति से इतनी बड़ी राशि जुटायी गयी थीः यह पहली बार था कि भारत का कच्चा माल बाहर नहीं गया और देश में बेचने के लिए तैयार वस्तुओं के रूप में वापस आया। सबसे बढ़कर, यह एक विशुद्ध रूप से स्वदेशी उद्यम था जो स्वदेशी धन द्वारा वित्तपोषित और स्वदेशी प्रतिभा द्वारा प्रबंधित था।

1912 में जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट से 100,000 टन के स्टील के पहले इंगट का उत्पादन हुआ। प्रथम विश्व युद्ध के चरम पर, 1916 तक प्लांट ने क्षमता के अनुरूप उत्पादन किया, और उसी वर्ष अपना पहला विस्तारीकरण कार्यक्रम, ग्रेटर एक्सपेंशन स्कीम, का प्रस्ताव शेयरधारकों की मंजूरी के लिए पेश किया। योजना को स्वीकृति मिल गयी। टाटा स्टील ने युद्ध के तुरंत बाद विस्तारीकरण शुरू किया और 1924 तक प्रति वर्ष 420,000 टन बिक्री योग्य स्टील का उत्पादन बढ़ा दिया।

1930 के दशक की शुरूआत तक, यह भारत की स्टील की 72 प्रतिशत आवश्यकता की पूर्ति कर रहा था, जिसमें रक्षा आवश्यकताओं से लेकर रेलवे बुनियादी संरचना, विनिर्माण उद्योगों और हावड़ा ब्रिज जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाओं को शामिल किया गया था। आज तक कोलकाता के क्षितिज को परिभाषित करने वाले पुल को बनाने में 23,000 टन या लगभग 85 प्रतिशत स्टील का उपयोग किया गया था, जो जमशेदपुर से आया था।

कंपनी ने समानांतर रूप से स्वदेशी बौद्धिक पूंजी को बढ़ावा देने और उसका लाभ उठाने में निवेश किया। इसने 1921 में विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों को उनके भारतीय समकक्षों के साथ बदलने के लिए जमशेदपुर टेक्निकल इंस्टीट्यूट की स्थापना की। इसके बाद इसने जमशेदपुर में अनुसंधान और नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की। इसने नए प्रकार के स्टील के अनुसंधान और विकास को गति दी और



टिस्क्रोम, टिस्कोर और टाटा सन जैसे ब्रांडों की लॉन्चिंग की - इन सभी ने टाटा स्टील को 1939 तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे बड़ा एकीकृत स्टील प्लांट बनने के लिए प्रेरित किया और वैश्विक मंच पर

भारतीय स्टील को देखने के नजरिए को हमेशा के लिए बदल दिया।

भारत की अर्थव्यवस्था और भविष्य के लिए टाटा स्टील का महत्व इतना था कि इसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के कुछ सबसे बड़े नेताओं-महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद का समर्थन प्राप्त था। जब गांधीजी ने 1920 के दशक में जमशेदपुर का दौरा किया और 20,000 दर्शकों को संबोधित किया, तो उन्होंने कहा था, यह मेरी महत्वाकांक्षा थी कि मैं भारत में सबसे महान भारतीय उद्यमों में से एक को देखूं और वहां काम की स्थितियों का अध्ययन करूं...। पूरी विनम्रता से, मैं कह सकता हूं कि मैं यहां पूंजीपतियों के मित्र के रूप में भी आया हूं - टाटा के मित्र के रूप में।' उन्होंने आगे कहा कि मैं इस महान भारतीय कंपनी की समृद्धि और इस महान उद्यम की सफलता की कामना करता हूं।कृषि, उद्योग और आधारभूत संरचना में एक प्रमुख घटक, स्टील का निर्माण, किसी देश के आर्थिक विकास से निकटता से जुड़ा हुआ है। 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो उसे कृषि के साथ-साथ औद्योगिक क्रांति की भी आवश्यकता थी। कारखानों, बांधों, बिजली संयंत्रों और अन्य बुनियादी संरचना के निर्माण के लिए स्टील आवश्यक था। कृषि उपकरणों के निर्माण के लिए भी यह आवश्यक था। भारत के औद्योगीकरण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात को कम करना भी आवश्यक था। उस समय देश के सबसे बड़े इस्पात निमार्ता के रूप में, टाटा स्टील ने भारतीयों के समक्ष खड़ी महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में राष्ट्र निर्माण के कठिन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

योजनाबद्ध वृहद पैमाने पर औद्योगिक और बुनियादी संरचना के विकास का युग 1951 में क्रमिक पंचवर्षीय योजनाओं के साथ शुरू हुआ। इन योजनाओं के लिए स्टील - जिसमें भाखड़ा-नांगल बांध, बिजली संयंत्र, भारी इंजीनियरिंग उद्योग, रेलवे और अन्य परिवहन, पूरे शहर जैसे

चंडीगढ़ और अन्य प्रतिष्ठित परियोजनाएं शामिल थीं - जमशेदपुर से शुरू हुई थी।

आज, स्टील का पहला इंगट तैयार होने के 110 साल से अधिक समय बाद, टाटा स्टील ने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका नहीं बदली है। विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के उत्पादों और ब्रांडों का पोर्टफोलियो ऑटोमोटिव, निर्माण, औद्योगिक और सामान्य इंजीनियरिंग और कृषि जैसे बाजार क्षेत्रों में तेजी से विस्तारित हुआ है।

भारत में एक तिहाई से अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अब टाटा स्टील का योगदान होता है। कंपनी ने कम से कम 40 प्रमुख हवाई अड्डों और लगभग सभी मेट्रो रेल नेटवर्क के निर्माण में मदद की है, जिससे देश में यात्रियों की मांग कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। इसने देश के दो-तिहाई फ्लाईओवर और पुलों के निर्माण में योगदान किया है, जिनमें मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक और असम के बोगीबील ब्रिज जैसे ऐतिहासिक पुल शामिल हैं।

टाटा स्टील देश को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है - खनन के लिए आवश्यक उपकरणों से लेकर पनबिजली पैदा करने वाले बांधों को मजबूत करने, सौर मॉड्यूल माउंटिंग संरचनाओं को मजबूत करने, बिजली संयंत्रों का निर्माण करने और ट्रांसमिशन लाइनों को मजबूत करने तक। यहां तक कि इसने गुजरात में नरेंद्र मोदी स्टेडियम जैसे खेल के बुनियादी संरचना का निर्माण भी किया है, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।

# रात में न सोने का परिणाम

**नागेन्द्र सिंह**

**नींद** का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्ल तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बर्बादी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। **(महेन्द्रा सेंटर हजारीबाग)**

# ममता और करुणा की प्रतीक मां और मातृभूमि

**डॉ दिनेश चंद्र सिंह**

**मां** और मातृभूमि की महिमा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। क्योंकि वह अपरंपार होती है। मां के पालन-पोषण से ही हर तरह का व्यक्तित्व सजता-संवरता-निखरता है। सारा संसार जनता और मानता आया है कि व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला मां है, उसकी ममतामयी गोद है और उसकी बाल्यकालीन छत्रछाया ही होती है। इसलिए हर सफल व्यक्तित्व अपनी मां के प्रति आजीवन श्रद्धावनत रहते हैं। मैं भी अपवाद नहीं हूं। मुझे भी अपनी मां और मातृभूमि से गहरा लगाव था, है और रहेगा। निःसंदेह, उपर्युक्त पंक्तियां मां-बेटे के आत्मीय संबंधों को दशार्ती हैं, जो पिता-पुत्र संबंधों से कहीं ज्यादा प्रगाढ़ समझी जाती हैं। इनमें एक पंक्ति ह्यूं तो मैं दिखलाता नहीं पर तेरी परवाह करता हूं मांह्ल अत्यंत मार्मिक है। यह पंक्ति अधिकांश परदेशी पुत्र के अंतर्मन की ध्वनि है। इसलिए तुम्हारे बिछड़ने की सूचना ने मुझे स्तब्ध कर दिया, क्योंकि बिछड़ने के पूर्व हुई वार्ता की याद ने मुझे भरोसा दिलाया था कि मेरी मां अभी है और रहेगी भी। परंतु बिछड़ने से पहले न कोई संवाद, न कोई बात, न मुझे एक बार पुनः याद दिलाया कि मां चाहती थी कि मैं दूर रहकर जनहित में अच्छा करूं। परंतु अंतिम क्षणों में मैं मां तेरी परवाह करने में चूक कर गया। यह दर्द एवं पीड़ा मुझे तुम्हारी याद हमेशा दिलाती रहेगी और आज मैं इसी भाव से स्मरण करते हुए अपने को खुले हृदय से अभिव्यक्त कर रहा हूं।



सच कहूं तो मेरी मां भी सुंदर, सलौनी, अद्भुत एवं अनुकरणीय प्रतिभा की धनी थी। यद्यपि स्कूली शिक्षा से दूर रही, फिर भी व्यवहारिक शिक्षा की धनी थी। जीवन में शिक्षा की उपयोगिता को व्यवहारिक धरातल पर समझने वाली थी। भले ही आज तुम मेरे साथ नहीं, परंतु तुम्हारी दी हुई शिक्षा एवं सोच ने मुझे जो शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान किया था, वह अतुलनीय है। आज उसी धरोहर एवं आधारशिला पर उत्पन्न, पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित होकर वट वृक्ष के रूप में, मैं आज जिस रूप में भी खड़ा हूं, यह तुम्हारा ही उपकार है।

मां, आपकी प्राण वायु पाकर एवं आपकी शिक्षा-दीक्षा से मन-प्राण वायु पाकर, सामाजिक सरोकार की चेतना को मन-आचरण में धारण कर, सामाजिक परिवर्तन की चाह को मन-विचार में संजोकर, निज ग्राम, राज्य एवं राष्ट्र की सेवा के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने की प्रेरणा तुम्हीं से मिली। अतएव मेरी प्रेरणा स्वरूप तुम्हीं थी। लगभग अट्ठासी-नब्बे वर्षीय दिवंगत मां, तुझे नमन। कोटि कोटि नमन। मां, मैं तुम्हें कैसे स्मरण करूं, कैसे विनम्र श्रद्धांजलि दूं। भारतीय सामाजिक संस्कृति और हिंदू रीति-रिवाज से तुम्हें श्रद्धांजलि देने की जितनी औपचारिकताएं हैं, वह मैंने पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से की है। यदि कोई कमी रह गई हो तो, मुझे जहां से भी देख रही हो, वहीं से क्षमा करते हुए अपना असीम आशीर्वाद एवं ऊर्जा देना, मां !जहां तक मुझे बचपन की याद है, साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद भी निज ग्राम में शिक्षा के महत्व का प्रचार प्रसार पूर्व से ही होने के कारण यहां के परिवेश में शिक्षा प्राप्त कर उन्नति के मार्ग की राह स्थानीय नागरिकों के मन में पहले से ही खुली मिली थी। जैसा कि मैंने बुजुर्गों और अपने माता-पिता से सुना था कि हमारे ग्राम में शिक्षा का अलख 19वीं सदी के प्रारंभिक वर्षों से ही प्रारंभ हो चुका था। उस समय ही मिडिल स्कूल की स्थापना से जनपद अग्रणी कुछ चिन्हित ग्रामों में मेरा ग्राम पुरैनी भी शिक्षा का केंद्र बिंदु था, जो अपनी अनुशासित व महत्वपूर्ण शिक्षा पद्धति के कारण लोकप्रिय रहा।

मसलन, उस समय मिडिल स्कूल में कार्यरत शिक्षकों, जिनको हम बचपन में मास्टर साहब कहते थे, कुछ का नाम मैंने भी सुना है, जिनमें मास्टर मुकुंदी सिंह, मास्टर रामचंद्र सिंह जो पुराने शिक्षक थे। वहीं, मेरी प्रारंभिक शिक्षा के समकालीन शिक्षकों में आदर भाव के साथ जाने-माने योग्य शिक्षक, जो आज इस दुनिया में शायद नहीं हैं, अधिकांशतः नहीं हैं, में मास्टर मकसूद हुसैन, मास्टर विक्रम सिंह, मास्टर मौखा सिंह, मास्टर विशंभर सिंह, मास्टर मूलचंद, मास्टर संग्राम सिंह, मास्टर राजेंद्र सिंह आदि अग्रगण्य रहे, जिनकी पारखी नजर एवं पैनी शिक्षण पद्धति की कसौटी पर तराशे गए विभिन्न होनहार छात्र आज लोकतंत्र के विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं।

वहीं, व्यक्तिगत रूप से मेरी माध्यमिक और विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने में प्रेरणा स्रोत गुरुजनों का भी स्?मरण करना चाहूंगा। उनमें क्रमशः श्रद्धेय श्री अतीक अहमद खान, श्री नरेश चंद्र थापन, श्री यशपाल सिंह, डॉक्टर डी कुमार, प्रोफेसर जगदंबा सिंह, प्रोफेसर पीसी गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. एचपी तिवारी आदि ऐसे प्रबुद्ध गुरुजन हैं और रहे हैं, जिनकी प्रेरणा सदैव ऊर्जा एवं सफलता का मार्ग प्रशस्त करती रही है। वहीं, कर्मभूमि के रूप में प्रयागराज की पवित्र भूमि और गंगा जी की पतित पावनी जलधारा ने सदैव मातृभूमि के साथ कर्मभूमि की पवित्रता के महात्म्य को सिद्धता प्रदान करते हुए अनगिनत प्रबुद्ध योग्य विलक्षण प्रतिभा के धनी नागरिकों की श्रृंखला को उन्नति का मार्ग प्रशस्त कराया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बदलता पर्यावरण और विनाश की घंटी



# टाटा स्टील: संस्थापक की 185वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जियोलॉजिकल सेंटर किया समर्पित

- सीईओ एवं एमडी ने जमशेदपुर वर्क्स में आई-मेक और आई-सी प्रॉक का भी उद्घाटन किया
- 14वीं टेक्निकल प्रदर्शनी, टेक एक्स-2024 भी शुरू हुई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





ज्योलोजिकल सेंटर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन। साथ में बायें से पूर्व डिप्टी एमडी डा. टी मुखर्जी, वीपी डीबी सुंदरामम, चाणक्य चौधरी यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी व अन्य और प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान एक महिला कर्मचारी की बातों पर गौर फरमाते एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती की पूर्व संध्या पर अग्रणी भूविज्ञानी पीएन बोस के नाम पर एक जियोलॉजिकल सेंटर समर्पित किया। अपनी तरह के इस अनूठे केंद्र का उद्घाटन टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने किया। इस केंद्र को एक विशेष जियोलॉजिकल सेंटर के रूप में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य देश की, विशेषकर ओडिशा और झारखंड की भूवैज्ञानिक संपदा के संरक्षण और प्रदर्शन के अत्यधिक महत्व को सामने लाना है।

यह केंद्र हमारे ग्रह के इतिहास की जटिल परतों का पता लगाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, जो चट्टानों, खनिजों, जीवाश्मों के निर्माण और लाखों वर्षों में पृथ्वी को आकार देने वाली गतिशील प्रक्रियाओं को समझने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। यह टाटा स्टील में खनन के इतिहास का दस्तावेजीकरण करने और कई प्रसिद्ध भूवैज्ञानिकों, खनन विशेषज्ञों और प्रोसेस इंजीनियरों के योगदान का सम्मान करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा।

वैसे तो टाटा स्टील मुख्य रूप से स्टील निर्माण कंपनी के रूप में जानी जाती है, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि यह देश की सबसे बड़ी खनन कंपनियों में से एक है। यह केंद्र स्टील उत्पादन के लिए आवश्यक खनिजों, सिंहभूम-ओडिशा क्षेत्र के भूविज्ञान, पीएन बोस के जीवन और कार्य को श्रद्धांजलि और टाटा स्टील के लौह अयस्क, मैंगनीज, कोयले, और क्रोमाइट माइंस पर समर्पित प्रदर्शनियों के साथ अयस्कों और खनिजों की उपस्थिति पर प्रकाश डालता है।

इस केंद्र की परिकल्पना टाटा स्टील के पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर (स्टील) डॉ. टी मुखर्जी ने की थी, जिन्होंने अपने निजी संग्रह से खनिज नमूने केंद्र को दान में दिए थे।

### आई-मेक और आई-सी प्रॉक का उद्घाटन

श्री नरेंद्रन ने टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में आई-मेक (इंटीग्रेटेड मेंटेनेंस एक्सीलेंस सेंटर) और आई-सी प्रॉक (इंटीग्रेटेड कोक प्लांट रिमोट ऑपरेशंस सेंटर) का भी उद्घाटन किया। दोनों केंद्र बेहतर निगरानी और नियंत्रण के लिए एक एकीकृत कमांड सेंटर की स्थापना के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के साथ डिजिटलीकरण के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

**टेकएक्स 2024 :** श्री नरेंद्रन ने आज शावक नानावती टेक्निकल इंस्टिट्यूट (एसएनटीआई) में 14वीं टेक्निकल एग्जीबिशन, टेकएक्स-2024 का भी उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 2 फरवरी से 5 फरवरी तक चार दिनों तक चलेगी। यह सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

# भाजपा से विद्युत दा को तीसरी बार मिला टिकट

- पिछली बार से बड़ी जीत दर्ज करेंगी भाजपा : सुधांशु ओझा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 195 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हुआ है। जिसमें पीएम मोदी के वाराणसी से चुनाव लड़ने के साथ झारखंड के 11 सीटों पर प्रत्याशी के नामों की घोषणा है। जमशेदपुर से सांसद विद्युतवरण महतो को लगातार तीसरी बार जमशेदपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। पिछले दो बार से सांसद विद्युत को जमशेदपुर सीट से पुनः प्रत्याशी बनाये जाने के निर्णय का भाजपा जमशेदपुर महानगर ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।


## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़

**-:अति अल्पकालीन निविदा:-**

**मनरेगा**

सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–(N) 208, दिनांक–21.02.2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार पौधे यथा आम, अमरूद, नीबू, बेर, कटहल, Drum Stick, Sapota (चीकू), Pears (नाशपाति), Litchi (लीची) एवं संतरा आदि का क्रय हेतु झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB (National Horticulture Board) Registered नर्सरियों जिनके पास झारखण्ड राज्य का GST No. हो उससे अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 09.03.2024 अपराह्न 01:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक नर्सरियों का निविदा उसी दिन दिनांक 09.03.2024 को अपराह्न 02:30 बजे उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़ की अध्यक्षता में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है।

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें की विस्तृत विवरणी रामगढ़ जिले के वेबसाईड www.ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण रामगढ़ के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है:–

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़

PR 321339 District (23-24)_D


## स्पीड न्यूज

### एनटीटीएफ के चार छात्र यास्कावा में चयनित

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों मानेसर स्थित यास्कावा कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया।

### अक्षर फाउंडेशन ने बच्चों में बांटी पाठ्य सामग्री

**जमशेदपुर।** विहंगम योग संस्थान की इकाई अक्षर फाउंडेशन की तरफ से स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के ज्येष्ठ आत्मज अक्षरदेव जी के जन्मोत्सव पर कोल्हान के तीनों जिलों के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के मध्य पाठ्य सामग्री बांटी गयी।

### लूट-झूठ से मुक्ति को पिलर मेंबर मजबूत बनायें: सहिस

**जमशेदपुर।** केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार आज दिनांक 2 मार्च 2024 दिन शनिवार को आजसू पार्टी जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जुगसलाई नगर परिषद की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मो तनवीर उर्फ राजू ने किया जबकि संचालन अरूप मल्लिक ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन प्रवीन प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि रामचंद्र साहिस ने कहा की पार्टी के मजबूत स्तंभ पिलर मेंबर और चूल्हा प्रमुख होता है क्योंकि कुछ लोग जनता को दिग्भ्रमित कर क्षणिक लाभ दे आपके मतो का विभाजन कर सत्ता पा लेते है और फिर जनता को उनके हालात पर छोड़ देता है।

# मानव सेवा की ओर उन्मुख है टाटा उद्योग: सीपी राधाकृष्णन

- राज्यपाल ने टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के रक्तदान शिविर में लिया भाग
- 100 बार रक्तदान करने वाले रक्तदाओं को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







रक्तदान शिविर के अवसर पर स्व. जेएन टाटा की तस्वीर को नमन करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और समारोह में राज्यपाल के साथ उपस्थित टाटा मोटर्स के वीपी विशाल बादशाह, प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी, यूनियन अध्यक्ष व महासचिव।

**जमशेदपुर।** राज्यपाल ने आज जमशेदपुर में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में भाग लेकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कई लोगों के द्वारा एक सौ से अधिक बार रक्तदान कर मानवता के हित में मिशाल कायम किया जाना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि महान विभूति जमशेदजी नसरवानजी टाटा के जन्मदिन के अवसर पर 2000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जमशेदजी नसरवानजी टाटा ने विषय परिस्थितियों में जिस उद्योग को स्थापित किया वह आज व्यापक रूप धारण कर लिया है तथा मानवता की रक्षा के लिए भी उन्मुख है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है की आनेवाले दिनों में झारखण्ड के प्रत्येक जिला में वृहत स्तर पर उद्योगों की स्थापना होगी एवं वहां रोजगार का सृजन होगा। इससे लोगों का जीवन-स्तर भी उपर उठ सकेगा।

राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक उन्नति एवं श्रमिक कल्याण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यदि श्रमिकों का कल्याण होगा तो औद्योगिक विकास भी उत्तरोत्तर होता रहेगा। उन्होंने कहा कि लोग अपने लिए तो जीते ही हैं लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, उसे जमाना याद रखता है। उन्होंने कहा कि अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय समाज को देना चाहिए, समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। अतः समाज के लिए वक्त निकालना हमारा परम कर्तव्य है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है। उनके 73वें जन्मदिन के अवसर पर राज भवन में 73 लोगों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया था। उन्होंने रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(सामान्य शाखा)

**—: प्रेस विज्ञप्ति :—**

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला अंतर्गत निबंधित/अनुज्ञप्तिधारी मुद्रांक विक्रेताओं द्वारा अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु आवेदन जिला सामान्य शाखा में समर्पित किया गया है। ऐसी संभावना हो सकता है कि कुछ अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अभी तक नवीकरण हेतु आवेदन समर्पित नहीं किया गया है।

ऐसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों को एक बार मौका देने एवं नवीकरण के पूर्व, पूर्व में उपलब्ध कराये गए मुद्रांक से संबंधित बिक्री पंजी को कार्यालय में विधिवत् जमा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः एतद् द्वारा सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अंतर्गत यदि आपके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है तो विधिवत् नवीकरण हेतु आवेदन सामान्य शाखा, हजारीबाग में समर्पित करें तथा यदि आपके द्वारा गत वर्ष/वर्षो का मुद्रांक विक्रय पंजी कार्यालय में जमा नहीं किया गया है तो ससमय जमा कर देंगे। ताकि अनुज्ञप्ति नवीकरण ससमय किया जा सकें। इस संबंध में किसी प्रकार के विलंब की जवाबदेही आपकी होगी।

ह0–

उप समाहर्त्ता प्रभारी, सामान्य शाखा, हजारीबाग | अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। | उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 321170 (District) 23-24 (D)


# झारखंड में उद्योग-व्यापार के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं : राज्यपाल

- चैम्बर के सदस्यों को राज्यपाल ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सिंहभूम चेंबर के पूर्व अध्यक्षों की तस्वीर देखते राज्यपाल।

**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज चेंबर भवन, जमशेदपुर में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में व्यापार एवं उद्यमिता के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। जरूरत है दृढ़ इच्छा शक्ति की। यदि सरकार एवं उद्यमी इसको बढ़ाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति रखते हैं तो निश्चित ही व्यापार एवं उद्योग विकसित होंगे। इनके विकसित होने से झारखंड भी विकसित होगा। विकास कि अवधारणा को फलीभूत करने के लिए विधि-व्यवस्था का होना जरूरी है। विधि-व्यवस्था के ठीक होने से बाहरी निवेशक यहां निवेश करने के लिए इच्छुक होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन, उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग एवं वायु मार्ग को भी विकसित करना पड़ेगा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में हवाईअड्डा के होने से इस क्षेत्र में टरटए काफी संख्या में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि जब वे कायर बोर्ड के अध्यक्ष थे तब उत्पादों में विविधता लाकर एवं ऑस्ट्रेलिया के एक उद्यमी के सहयोग से मार्केटिंग कर कायर बोर्ड की आमदनी को कुछ ही सालों में दुगना किया था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

**ई-प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या– DWSD/RW/RRP-34/2023-24, दिनांक 02.03.2024

| क्र0 | योजना का नाम | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | Changing of Rotten Riser Pipe in I.M-II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well on "TURNKEY BASIS" different Block under D.W.&S. Division, RANCHI WEST, RANCHI for the Year 2023-24 | | | | | |
| 1 | GROUP_RW_RRP – 01 | 232 | 3383567.00 | 67700.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 2 | GROUP_RW_RRP – 02 | 212 | 3091880.00 | 61900.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 3 | GROUP_RW_RRP – 03 | 182 | 2654350.00 | 53100.00 | 5000.00 | 1 माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 02/03/2024 / 04:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– 07/03/2024 / 04:00 बजे अपराहन तक।
4. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस, झारखण्ड मत्रांलय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में अन्तिम तिथि एवं समय :– 07/03/2024 / 04:00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09/03/2024 / 04:00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 321245 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


# एनआईटी जमशेदपुर ने आरएसबी समूह के प्रमुख सहयोग से प्रेरणादायक कार्यक्रम की मेजबानी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



निर्मला बेहरा का अभिनंदन करते एनआइटी जमशेदपुर के डायरेक्टर डा गौतम सूत्रधार।

**जमशेदपुर।** अकादमिक कौशल और औद्योगिक सहयोग की एक अनोखी पहल के रूप में एनआईटी जमशेदपुर ने एक ऐसे कार्यक्रम की मेजबानी की जिसने उपस्थित लोगों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों के साथ ही एक जानी मानी एचआर दिग्गज सुश्री निर्मला बेहरा भी मौजूद रहीं, आरएसबी ग्रुप के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्रों को एक नई दिशा देगा।

एनआईटी के पूर्व छात्र पूर्व छात्र और उद्योगपतिः आर के बेहरा ने इस कार्यक्रम के लिए पहल की। इस सहयोगात्मक प्रयास के केंद्र में आरएसबी ग्रुप की भागीदारी थी, जिसका नेतृत्व संगठन के चेयरमैन और एनआईटी जमशेदपुर के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र श्री आर के बेहरा ने किया। अपने अल्मा मेटर के प्रति श्री बेहरा की प्रतिबद्धता स्पष्ट थी क्योंकि आरएसबी समूह ने शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा देते हुए, आयोजन की सफलता में सक्रिय रूप से योगदान दिया। इसका एक रोमांचक आकर्षण आरएसबी ग्रुप द्वारा प्रायोजन था, जिसने मिनोचर पटेल, एक प्रसिद्ध लेखक और प्रेरक वक्ता को सबसे आगे ला दिया।

# विधायक सरयू राय ने निजी संकल्प के माध्यम से सदन में रखी चार मांगें

- केबुल कंपनी मामले में एनसीएलटी में हस्तक्षेप का सरकार ने दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित केबुल टाउन के घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने की समस्या दूर करने के लिए सरकार ने 15 दिनों का समय लिया है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के निजी संकल्प पर विधानसभा में प्रभारी माननीय मंत्री बादल पत्रलेख ने यह आश्वासन सदन में दिया। बहस के दौरान माननीय विधानसभा अध्यक्ष ने नियमन दिया कि प्रभारी मंत्री एवं विधायक सरयू राय अभी बैठक कर ले और केबुल कंपनी संबंधी समस्या के निराकरण का प्रयास करे। इसके बाद प्रभारी मंत्री, बादल पत्रलेख के कक्ष में विधायक सरयू राय, मंत्री बादल पत्रलेख और उद्योग सचिव, जितेन्द्र सिंह की एक बैठक हुई। बैठक में मंत्री ने आश्वासन दिया कि केबुल कर्मियों का बकाया भुगतान के मामले में एनसीएलटी में हस्तक्षेप करने पर सरकार विचार कर रही है और सरकार कोशिश करेगी कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो जाये।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.
**Very SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/21/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 11.03.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 12.03.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 12.03.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of S.P Office Campus (B Block Collectriate Building), Daltonganj, Palamu. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Estimate for Miscellaneous Work of S.D.O Residence (Repair of Garage, Electrical and Sanitary Fitting of Residence, Leveling of Residence Campus, Fencing Work, RCC Covered Brick Drain, Cow Shed, Watch Tower & Bathroom), Hussainabad, Palamu, Jharkhand. | 3520300.0 | 70500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road From P.C.C Road to Kosiyara Bhalwa River Bridge, Nawadih Kala, Panchayat - Baghmanwa Under Block - Bishrampur, Palamu. | 2336500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अद्यतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 321275 Building(23-24)D


# जमशेदपुर महिला विवि का माहौल ऐसा बने कि देशभर से छात्राएं यहां पढ़ने आयें: गवर्नर

- जमशेदपुर महिला विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह को कुलाधिपति ने किया संबोधित
- सावित्रीबाई फुले सेंट्रल लाइब्रेरी एवं सुवर्णरेखा ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



एक छात्रा को डिग्री देकर सम्मानित करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन। साथ में कुलपति डा अंजिला गुप्ता।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर पर वतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृषण ने अपने संबोधन में कहा आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है कि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह मनाया जा रहा है, जो लौह उद्योग और खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र में स्थित है। यह वास्तव में एक उत्साह का क्षण है क्योंकि हम छात्राओं की वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण की परिणति देख रहे हैं। उनहोने सर्वप्रथम, डिग्री प्राप्त करने वाली सभी बेटियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ हीं कहा आपकी उपलब्धियां आपकी दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। इस हर्ष की बेला में, उनके परिजनों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय परिवार से जुड़े सभी लोगों को भी बधाई और शुभकामनाएं के पात्र है। आगे कहा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में जमशेदपुर महिला विवि का कोल्हान क्षेत्र में एक विशेष स्थान रखता है। एक इंटरमीडिएट कॉलेज के रूप में अपनी शुरूआत से लेकर एक पूर्ण विश्वविद्यालय के रूप में विकसित होने तक, जमशेदपुर महिला विवि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

## स्पीड न्यूज

### अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन



अतिथि का स्वागत करते कार्यकर्ता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शनिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपायाय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ की गई। मौके पर मुख्य अतिथि लड्डू खान ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में ऐतिहासिक विकास किया है। भाजपा ही अल्पसंख्यक समाज का विकास कर रहा है। आजादी से लेकर अब तक दूसरे दलों के लोग अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल किया। झामुमो कांग्रेस के लोग अपने फायदे के लिए अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अब अल्पसंख्यक समुदाय जग गया है। अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के साथ खड़ा है आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के साथ पुरी तनमयता के साथ रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है। उसी के तहत हर समुदाय के लिए काम कर रहा है। भाजपा सरकार ही विकास कर सकता है, बाकी झामुमो कांग्रेस सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे रहते हैं। भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। झामुमो सरकार में गढ़वा पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। कार्यक्रम को भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी ने की। मौके पर जिला महामंत्री अंसाद बाबु, खुर्शीद आलम, हाजी गुलजार, सब्बा नवाजिश, मंतव अंसारी, शमीम अंसारी, लाल मोहम्मद, मोरसलीम अंसारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मतदाताओं की जागरूकता के लिए चार को चलेगा सोशल मीडिया अभियान : डीसी




बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से संपूर्ण झारखंड में चार मार्च से सोशल मीडिया अभियान हैषटैग आईएम वेरिफाइड वोटर का संचालन किया जाना है। उक्त अभियान के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराने एवं अभियान का जिला में सफल आयोजन के लिए शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं वार्ड सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में सभी दलों के लोगों एवं वार्ड सदस्यों से सोशल मीडिया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान को जन जन तक फैलने की अपील की गई। बैठक में डीसी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता इस अभियान से जुड़ते हुए अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर या वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देखकर अपने बीएलओ के साथ एवं अपने मतदाता सूची के साथ सेल्फी लेकर हैशटैग आईएम वेरिफाइड वोटर के साथ अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जरूर पोस्ट करें। जिससे अन्य मतदाताओं को भी जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के वोटर की तुलना में शहरी क्षेत्र के वोटर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अधिक आवश्यकता है क्योंकि प्राय: यह देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहता है जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसलिए हम स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करें। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।

### केतार में श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ



कलश यात्रा में उपस्थित लोग

**केतार।** श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा शक्ति स्वरूपा मां शायरी भगवती मंदिर परिसर पाचाडुमर में शनिवार से प्रारंभ हो गया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 2 मार्च से 8 मार्च तक होने वाला श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का शुभारम्भ भी हो गया। श्री भागवत कथा प्रसिद्ध कथावाचक मुख्य कथा व्यास– श्री श्री 1008 श्री काशी वासी महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज के श्रीमुख से होगी। शोभा यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं। मुख्य कथा व्यास– महंत रामेश्वर दास जी महाराज ने भागवत कथा की महत्व ज्ञान, भक्ति, वैराग्य की चर्चा एवं नारद को भागवत कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पाप नाश होते हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस कलयुग के समय में सभी भक्तजन श्रीमद् भागवत कथा सुन अपना कल्याण करें। मौके पर अध्यक्ष गुड्डन पासवान, सचिव संतोष कमलापुरी, कोषाध्यक्ष नंदू प्रसाद, संरक्षक रविंद्र पासवान, प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्यामसुंदर बैठा, समाजसेवी पंकज सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, राजनाथ महतो, मोहन महतो, पिंटू, राहुल, मुरारी, विकास, बबलू, माना मिसिर, बबलु रजक सहित काफ्फी संख्या में लोग उपस्थित थे।

उद्घाटन मौके पर होगा चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# सीएम का आगमन आज



नवनिर्मित समाहरणालय भवन



कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में 3 मार्च रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आगमन होगा। इस दौरान वे पांच बड़ी योजनाओं नवनिर्मित समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, फुटबॉल स्टेडियम एवं नीलांबर-पीतांबर बहुदेष्यीय सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन एवं उद्घाटन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उद्घाटन समारोह के मौके पर चार दिवसीय भव्य सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश भर के बड़े-बड़े नामी गिरामी कलाकार शामिल होंगे। इस दौरान गढ़वा वासियों को एक से बढ़कर एक सांसतिक प्रस्तुति देखने को मिलेगी। उद्घाटन तिथि की पूर्व संया पर गढ़वा में संया 6:30 बजे महाकाल की झांकी के साथ रोड शो का आयोजन किया जाएगा।


जानकारी के अनुसार तीन मार्च को दोपहर 12 बजे गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हल) के मैदान में पद्मश्री मुकुन्द नायक एंड टीम द्वारा झारखण्डी लोक सांस्कृति की झलक एवं कत्थकली नृत्य, संध्या 630 बजे बिरसा मुण्डा पार्क सह हेलीपैड कल्याणपुर में गंगा आरती, संध्या 730 बजे गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हल) के मैदान में सुविख्यात गायक कुमार सत्यम एवं लोकगीत गायक चंदन तिवारी द्वारा गीत-गजल की प्रस्तुति की जाएगी। चार मार्च को संया 730 बजे गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हल) के मैदान में गजल सम्राट अनुप जलोटा एवं लोकगायक भरत शर्मा व्यास द्वारा गजल, भजन संया व लोकगीत की प्रस्तुति की जाएगी। जबकि पांच मार्च को संया 730 बजे स्थान गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हल) मैदान में लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में चुनाव को लेकर अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा करने के साथ साथ जिले के सभी मतदान केंद्रों में 4 मार्च से चलने वाले सोशल मीडिया अभियान आईएम वेरिफाइड वोटर कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंडों के बीडीओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और विभागों के प्रधान सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 4 मार्च से आईएम वेरिफाइड वोटर अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को हरहाल में सफल बनाना है, आपलोग अपने अपने क्षेत्रों के प्रत्येक मतदाताओं से अपील करें कि निर्धारित तिथि को सम्बंधित मतदान केंद्र पहुंच कर केंद्रों में अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची अथवा ऑनलाइन के मायम से अपने पहचान पत्र का सत्यापन करें, यदि उनका नाम सूची में दर्ज नही है अथवा कोई त्रुटि हो तो अविलंब सुार हेतु आवेदन पत्र समर्पित करने की जानकारी दें, साथ ही इस अभियान का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम, निदेशक डीआरडीए गोरांग महतो, डीएसओ अविनाश पुरेन्दू, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, प्रखंडों के बीडीओ आदि मौजूद थे।

## पौराणिक महत्व की वजह से आस्था का केंद्र बनकर उभर रहा ध्वजाधारी धाम

### महाशिवरात्रि पर्व पर दो दिनी मेला की शुरूआत 8 से 9 मार्च



उमा शंकर

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय से सटा ध्वजाधारी धाम अपनी पौराणिक महत्व की वजह से आस्था का केंद्र बनकर उभर रहा है। महाशिवरात्रि को लेकर अभ्रक नगरी में तैयारी शुरू हो गई है। दो दिनी मेला महाशिवरात्रि पर्व पर शुरूआत 8 मार्च से 9 मार्च तक होगी, जहां शिव भक्ता का भीड़ उमडेगी। इसे लेकर रूप रेखा में मंदिर के सदस्य जुट गए है।

वहीं झुमरीतिलैया सहित जिले के विभिन्न इलाकों में इस दिन शिव बारात निकालने के साथ-साथ भजन कीर्तन अखंड हरी कीर्तन के लिए गायकों की बुकिंग व भंडारे के लिए कैटरर की भी बुकिंग की गई है। मंदिर का रंग-रोगन लाइटिंग सज्जा की भी तैयारी की जा रही है। इसे लेकर शहर के झरनाकुंड में भी हजारों शिव भक्त पूजा-अर्चना के लिए जुटते है। इधर कोडरमा के ध्वजाधारी धाम में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है एवं झारखंड व बिहार राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त 777 सीढ़ी चढ़कर बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगें, इतनी लंबी और उंची सीढ़ी चढ़ने का थकान आस्था के अटूट रिश्ते के कारण छू मंतर हो जाती है।

महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी ने बताया कि यहां पूजा के अलावा मेले का भी आयोजन होता है। दो दिवसीय मेले में अखंड हरी कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव 777 सीढ़ी चढ़कर जायजा लिया और महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी से मिलकर बातचीत की। मेले को देखते हुए ध्वजाधारी धाम में अस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा। जहां पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

वहीं नगर पंचायत साफ-सफाई एवं पेयजल आदि की व्यवस्था करेगा। कर्दम ऋषि के तपस्या से खुश होकर भगवान भोलेनाथ ने त्रिशूल और वजा लेकर दर्शन दिया था। तब से लोगों की आस्था है कि भगवान शिव ध्वजाधारी में विराजमान हैं। भगवान भोलेनाथ के भक्त और ध्वजाधारी धाम में आस् रखने वाले मन्नतें मांगते हैं। जिन लोगों की मुरादें पूरी हो जाती है, वे वजाारी ाम में त्रिशूल और वजा चढ़ाते है एवं कई संस्कार भी होते हैं।

## स्टेडियम निर्माण की मांग को ले गोलबंद हुए ग्रामीण, सरकार से खेल प्रतिभा को संरक्षण देने की मांग

### 11.25 एकड़ जमीन को श्रमदान कर ग्रामीणों ने बनाया है सार्वजनिक खेल मैदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** विधानसभा सत्र के दौरान झरिया विधायक ढुल्लू महतो द्वारा स्टेडियम निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाये जाने के तुरंत बाद खेल मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा भूमि मिलते ही स्टेडियम निर्माण की घोषणा के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के बीच उत्साह का माहौल है। जिलों में स्टेडियम निर्माण के प्रति खेल मंत्री की सजगता से उत्साहित खिलाड़ियों में अब फिर से खेल भावना जागृत होने लगी है। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने कहा है कि खेल मंत्री हफीजुल हसन खेल प्रतिभा को संरक्षण देने की दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहे हैं। ऐसे में अगर सरकार और जिला प्रशासन को भूमि उपलब्ध हो तो स्टेडियम निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। जिससे ग्राम और पंचायत स्तर पर अपने प्रतिभा और कौशल को व्यवस्था के अभाव में त्यागने को मजबूर प्रतिभावान ग्रामीण खिलाड़ियों को नियमित प्रैक्टिस के साथ-साथ अपना प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण प्लेटफार्म मिल सकता है। खेल मंत्री द्वारा सभी जिलों में स्टेडियम निर्माण की घोषणा किये जाने के बाद खेल मैदान विकास को लेकर जिले के पत्थलगड्डा प्रखंड के तेतरिया धर्मशाला परिसर में दो गांवों के ग्रामीणों की मैराथन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी ज्ञानी राम दांगी ने की। इस बैठक में लेंबोईया और तेतरिया गांव के सैंकड़ो ग्रामीण व खेलप्रेमी शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने लेंबोईया और तेतरिया गांव के सीमाने पर स्थित भूमि पर श्रमदान और आपसी सहयोग से बनाए गए सार्वजनिक खेल मैदान के विस्तारीकरण व उत्थान की बात कही। साथ ही उक्त भूमि पर स्टेडियम निर्माण की मांग को ले सरकार व जिला प्रशासन से सकारात्मक पहल करने की अपील करने का निर्णय लिया। बैठक में मौजूद ग्रामीणों के अनुसार खाता संख्या 143 व प्लॉट संख्या 859, रकबा 11.25 एकड़ जमीन को सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में चिन्हित किया गया है। जिसपर आपसी सहयोग व श्रमदान कर ग्रामीणों के द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व मिट्टी भराई और समतलीकरण का कार्य भी कराया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पहल करते हुए सरकार से उक्त भू-भाग में स्टेडियम बनाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार विगत वर्ष 2014 में ही गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक चरण बैठा व अन्य गणमान्य खेल प्रेमियों के द्वारा यहां खेल मैदान बनाने की शुरूआत की गई थी। ग्रामीणों के अनुसार यहां स्टेडियम निर्माण से लेम्बोइया व तेतरिया समेत आसपास के दर्जनों गांवों के बच्चों के लिये खेल मैदान उपलब्ध हो सकेगा। जिससे यहां के बच्चे नियमित प्रैक्टिस कर जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के साथ राष्ट्र स्तर पर अपने प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। सार्वजनिक खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण की मांग को लेकर जल्द ही ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल खेल मंत्री, चतरा विधायक सह श्रम मंत्री, सांसद, सिमरिया विधायक व डीसी से भी मुलाकात करेगा।

### श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के जामु पंचायत स्थित राणा मुहल्ला में श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह व पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, मुखिया नीता कुमारी, पूर्व जिप सदस्य कैलाश यादव, यज्ञ समिति अध्यक्ष बीरेंद्र राणा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ यज्ञ स्थल से निकलकर सर्वप्रथम सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना करने के बाद बिनडा रोड होते हुए कोसडीहरा, चक, महुआटांड, सिमरिया, खैरौंन होते हुए दशारो स्थित केशव नदी पहुंची।

Government of Jharkhand
District Health Society, Gumla
Department of Health, Medical Education & Family Welfare
Mail ID: cs.gumla@gmail.com

Tender Notice No.-836 **Very Short Tender notice** Date:-02.03.2024

Civil Surgeon cum CMO, Gumla invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of printed/IEC & Other materials required in District Health Society, Gumla**

**TENDER FOR RATE CONTRACT FOR THE SUPPLY OF different kind of printed/IEC & Other material required in DHS Gumla DETAILED TENDER NOTICE**

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 03.03.2024 |
| Bid Submission Start Date | 04.03.2024 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 10.03.2024, 05.00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 11.03.2024, 03.00 PM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified Later |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5,000.00 in favour of District Health Society, Gumla, Payable at Gumla. |
| Earnest Money Deposit | 50,000.00 in favour of District Health Society, Gumla, Payable at Gumla. |
| Contact/Helpline No. | 9430138701 |

Note: 1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2. Detailed Bid document can be seen and downled from website http://gumla.nic.in Hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original/Application Fee & Earnest Money Deposit.

PR 321295 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D **Civil Surgeon cum CMO, Gumla.**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा (समग्र शिक्षा अभियान)
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401
दूरभाष: (06541) 253924, इमेल-chatrajepc@ymail.com

**नामांकन के संबंध में सूचना**

**नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के 12(1) C के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का न्यूनतम 25% प्रवेश कक्षा में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नामांकन**

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अन्तर्गत निर्धारित प्रावधान के अनुसार निम्नांकित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की न्यूनतम 25% सीट पर जिले के तीन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नामांकन हेतु Online Portal, https://rtechatra.in तैयार किया गया है। ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि 02.03.2024 से 12.03.2024 निर्धारित है। फार्म भरने हेतु विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र.स. | विद्यालय का नाम | प्रवेश वर्ग में कुल सीट | 25% नामांकन हेतु सीट की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल चतरा | 30 | 8 |
| 2 | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल, बचरा, टण्डवा, चतरा | 30 | 8 |
| 3 | ईन्दुमति टिबडेवाल विद्या मंदिर, चतरा | 35 | 9 |

PR 321169 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झा०शि०प०,चतरा

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार
ई– निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 05/R2/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 29.02.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR 8/ STPKG-02/2023-24 | मेराल से जानीजबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.850 कि०मी०)<br>T06 से हुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.180 कि०मी०)<br>मोहनपुर से तासु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 5.600 कि०मी०)<br>ईचाक से टोंगरीटोला दुधीमाटी लावागढ़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 4.350 कि०मी०)<br>मटलौंग बाजारटांड से नुनकोकवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.250 कि०मी०)<br>मटलौंग बैदा आहर से मेन रोड हेरहंज भाया खपराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.225 कि०मी०) | 1297.368 | रु० बारह करोड़ सन्तान्बे लाख छत्तीस हजार आठ सौ रुपये मात्र। | 15 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.03.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 11.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 13.03.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 321202 REO(23-24)D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 17/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 29.02.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राकलित राशि अंक में (लाख) | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA /40/ 2023-24 | ईटखोरी प्रखण्ड के करनी पंचायत अन्तर्गत ग्राम पिपरा आर.ई.ओ. रोड से चोरकारी मंडप होते हुए हुडिया मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं.– 2.500 कि.मी.)। | 317.894 | तीन करोड़ सतरह लाख नवासी हजार चार सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 13.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 321162 (Rural Work Department)23-24*D

OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA.
(districtboardchatra@gmail.com)
Expression of Interest (very short)

EOI No.:- EOI-61/2023-24_2nd call

The **District Engineer, District Board, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. in chatra lok sabha as per details hereunder.

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for SITC of Infant baby warmer machine at various CHC/HSC/PSC/Hospitals in Chatra Lok Sabha |
| 2. | Estimated BOQ Amount | Rs. 6000000.00 (Sixty lakh only) |
| 3. | Completion Period of work | 04 months |
| 4. | Tender fee | Rs. 10000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 120000.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | 04.03.2024 Time: 11:00AM |
| 7. | Start Date/time for Online Submission of bid | 04.03.2024 Time: 11:00AM |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 09.03.2024 Time: 17:00PM |
| 9. | Technical Bid Opening Date and Time | 11.03.2024 Time: 10:00AM |
| 10. | Place of Opening Bid | O/o the District Board Chatra |
| 11. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, District Engineer District Board chatra. |
| 12. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

Note:
1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhand tenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from
3. No hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However ZP Chatra/Department may ask original documents for verification before award of contract.
4. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use Internet Banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS Challan generated for the tender from www.jharkhandtenders.gove.in portal
5. Refund will only be issued to the originated bank account use for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/ (NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
6. L-1 Bidder online EMD submitted amount will be refunded in the same bank account through which online tender fee and EMD fee payment has been done after AOC process.
7. Companies registered under Jharkhand MSME/MSME under Gov. of India for said work are exempted for EMD Submission.

District Engineer
District Board Chatra

PR 321167 District(23-24)D

# निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने लोक सभा आम चुनाव को लेकर की प्रेसवार्ता

## आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का प्रारम्भ चार मार्च से

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते उपायुक्त गरिमा सिंह।

**लातेहार।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जानकारी देते हुए बताया की आई एम भेरिफाईड वोटर अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर 04 मार्च को किया जायेगा। उक्त अभियान के तहत जिलें के प्रत्येक मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन वोटर हेल्पलाईन एप्प या वोटरर्स सर्विस पोर्टल (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जाँच कर संतुष्ट हो सकते है। उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करेंगे। इस अभियान में बीएलओ यह सत्यापन करेंगे कि सभी सुयोग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो तथा दर्ज हर मतदाता के पास अपडेट EPIC हो। इस कार्य में सभी राजनीतिक दलों, मतदाताओं, विभिन्न एजेसियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों आदि सभी से सहयोग अपेक्षित है। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि अब तक लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 557912 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 73 मनिका विधान सभा अन्तर्गत 256761, एवं 74 लातेहार विधान सभा अन्तर्गत 301151, फर्स्ट टाइम वोटर्स 22644 मतदाताओं की संख्या है। ऐसे में आप सभी मीडिया प्रतिनिधियां से आग्रह होगा कि आगामी लोक सभा आम चुनाव में आप सभी के सहयोग से मतदाताओं को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। प्रेस वार्ता में निवार्ची पदाधिकार सह अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि व संबंधित विभाग कर्मी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भाजपा नेताओं ने चलाया लाभार्थी जनसंपर्क अभियान, एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने की अपील

● अंतिम वर्ग तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंचाना भाजपा का मूलमंत्र : सुनील सिंह


अभियान चलाते भाजपा नेता।

**बरवाडीह।** बरवाडीह मण्डल अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में शनिवार को मण्डल के उपाध्यक्ष सुनील सिंह और भाजपा नेत्री बरवाडीह मुखिया कालो देवी के नेतृत्व में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकताओं के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभांवित हुए लाभार्थियों के घर पर स्टीकर चिपकाकर उनके बीच मोदी जी का पत्र वितरण किया गया तथा पीएम मोदी को पुनः सेवा का अवसर देने की अपील की गई। जहां सुनील सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में कोई भी वर्ग ऐसा अछूता नहीं रह गया है, जिसको केंद्र सरकार द्वारा लाभ प्राप्त न हुआ हो। हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता लाभार्थियों के बीच जा रहे हैं, और उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया निवेदन उनको बता रहे हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में चल रही भाजपा सरकार का एक ही मूल मंत्र है कि हर समाज के अंतिम वर्ग तक लाभ पहुंचाना। जिसके तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुक्त राशन, 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का घर, 14 करोड़ से अधिक घरों में नल द्वारा जल, 53 लाख रेडी पटरी वालों को ऋण वितरण, 51 करोड़ से अधिक जनधन खाते, 11 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि, निशुल्क एलपीजी कनेक्शन, शौचालय का निर्माण, आयुष्मान भारत और अनेको अनेक योजनाएं का लाभ सीधा सभी वर्ग के जरूरतमंद व्यक्ति को मिला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लोगों के दिलों पर राज करते हैं, इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष का सफाया होना निश्चित है, और इस बार 400 पार सीट जीतकर पीएम मोदी की अगवाई में भाजपा एक नया कीर्तमान बनाएगी।

### बरवाडीह में सड़क सुरक्षा अभियान का प्रभाव बेअसर, कैसे थमेगा सड़क हादसा

● नाबालिक बाइकर्स की रफ्तार शहर में मचा रही है तांडव



**बरवाडीह।** जिला एवं प्रखंड प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान का असर अभिभावकों पर नही पड़ रहा है, तभी तो आए दिन तरह-तरह का सड़क हादसा देखने को मिल रहा है। जब अभिभावक को ही किसी बात का डर नही है तो नाबालिक बाइकर्स भला अपने और सामने वालों के जान की परवाह क्यों करेंगे। अभिभावक अपने नाबालिक बच्चों के हाथ में बाइक थमा कर बाइकर्स बना दे रहे है, और वही बच्चे सड़क पर आने के बाद भीड़-भाड़ वाले इलाकों में तेज तेज रफ्तार में बाइक चला रहें है। जिसके कारण आए दिन सड़क हादसों में बढोतरी हो रही है। ज्ञात हो कि प्रशासन हमेशा अभिभावकों से अपने नाबालिक बच्चों को गाड़ी न देने, लिमिट स्पीड में चलाने, हमेशा हेलमेट का इस्तेमाल करने की अपील करती है। वहीं प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा रैली, नुक्कड़ नाटक समेत कई विकल्पों के माध्यम से सड़क हादसे में होने वाले नुकसान व परिवार में होने वाले परेशानियों को बताने के साथ-साथ जागरूक भी किया जाता है। वहीं प्रशासन द्वारा आए दिन वाहन चेकिंग अभियान चला कर वाहन चालकों को नियमों का पालन की नसीहत दी जाती है। प्रशासन द्वारा वाहन चालकों को यह बताया जाता है कि अगर आप सबों के द्वारा नियमों का पालन किया जाए, तो सड़क हादसों में काफी कमी आ सकती है, पर इसका असर वाहन चालकों पर जरा भी नही होता। जब तक चौक-चौराहों पर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है, उस समय तक लोग अपनी वाहन को घर में लगा देते है या फिर अपना रास्ता ही बदल लेते है। और फिर चेकिंग अभियान समाप्त होते ही अभिभावक एवं बाइकर्स अपने हरकत में आ जाते है। सारे नियम कानून को ताख पर रख कर अपने नाबालिक बाइकर्स बच्चों को गाड़ी देकर सड़क पर उतार देते है, और फिर उन बाइकर्स की तेज रफ्तार पूरे शहर में तांडव मचाती है। जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।


### सरईडीह 10 प्लस टू विद्यालय में छात्र छात्राएं को बीडीओ ने की सम्मानित

● छात्र-छात्राएं को प्रमाण पत्र प्रदान होने से बढ़ेगी मनोबल: संतोषी


छात्रों को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि व अन्य।

**बेतला।** बारवाडीह प्रखंड के पोखरी कला अंतर्गत संचालित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय सरईडीह के प्रांगण में सरकार के माध्यम से संचालित छात्र-छात्राओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर और बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने शिरकत की। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश टोप्पो के द्वारा जिला परिषद सदस्य, एवं बीडीओ और मुखिया बुद्धेश्वर सिंह समेत अन्य अतिथियों को पुष्प और अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा ने कही कि छात्र-छात्राओं के किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण होना भी अति आवश्यक है, जिसे प्राप्त कर सभी छात्र-छात्राएं अपने बेहतर भविष्य के सपने को साकार कर सकते हैं, वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में शिक्षा से जुड़े प्रतिभा की कमी नहीं है, बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को निखारने और बेहतर दिशा देने की। वहीं जिला परिषद की सदस्य संतोषी ने भी लोगों को संबोधित की। मौके पर प्रधानाध्यापक उमेश टोप्पो के साथ गुलाम गौस, काशिफ अंसारी, अंगद सिंह, मुक्ता मिंज फुलमनी टूटी, संगीता कुजूर, श्वेता मिंज, दोमणिका अमृता टेटे, सोनी, नुसरत, उज्ज्वल कुमार, मनु सिंह काशिफ कमर, मो. आमीन साईं, अभय शुक्ला, हरेंद्र राम जय कुमार सिंह जानू , विजय प्रसाद समेत अन्य काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

### मदरसा खैरुल उलूम में सालाना तालीमी मुजाहिरा सह मुशायरा का कार्यक्रम सम्पन्न


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**चंदवा।** शहर से सटे तिलैयाटाँड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में शनिवार को दो दिवसीय तालीमी मुजाहिरा सह मुशायरा कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो. एहसान ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन मदरसा खैरुल उलूम के नाजिम मौलान रिजवान दानिश नदवी कर रहे थे। जलसा की शुरूआत कारी वाहजुल हक साहब के द्वारा प्रस्तुत तिलावत ए कुरान पाक से की गई। जलसा में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किए गए बेहतर कुरान, नात, स्पीच, तकरीर सुनाने वाले बच्चों को पुरस्कार से नवाजा गया। जलसे में चतरा से आये मुफ़्ती नजर ए तौहीद ने अपने बयान में कहा कि इल्म ही सबसे बड़ी दौलत है। अपने बच्चों को अच्छी तालीम देना हर अभिभावक का फर्ज है। अपने बच्चों को कुरान पाक की तालीम दें। कुरान मानवता की तालीम देता है। बच्चे उर्दू अरबी और हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी भाषा की भी शिक्षा प्राप्त करें।

## स्पीड न्यूज

### हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन प्रतिमा का हुआ नगर भ्रमण


नगर भ्रमण करते हुए।

**चंदवा।** शहर से सटे कानोडिया पेट्रोल पंप की गली में नव निर्मित सिद्धि विनायक संकट मोचन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को भव्य शोभायात्रा के साथ सूर्य नारायण, हनुमान व गणेश भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। शोभा यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई जो मुख्य बाजार, सुभाष चौक, गैरेज लेन, इंदिरा गांधी चौक होते पुनः मंदिर प्रांगण पहुंच कर सम्पन्न हुई। इसके पूर्व शुक्रवार से शुरू हुई 24 घंटे का अखंड पूणार्हुति के उपरांत आचार्य पंडित अभिषेक द्विवेदी, पंडित आशीष मिश्रा, नीलम तिवारी व नीरज कुमार के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य यजमान जगन्नाथ जायसवाल, बंशी जायसवाल, राजकुमार जायसवाल सपत्नीक ने उनका साथ दिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को प्राण प्रतिष्ठा, हवन के उपरांत संध्या 4:00 बजे से भंडारा कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनाथ गुप्ता उर्फ रामबाबू, जगन्नाथ जायसवाल, अमोद कुमार/विक्की शर्मा, राहुल कुमार, रामकुमार साहू, अमरदीप साहू, प्रमोद साहू, मनोज कुमार, बबलू कुमार, मोहनीश कुमार बिक्की, विकास मित्तल समेत कई लोग लगे हुए हैं।

### शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू


कलश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक व अन्य ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ आदर्श नगर में आयोजित सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। जहाँ बनारस से आये स्वामी श्री शेषानारायणचार्य जी महाराज ने मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ कलस शोभा यात्रा को निकाला, कलश शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर मुरपा मोड़, ब्लॉक, होते हुवे मकैया टांड पहुँची जहाँ यज्ञ आचार्य जय प्रकाश उपाध्याय द्वारा पूजा किया गया उसके बाद श्रद्धालुओ द्वारा कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुँचे। इस कलस यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्त जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी के नारे से पूरा माहौल भक्तिमय रहा। ज्ञात हो कि बालूमाथ आदर्श नगर में सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जहाँ तीन मार्च से यज्ञ प्रारंभ, प्रवचन एवं रामलीला का आयोजन किया गया है एवं 7 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा तथा 9 मार्च को पूणार्हुति की जाएगी। इस कलस यात्रा में भाजपा पूर्व विधायक प्रकाश राम, जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, पूर्वी जिला परिसद प्रियंका कुमारी,शिक्षक निर्मल कुमार सिन्हा, मनोज कुमार यादव, दशरथ पासवान,गजेंद्र चौबे, रति गंझू, धनुषधारी गंझू, प्रदीप गंझू, रवि सिंह ,शैलेश सिंह, राजकुमार भगत, लाल देव गंझू, अखिलेश भोगता, अवधेश भगत, रवि सिंह, जगनारायण पाठक, दीपक यादव, उपेंद्र रंगीला समेत कई लोग मौजूद रहे।

### हर घर नल जल योजना में भारी अनियमितता बरतने का आरोप

● ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का आवेदन सौप की जांच की मांग


घटिया पाईप।

**चंदवा।** हर घर तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही है जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर नल जल योजना चंदवा में अनियमित की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। अनियमित को लेकर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीण लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन कार्य मे लगे संवेदकों पर कोई कार्रवाई नही हो रही है। ताजा मामला प्रखंड के बारी पंचायत से आया हैं, जहां बारी पंचायत के ग्रामीणों ने जल आपूर्ति विभाग के नाम आवेदन सौंप कर हर घर नल जल योजना में गड़बड़ी किये जाने का आरोप लगाया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि संवेदक द्वारा मिली भगत कर तय मानक के विपरीत घटिया क्वालिटी के पतला पाइप लगाया जा रहा है, साथ ही एक ही घर मे दो-दो नल दिया जा रहा है जबकि एक घर मे एक नल ही लगाना है।

## मंगरा शक्ति केंद्र में भाजयुमो ने किया युवा चौपाल का आयोजन

### 2024 में युवा वर्ग मोदी जी को अपना मत देकर सत्ता में लाएगी : विकास सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


युवा चौपाल लगाते भाजयुमो कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा शक्ति केंद्र अंतर्गत डोरामी गांव में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया और मोदी जी को 400 लोकसभा सीटों के साथ पुनः एक बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। जहां विकास सिंह ने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर गरीब को छत, निःशुल्क राशन, मुफ्त इलाज, शौचालय, जनधन खाता, पीएम किसान सम्मान, स्वनिधि योजना के साथ साथ युवा वर्ग के लिए कई योजनाओं को संचालित किया हैं। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभार्थी घर-घर में है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में एक-एक व्यक्ति और हर युवा मोदी सरकार को मत देकर फिर से सत्ता में लाएगा। इस दौरान उपस्थित युवाओं ने भी मोदी जी को ही वोट देने की बात कही। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह, दिलीप यादव, भाजपा उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, महामंत्री पारस जायसवाल, हेमंत कश्यप एवं महिला मोर्चा की सदस्य रूपानी देवी जी उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई एक की मौत, दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्तिथ टमटम टोला पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित पेड़ से जा टकराई जिसमे सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपेश उराव 15 वर्ष पिता महेश उरांव,आशीष उरांव 16 वर्ष पिता राजदेव उराँव, सुदेश उराँव 21 वर्ष पिता रामवृक्ष उराँव ग्राम गेरेन्जा थाना बालूमाथ निवासी बरियातू बाजार से अपने घर वापस गेरेन्जा लौट रहे थे। इसी दौरान टमटम टोला स्थित पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से पेड़ से जा टकराई। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए ।सभी घायलों को स्थानीय लोगो की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जहां इलाज के दौरान सुदेश उराँव की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिए हैं वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने मंत्री हफीजुल हसन से की मुलाकात

### पर्यटन ही लातेहार जिले की आर्थिक रीढ है: नसीम अंसारी

● लातेहार जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं पर हुई विशेष चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता


मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात करते नसीम अंसारी।

**बरवाडीह।** शनिवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह बरवाडीह प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अरशदुल कादरी ने राज्य सरकार के अल्पसंख्यक विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति व खेल मंत्री हफीजुल हसन से उनके रांची स्थित आवास में शिष्टाचार मुलाकात की और बुके भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान नसीम अंसारी ने प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के विकास और उत्थान को लेकर चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। इसके अलावा श्री अंसारी ने लातेहार जिले अंतर्गत अवस्थित विभिन्न पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें इनकी अलौकिक सौंदर्यता से अवगत कराया और जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में पहल करने की मांग की। नसीम अंसारी ने बताया कि लातेहार जिले में पर्यटन विकास के क्षेत्र में असीम संभावनाएं है। मिरचैया फॉल, सुगाबांध, लोध फॉल, बेतला नेशनल पार्क, नेतरहाट, केचकी संगम, पहाड़ी मंदिर, ततहा पानी और मण्डल आदि तमाम पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर चर्चा करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि इन पर्यटन स्थलों का विकास होने से जिले में रोजगार को तो बढ़ावा मिलेगा ही साथ ही पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। क्योंकि पर्यटन ही लातेहार जिले की आर्थिक रीढ हैं। इस दौरान उन्होंने मंत्री हफीजूल हसन को पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बेतला नेशनल पार्क आने का न्योता दिया। मौके पर कांग्रेस नेता मो.सईद अंसारी भी मौजूद थे।

### बीडीओ ने निर्वाचन संबंधित कार्यो को लेकर की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश


समीक्षा बैठक करती बीडीओ।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ निर्वाचन सबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। जिसके अंतर्गत वैसे मतदाता जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है, दिव्यांग मतदाता, सरकारी कर्मी जो मतदान केंद्र में उपस्थित होकर वोट देने में सक्षम नहीं है, उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट करने हेतु जानकारी देने के साथ-साथ मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ करने, चुनाव पाठशाला का संचालन करने आदि सभी बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही पीपीटी के माध्यम से सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को उनके निर्वाचन संबंधित उत्तरदायित्व एवं जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ से कहा कि क्षेत्र में मतदाताओं द्वारा यह भी सुनने और देखने को मिलता है की पोलिंग बूथ काफी दूर है, और उनलोग के पास जाने की सुविधा नही है। जिसके कारण हमलोग वोट देने जाने में असमर्थ हो जाते है। बीडीओ ने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे जगहों को चिन्हित कर वहां जा कर लोगो को मतदान के लिए जागरूक करना है। उन्हे उनके अधिकार के बारे में बताना है, ताकि मतदाता किसी के बोलने पर भी अपना मतदान करने से ने रुके और पोलिंग बूथ पर जा कर अपना मतदान करें।

### नाली निर्माण का जिप उपाध्यक्ष ने किया उद्धाटन


उद्घाटन करती जिप उपाध्यक्ष।

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मासियातु ग्राम में शनिवार को 15वीं वित मद से तीन लाख छत्तीस हजार की लागत से बनने वाले जय मंगल उरांव के घर से विनय यादव के घर तक नाली निर्माण का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए जिप उपाध्यक्ष ने कहा क्षेत्र की विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। जल-नल योजना से लेकर सभी विकास योजनाओं का कार्यान्वयन ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण हो ऐसा मेरा प्रयास होगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी योजना में गुणवत्ता में लापरवाही बरती जा रही है तो सूचित करें।

## पुलिस ने बाईक से अवैध कोयला ले जाने वाले नौ लोगों को दबोचा, भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता


जब्त बाईक।

अवैध कोयला की ढुलाई कर रहे नौ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बारियातू।** बारियातू थाना पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाकर से अवैध कोयला चोरी कर ले जाते नौ लोगों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि बालुमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम को गुप्त सुचना मिली थी की कुछ बाईक वाले बाईक से साईडींग मे गिरे कच्चा कोयला लॉड कर अवैध तरीके से बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता के साथ थाना स्तरीय एक छापामारी दल का गठन किया। छपामारी दल ने टोंटी हेसला, रहिया मोड़, सरहचवा, अलखडिहा के अलावे अन्य स्थानों पर छापामारी अभियान चला कर हेसला की ओर से आ रहे नौ मोटरसाइकिल सवारों को रोक कर मोटरसाइकिल पर लदा कोयला से संबंधित कागजात की मांग की गई। बाईक चालकों द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। सख्ती बरातने पर सभी लोगों ने बताया कि हमलोग अमरवाडीह स्थित फुलबसिया कोल साईडींग से कोयला चोरी कर मोटरसाइकिल द्वारा परिवहन कर आसपास के क्षेत्रों में बिक्री करते हैं। चोरी के आरोप में सभी को बाईक पर लदे अवैध कोयला सहित थाना लाया गया। जिसमें प्रकाश कुमार यादव उम्र लगभग 34 वर्ष पिता चेतलाल यादव गांव बान्दु थाना लावालौंग, राजु कुमार गंझु उम्र 28 वर्ष पिता जनेश्वर गंझु, विशुन्देव कुमार उम्र 30 वर्ष पिता महादेव सिंह भोगता दोनो ग्राम दुम्बी हफुआ थाना चतरा, महेंद्र सिंह भोगता उम्र 26 वर्ष पिता जुगल गंझु ग्राम बरवाडीह शिवराजपूर थाना लावालौंग सभी जिला चतरा, अशोक यादव उम्र लगभग 32 वर्ष पिता तुलसी यादव, आकाश कुमार उम्र 21 वर्ष पिता जगदीश यादव, आनन्द कुमार यादव उम्र 25 वर्ष पिता दामोदर यादव, अभीषेक कुमार उम्र 20 वर्ष पिता सुरेन्द्र भुइयां सभी ग्राम रहिया, सचिन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता भुटो राम ग्राम लाटु सभी थाना बारियातू जिला लातेहार शामिल है। बाईक से अवैध कच्चा कोयला लाने वाले पर अग्रेतर कारवाई करते हुए कांड संख्या 24/24 दर्ज कर उपर्युक्त सभी नौ अभियुक्तों को लातेहार जेल भेज दिया गया। अवैध कोयला ले जाने वाले कोयला सहित बाईक भी जब्त कर ली गईं है। अभियान में मुख्य रूप थाना के एएसआई नीरज कुमार दुबे के अलावा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। ज्ञात हो की अमरवाडीह फूलबसिया साइडिंग से बाईक मे कच्चा कोयला लॉडकर चतरा सहित बिहार तक कोयला बेचीं जाती है। जिससे सरकार को राजस्व की काफी नुकसान किया जा रहा है। पुलिस की इस कारवाई से बाईक से चोरी करने वाले अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है।

## स्पीड न्यूज

### ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, पांच घायल



**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र के पोचरा में शनिवार को ऑटो के दुर्घटना होने से पांच लोग घायल हो गए। ऑटो पर इंटर की परीक्षा देने के लिए छात्राएं जा रही थीं। उसी क्रम में लगभग 9:15 बजे बंजारी मंदिर के समीप ऑटो असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, चार छात्राएं व एक महिला घायल हो गई दो छात्राएं आंशिक रूप से घायल हुई। सृष्टि कुमारी व रौशनी कुमारी व एक महिला सरिता देवी को घटनास्थल पहुंचे लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका प्राथमिक इलाज हुआ। बरकाकाना ओपी पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया।

### भाजपा ने चलाया लाभार्थी अभियान



**कुजू।** भाजपा पार्टी रामगढ़ नगर परिषद के द्वारा शनिवार को बोंगावर सांडी के बूथ संख्या 285,286,287,288 के अध्यक्ष ने लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की दी जानकारी। मोदी के स्टीकर को लाभार्थियों के घरों पर चिपकाया। लाभार्थियों ने कहा कि इस बार के चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उतरे प्रत्याशियों का ही वोट देंगे। मौके पर भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरी, महामंत्री सुनील प्रसाद साहू, मंत्री हरि कुशवाहा, दुलाल पडा, नरोत्तम सिंह, राजेश महतो, त्रिभुवन कुशवाहा, नरोत्तम सिंह, लखन राजू करमाली, राकेश पांडेय, उमेश प्रसाद, किशोरी यादव, सविता देवी, रेखा देवी, मीना देवी, ललिता देवी, अनीता देवी, नारायण महतो, पूनम देवी, बीना देवी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

### परवरिश एजुकेयर में प्रतियोगिता संपन्न




**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू ने ओपन हाउस स्पोर्ट्स और आर्ट वॉरियर्स प्रतियोगिता के सफल समापन की घोषणा की। जिसका समापन असाधारण प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए एक भव्य समारोह के साथ हुआ। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विषयों में छात्रों की उल्लेखनीय प्रतिभा, समर्पण और खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया। जो समग्र विकास और व्यक्तिगत क्षमता के पोषण के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, ट्रस्टी मिक्की सिंह, रूबी सिंह के साथ, योग्य प्राप्तकर्ताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ। विद्यालय स्टाफ सदस्य रश्मी कुजूर, कंचन प्रसाद, सोमा दास गुप्ता, आकांक्षा, अर्चना, नंदिनी, रणजीत सिंह, मोहम्मद शाहजहाँ और अन्य के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कुजू के करमा में रुद्र महायज्ञ शुरू



**कुजू।** करमा शिवालय में श्री श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में 2100 महिला व बच्चियां शामिल हुए। त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से आए यज्ञाचार्य जगतगुरु श्री मधुसूदनाचार्य जी महाराज, स्वामी रंगनाथा चार्य जी महाराज एवं उनके वैदिक विद्वान तथा सहयोगी पंडितों द्वारा प्रधान यजमान बने रोहन महतो, डॉ हरिशंकर बिहारी, किन्नू राम, बिरजू साव, मोतीलाल महतो, द्वारिका महतो, मोहित महतो, नारायण साव, वकील साव, महेश ठाकुर, सुखदेव महतो, बालेश्वर महतो, भगवान दास महतो, राजेश महतो को पूजा अर्चना कराया। इसके बाद कलशों में पवित्र जल को भरते हुए पुनः यज्ञशाला मंडप की ओर प्रस्थान किए। कलश यात्रा में टाटा टिस्को घाटों कंपनी के नवींद्रम कुमार साहू, रविंद्र कुमार, मुखिया रामसेवक महतो, संरक्षक तापेश्वर महतो, पिंटू कुमार, मुखिया खागेश्वर महतो, मुखिया सरोज कुमारी, रामेश्वर महतो, डोमन ठाकुर, विजय महतो, संचालनकर्ता गुड्डू वर्मा, नेवा लाल कुमार रवि कुमार महतो, पंकज कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



### कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में शनिवार को वाद विवाद प्रतियोगिता हुआ, जिसमें प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।आनंद कुमार गुप्ता, अमित हरी, कृष्ण कुणाल, सुलेखा कुमारी, स्वेता कुमारी, नकुल महतो, धर्मेश राज, यादव अजीत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच का संचालन तथा देखरेख बीएड के सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अखतर के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, कुमार मिश्रा, सुश्री संजु रंजना होरो, डॉ. अशोक राम और बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

**मांडू ।** मांडू डीह पंचायत के प्राचीन शिव मंदिर में शनिवार को जेएसएलपीएस की आरती देवी, मालती देवी के नेतृत्व में महिला स्वयं सहायता समूह के एक विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल महिलाएं पंचायत के टोला मोहल्ला भ्रमन करके जागरुक करते गए की पहले मतदाता वोट दे फिर जालपा करें सारे काम छोड़ दो पहले वोट दो गांव गांव गली गली चुनाव की लहर चली जो भ्रष्टाचार और गरीबी महंगाई मिटाएगा मेरा वोट वही पाएगा जन.जन ने ठाना है वोट देने जाना है। मतदाताओं से वोट देने के लिए जागरूक किया । रैली में रीता देवी,रूकमणि देवी,संध्या देवी,ललिता देवी,सरस्वती देवी,सरिता देवी,प्रीति कुमारी,प्रियंका कुमारी,आशा कुमारी,जुली कुमारी,उषा देवी, गीता देवी,सुषमा देवी एवं अन्य उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को ले राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ डीसी ने की बैठक, कहा

# चुनाव में शत प्रतिशत हो भागीदारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव में कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न हो,इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, हटाने व अपडेट करने की प्रक्रियाओं की जानकारी देने के साथ साथ समावेशी चुनाव प्रक्रिया में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण वह मतदान करने नहीं जाते हैं। सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को घर-घर भेज कर सभी मतदाताओं के पास पहचान प्राप्त पत्र उपलब्ध है या नहीं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने की कार्यवाही की जानकारी दी, साथ ही जिनके पास एपिक कार्ड (वोटर कार्ड) उपलब्ध नहीं है उनका नया रिप्लेसमेंट एपिक हेतु आवेदन भरवाने की प्रक्रियाओं को बताया। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने आसन्न लोकसभा चुनाव के व्यापक प्रसार के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से एक हैशटैग कैंपेन आइएम भेरीफाइड वोटर का आयोजन किया जा रहा है।

विभाग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 में कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरुक करने हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से आइएम भेरीफाइड वोटर। हैशटैग अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह कैंपेन का प्रारंभ 4 मार्च 10:00 बजे जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा।

उक्त अभियान के तहत जिले के प्रत्येक मतदाता से यह अपील है कि वह अपना नाम मतदान केंद्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन Voter Helpline App या वोटर्स ServicePortel (https://voters.eci.gov.n) के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लेंगे कि उनका नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, अथवा कोई त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन संबंधित बीएलओ अभियान दिवस को अपने मतदान केंद्र पर प्रपत्र 6,7 एवं 8 के साथ उपस्थित होंगे। सभी सदस्यों से अपील है कि वह मतदाता सूची अथवा ऑनलाइन नाम जांच करने के उपरांत संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/ Voter information Slip, की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर Facebook/twiter पर हैशटैग iam verified voters का उपयोग करें।

नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक : लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत चुनावी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर प्रशासन पूरी तन्मयता से जुट गया है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में चुनावी भागीदारी को निभाने को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर उपायुक्त ने कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा विगत चुनावों में शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने में नगर निगम विभाग को सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने कहा सफाई कर्मी, पेपर हॉकर, गैस हॉकर, पीडीएस डीलर आदि तक पहुंच बनाने एवं जागरुकता फैलाने के लिए विभागीय संसाधनों का पूर्ण प्रयोग करने को कहा। नगर निगम के घरों से कचरा उठाने वाले वाहनों पर चुनावी संगीत बजाकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। विशेष जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न अपार्टमेंट,मॉल, सिनेमा घरों, दुकानों में मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। बैठक में सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सहायक नगर आयुक्त, डीपीआरओ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निगम के सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## हर दिन सीखने की चाहत, सफल इंसान बनने में मददगार : चतुर्वेदी



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं एवं मटवारी स्थित सिटी ऑफिस सभागार में कार्यरत कर्मियों के साथ विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने अलग अलग बैठक की और वर्तमान के विश्वविद्यालय गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थी हित में कर्मियों से कई महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए। इससे पूर्व प्रो चांसलर के आगमन पर विवि के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बुके देकर उनका स्वागत किया। चतुर्वेदी ने कहा कि हर काम को करते वक्त सीखने की चाहत जागृत रहनी चाहिए, इससे ना केवल कार्य बेहतर होते हैं बल्कि हममें परिपक्वता भी आती है। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरूआती दिनों से ही विद्यार्थी हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि महज 8 वर्षों के दरम्यान ही नेशनल एजुकेशन अवार्ड, सीएसआर युनिवर्सीटी ऑफ इंडिया अवार्ड, एसोचैम एजुकेशन एक्सिलेंस सम्मिट कम अवार्ड, झारखंड का गौरव अवार्ड, झारखंड की शान अवार्ड, वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट अवार्ड सहित कई नेशनल के साथ साथ इंटरनेशनल अवार्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों के साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, उन उद्देश्यों को पूरा करने में विश्वविद्यालय निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ना केवल पढ़ाई के क्षेत्र में बल्कि यूथ फेस्टिवल जैसे बड़े मंच पर भी यहां के विद्यार्थियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है और खेलकूद में भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बेहतर कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक भी एकेडमिक क्षेत्रों में बेहतर कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। बैठक करते हुए श्री चतुर्वेदी ने सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों से एक-दूसरे के साथ मिलकर सहयोग की भावना से काम करने की सलाह दी।

### अरगड्डा : सिरका कोलियरी में लोकल सेल समिति भंग


रामगढ़। सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र में सिरका कोलियरी में पिछले पांच दिनों से जारी हाई वोल्टेज ड्रामा शनिवार को समिति भंग होने के निर्णय पर खत्म हो गया। एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट ने लोकल सेल समिति के पदाधिकारियों से मजदूर और प्रभावितों की 6 सूत्री मांग पर सहमति बनाने की कोशिश की। लेकिन पहले पांच बार की तरह छठी बार भी समिति के पदाधिकारियों ने हर बात को नकार दिया। एसडीओ शीलवंत भट्ट ने बताया कि जिस तरीके की स्थिति सिरका कोलियरी में बन रही थी, ऐसा लग रहा था कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए लोकल सेल समिति को भंग कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सिरका कोलियरी में जिला प्रशासन और पुलिस के मौजूदगी में माइनिंग, लोडिंग और डिस्पैच जैसे कार्य होंगे।

## संघर्ष मोर्चा ने मुआवजा और भूमि वापसी को ले डीसी को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)।छाई डैम नंबर 1 के लिए अधिग्रहित जमीन का भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार मुआवजा भुगतान अथवा भू-वापसी करवाने की मांग को लेकर विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने शुक्रवार को झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया व वरिष्ठ नेता राजकुमार महतो के नेतृत्व में रामगढ़ डीसी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है की एलए केस संख्या 84/72-73, 85/72-73 तथा 87/72-73 के तहत ग्राम बलकुदरा, जयनगर व रसदा की कुल 432 एकड़ जमीन का अधिग्रहण पूर्व पीटीपीएस के द्वारा छाई-डैम निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू की। यह जमीन अन्य परियोजनाओं जैसे बासल (जिंदल), सीसीएल, रेलवे, डीभीसी, ट्रांसमिशन लाइन आदि के लिए अधिग्रहण के पश्चात शेष बची-खुची जमीन है, जिसमें खेती-बारी कर हम ग्रामीण अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। इसलिए शुरू से ही रैयत इसे अधिग्रहण से मुक्त करने की गुहार लगाते आ रहे हैं। सन 1984-85 में एवार्ड बनाया गया तथा दर का निर्धारण 1972-73 के पूर्व का रजिस्ट्री रेट के आधार पर किया गया जो बिल्कुल नगण्य था। इसलिए तीनों गांवो के ग्रामीण वर्तमान दर पर उचित मुआवजा, स्थाई नौकरी तथा पुनर्वास का मांग करते हुए अर्थहीन मुआवजा भुगतान नहीं लिया। तत्पश्चात 1991 में मुआवजा रशि को ट्रेजरी में जमा कर दिया गया। तत्पश्चात सन 1996 में सिर्फ कागज में उक्त जमीन का हस्तानांतरण पीटीपीएस को किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 20 वर्ष से भी अधिक लगा। जिसका लगान वर्तमान पीभीयूएनएल के आने तक मूल रैयतो से ही लिया गया। आज भी उक्त भूमि में तीनो गांव के रैयत खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यदि इस बची-खुची जमीन को भी हमसे छीन लिया जायेगा तो हम सभी आदिवासी-मूलवासी बिल्कुल भूमिहीन हो जाएंगे और हमारे पास जीने का साधन नहीं बचेगा।

### अबुआ आवास को लेकर 27 पंचायत सचिवों से स्पष्टीकरण



**रामगढ़।** अबुआ आवास को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शनिवार को प्रखंडवार चयनित लोगों को प्रथम किस्त के राशि के भुगतान की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिन पंचायतों में पंचायत सचिवों द्वारा अब तक 20% से कम के लाभुकों को प्रथम किस्त के राशि के भुगतान की स्वीकृति दी गई है पर असंतोष जाहिर करते हुए तत्काल रूप से पतरातू प्रखंड अंतर्गत जवाहर नगर, सुंदरनगर, जयनगर, चोरधारा, पीरी, कोतो, सांकुल, बारीडीह, लबगा, मांडू प्रखंड अंतर्गत हेसागड़ा, कुज्जू ईस्ट, कर्मा नॉर्थ, कुज्जू साउथ, नावाडीह, मांडूडीह, ओरला, केदला नार्थ, पिंडरा, आरा नार्थ, सारूबेरा, बड़काचुंबा, गोला प्रखंड अंतर्गत बेटूलकला, सुतरी, दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरू, जमीरा, इचातु, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत लारीकला के पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी पंचायत सचिवों को उनके उनके क्षेत्र में 50% लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि के भुगतान की स्वीकृति शनिवार शाम तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।

## उरीमारी में सीसीएल का खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

▸▸ **बरका सयाल, अम्रपाली, एनके एरिया, बरकाकाना, नई सराय, कुजू, पिपरवार, रजरप्पा, कथारा, केंद्रीय कर्मशाला मगध प्रोजेक्ट और रांची के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### अनुशासन भी सिखाता है खेलकूद : अजय सिंह



भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी के गांधी मैदान में शनिवार को बरका-सयाल सीसीएल स्तरीय दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुआ। बरका सयाल, अम्रपाली, एनके एरिया, बरकाकाना, नई सराय, कुजू, पिपरवार, रजरप्पा, कथारा, केंद्रीय कर्मशाला हजारीबाग, मगध प्रोजेक्ट और मुख्यालय रांची के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने किया। जीएम अजय सिंह सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला आफजाई किया। कोल इंडिया एथलीट अजय सोरेन ने मशाल जलाकर और गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के 1500 मीटर पुरुष दौड़ में आम्रपाली के घनश्याम कुमार महतो प्रथम, कथरा के संजीव कुमार द्वितीय और एनके एरिया के गोपाल गंझू तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुए। वहीं महिला वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में बरका-सयाल की रीता देवी प्रथम, पिपरवार की पार्वती देवी द्वितीय व मुख्यालय रांची की हेमंती तृतीय स्थान प्राप्त की। सफल प्रतिभागियों को अजय सिंह और उपस्थित अधिकारियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि बरका-सयाल क्षेत्र में अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना गौरव की बात है। हम सब मिल कर इस तरह के आयोजन से खेलाडियों में नई ऊर्जा का संचार भरते रहेंगे। श्री सिंह ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्त्व है। क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन होगा। इसमें बतौर सीसीएल के सीएमडी डॉ. वी. बीरा रेड्डी और डायरेक्टर टेक्निकल उपस्थित होंगे। मौके पर उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा पीओ डी शिवा दास, उरीमरी मैनेजर पी सेन गुप्ता, सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, नरेश मंडल, राजू यादव, संजय मिश्रा, संजय यादव, संजय वर्मा, सोनाराम मांझी सहित विभिन्न यूनियनों के दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एक नजर में

### खेलकूद से होता है शारीरिक विकास : बर्णवाल



**विष्णुगढ़।** गोला चौक स्थित ब्रांच बाल विकास स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल जैसे :- दौड़ , बोरा रेस, स्किपिंग रेस, चम्मच-गोली रेस, टॉफी रेस, घड़ा तोड़ सहित अनेक खेलो का आयोजन किया गया।विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रफ्फुलित मन से खेलो में भाग लिया।सभी ने अपना भरपूर प्रयास किया। प्रातियोगिता के विभिन्न खेलो में अलग अलग विधार्थियो ने पुरुस्कार जीता। 100 बोरा रेस बालक में अभिराज प्रथम,धीरज द्वितीय, रेहान तृतीया, बालक ग्रुप बी आदित्य प्रथम ,अर्जुन द्वितीय, आदित्य तृतीय आए।इसी प्रकार बालिकाओं में 100 मीटर रेस में सृष्टि प्रथम ,नैंसी द्वितीय ,पूजा तृतीया स्थान लाई। इसी प्रकार विभिन्न खेलो में बहुत सारे बच्चों ने पुरुस्कार जीता। समारोह के समापन में विद्यालय के निदेशक विजय कुमार बरनवाल( गुड्डू सर) ने कहा कि बच्चो को हमेशा खेल कूद में भाग लेना चाहिए।इससे बच्चो में मानसिक और शारीरिक विकास होता है।शाखा के प्राचार्य नवल किशोर वर्मा एवं राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बच्चो को हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि खेल कूद सफल जीवन का आधार है। यदि आपको भविष्य में सफलता प्राप्त करना है तो पढ़ाई के साथ खेल कूद में भी ध्यान देना चाहिए। ब्रांच के प्राचार्य उदित कुमार ने बच्चो को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। मौके पर कुमकुम बरनवाल,आस्था गुप्ता, निक्की देवी,लक्ष्मी देवी संजना, विद्या, तनु ,सोनी ,नेहा, रिचा कुमारी,निशा कुमारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### शारीरिक जांच और रक्तदान शिविर लगा

**चरही।** इंद्रा के 15 माइल स्थित चिन्तपूर्णी स्टील प्लांट के गेस्ट हाउस में शनिवार को शारीरिक जांच और रक्तदान शिविर लगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सेम्फोर्ड रांची से आए थे।इस शिविर में हड्डी रोग के विशेषज्ञ और अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा प्लांट में कार्यरत मजदूरों,कर्मचारियों और आस-पास के ग्रामीणों को मुफ्त इलाज कर निशुल्क दवाइयां दी गई।इस शिविर में कई लोगों ने अपना रक्तदान किया।चिन्तपूर्णी स्टील प्लांट के प्रो.संतुभाई माणिक और पीआरओ सीएम सिंह ने कहा कि रक्तदान से किसी को जान बचाया जा सकता है।कर्मियों और ग्रामीणों से कहा कि अपने शरीर के प्रति मुखर होकर समय-समय पर जांच करते रहना चाहिए।ताकि शरीर के अंदर होने वाले बीमारियों का पता चल सके।और इसका इलाज समय पर हो सके।इस शिविर में दर्जनों लोगों और कर्मियों ने शारीरिक जांच कराया।और रक्तदान किया।

### ब्राह्मण महासंघ के मीडिया प्रभारी बने संदीप



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत निवासी संदीप पांडेय पिता रामलखन पांडेय हिंदी दैनिक अखबार टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार को अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ राष्ट्रीय कार्यालय पंजीयन संख्या 2017031824000133 राष्टीय प्रधान कार्यालय 1सी /55,बाजोरिया स्कूल के सामने शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान राष्ट्रीय संस्थापक ईशान निर्मल राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जोशी समेत प्रदेश के कई वरिष्ठ कार्य कारणी पदाधिकारी गणों के सहमती से अं .ब्रा. महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय के अनुशंसा पर संगठनातत्मक श्री पांडेय को समाज के प्रति त्याग, सेवा भाव समर्पण को देखते हुए संगठन को मजबूत बनाने को लेकर झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है।मौके पर प्रदेश से देवचरण पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, संघ के हजारीबाग जिला अध्यक्ष पवन जिगर पांडेय,दिलीप पांडेय, पंकज पांडेय मिलन ट्रेडर्स टाटीझरिया,धर्मेंद्र पाण्डेय, बिनय पांडेय,लक्ष्मी पांडेय,रोहित पांडेय,शिव पूजन पांडेय,रवि पांडेय, निर्भय पांडेय,अरविंद पांडेय,उमेश पांडेय,उपेंद्र पांडेय,प्रमोद पांडेय,अशोक पाण्डेय,मनोज पांडेय,संजय पांडेय, बिरेंद्र पांडेय,पप्पू पांडेय समेत अन्य सैकड़ों लोगों ने बढ़ाई संदेश देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## पेज एक का शेष

### राजनीति से जयंत सिन्हा ने लिया सन्यास

वर्ष 2019 के चुनाव से पहले उनके पिता और पूर्व केंद्रीय यशवंत सिन्हा ने मोदी और भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसके बाद जयंत सिन्हा को टिकट तो मिला, लेकिन मोदी की कैबिनेट में दूसरी बार जगह नहीं मिली। जयंत सिन्हा को उनके पिता की जगह पहली बार 2014 में हजारीबाग संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका मिला। पीएम मोदी की सरकार में उन्हें अरुण जेटली के साथ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री बनाया गया था। बाद में उन्हें नागरिक उड्डयन मंत्रालय की भी जिम्मेदारी मिली।

**गौतम गंभीर भी नहीं लड़ेंगे :** जयंत सिन्हा की घोषणा से पहले ही पूर्व क्रिकेटर और सांसद गौतम गंभीर ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त किया जाये। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। गौतम ने कहा है कि मैं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से अपील करता हूं कि वह मुझे मेरे राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करें, ताकि मैं क्रिकेट पर फोकस कर पाऊं। गौतम गंभीर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद हैं।

### सीएनटी खत्म हुआ तो आदिवासी नहीं बचेंगे : सीएम

इसके पहले विधायक प्रदीप यादव ने पीएम के उस बयान पर विशेष मांग की चर्चा की। पीएम ने धनबाद में कहा गया था कि इतनी जोर से आवाज लगाईये कि जेल तक आवाज पहुंचे। श्री यादव ने निंदा प्रस्ताव पारित करने पर बल दिया। उनका समर्थन इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला आदि ने किया।


**क्या बोले सीएम:** मुक्यमंत्री ने सीएनटी को ले कर कहा कि केंद्र सरकार वन अधिकार कानून में संशोधन करने जा रही है जिसका हमलोगों ने विरोध किया है। केंद्र को पत्र भी लिखा है। केंद्र सरकार ग्राम सभा को भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। राज्य की इस दशा का जिम्मेवार भाजपा ही है। यह लोग केवल आदिवासी मूलवासी के विकास की बात करते हैं। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता है। कोयलांचल को लेकर भी एक संशोधन का बिल लाया है। केंद्र सरकार कोयलांचल से रैयतों का अधिकार खत्म करने जा रही है। केंद्र सरकार कोलांचल में लीज को लेकर नया नीति लाने जा रही है, जो रैयतों के लिए ठीक नहीं है। भाजपा को आदिवासियों के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है।

### क्या हुआ था दुमका में

उल्लेखनीय है कि हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेन की रहने महिला से गैंगरेप की घटना हुई है। वह अपने पति के साथ बाइक टूर पर भारत आयी थी। शुक्रवार की रात कुरूमहाट में टेंट लगा कर सो गयी थी। इसी दौरान सामूहिक दुष्कर्म किया गया। सभी आरोपी रेप करने के बाद बाइक से भागलपुर की ओर भाग निकले। पीड़ित परिवार पाकिस्तान, बांग्लादेश होते हुए दुमका में पहुंचे हुए थे। युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर मारपीट भी की। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कई युवकों को गिरफ्तार किया है।

स्पीड न्यूज

## मलाइका अरोड़ा ने 'झलक दिखला जा' में किया बेली डांस



**मुंबई ।** 'झलक दिखला जा 11' की जज मलाइका अरोड़ा ने शो की फेयरवेल पार्टी में अपने मशहूर ट्रैक 'छैया छैया' पर बेली डांस किया। शो का ग्रैंड फिनाले शनिवार को प्रसारित होगा, जिसमें पांच फाइनलिस्ट धनश्री वर्मा, मनीषा रानी, अद्रिजा सिन्हा, श्रीराम चंद्रा और शोएब इब्राहिम शामिल होंगे। डांस वीडियो को कोरियोग्राफर-फिल्म निमार्ता फराह खान ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में मलाइका अरोड़ा को चमकदार ब्लैक फ्लेयर्ड जींस और स्लीवलेस क्रॉप टॉप में डांस फ्लोर पर डांस करते हुए दिखाया गया है।

## गाजा में राहत सामग्री भेजेगा अमेरिका :बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में तत्काल मानवीय राहत सामग्री भेजेगा। यह निर्णय मौजूदा हालात को देखते हुए लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गाजा में राहत और खाद्य सामग्री का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सुरक्षाबलों की गोलीबारी से सारी दुनिया चिंतित हो गई है। इस गोलीबारी में बड़ी संख्या में फिलिस्तीन के नागरिक मारे गए हैं।

## पाक : ईशनिंदा में हिंदू शिक्षक बरी

**कराची।** ईशनिंदा मामले के आरोप में पांच साल से जेल में बंद एक हिंदू शिक्षक को तत्काल रिहा करने का आदेश पाकिस्तान की अदालत ने शुक्रवार को दिया। हिंदू शिक्षक को 2019 में सिंध प्रांत के घोटकी जिले से उसे गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सुबूत पेश करने में असफल रहा है। ऐसे में संदेह का लाभ आरोपित को मिलना चाहिए और यह उसका अधिकार भी है।

## अमृत उद्यान शाम 6 बजे तक खुला रहेगा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब एक घंटा अधिक समय तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। उद्यान अब 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 31 मार्च तक जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा।

## युवराज सिंह गुरदासपुर से नहीं लड़ेंगे चुनाव

**चंडीगढ़।** क्रिकेटर युवराज सिंह पंजाब के गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ेंगे। युवराज सिंह ने शुक्रवार रात एक्स हैंडल पोस्ट पर इन अटकलों पर विराम लगा दिया। युवराज सिंह के गुरदासपुर से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ने की चर्चा कई दिनों से चल रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ युवराज सिंह की मुलाकात के बाद इस चर्चा ने जोर पकड़ा था। गुरदासपुर से अभिनेता सन्नी देओल भाजपा से सांसद हैं।

## बीजापुर में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने भाजपा नेता तिरुपति कटला की धारदार हथियार से हत्या कर दी। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र यादव ने बताया कि भाजपा मंडल संयोजक और जनपद सदस्य तिरुपति शुक्रवार रात शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रास्ते में नक्सलियों ने घात लगाकर उनपर जानलेवा हमला किया।

# भाजपा की 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, प्रधानमंत्री वाराणसी से लड़ेंगे


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची शाविार को जारी की। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 16 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 195 लोकसभा सीटों पर उम्मदीवारों के नाम तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। पहली सूची में समाज के सभी वर्गों और जातियों को शामिल किया गया है। इसमें 34 केंद्रीय मंत्री और राज्यमंत्री के साथ दो पूर्व मुख्यमंत्री, 28 महिलाएं, 50 से कम से उम्र के 47 उम्मीदवार, 18 अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार, पिछड़ा वर्ग से 57 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। तावड़े ने बताया कि पहली सूची में उत्तर प्रदेश से 51, पश्चिम बंगाल से 20, मध्यप्रदेश से 24, गुजरात-15, राजस्थान-15, केरल -12, तेलंगाना -09, असम-11, झारखंड-11, छत्तीसगढ-11, दिल्ली-5, जम्मू-2, उत्तराखंड-3, अरुणाचल प्रदेश -2, गोवा-01, त्रिपुरा-01, अंडमान एंड निकोबार -01 सीट पर उम्मीदवार घोषित किए गए। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से पांच पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इसमें प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत और दक्षिण दिल्ली से रामबीर सिंह बिधूड़ी को उम्मीदवार बनाया गया है।

## उत्तर प्रदेश में पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

**लोकसभा चुनाव**

- लखनऊ से राजनाथ सिंह समेत 51 उम्मीदवार घोषित
- आजमगढ़ से निरहुआ और डुमरियागंज से जगदंबिका पाल को फिर मिला टिकट
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी लड़ेंगे चुनाव



उत्तर प्रदेश से लोकसभा के 51 सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की गई। भाजपा केन्द्रीय मुख्यालय की ओर से जारी लोकसभा उम्मीदवारों की सूची के अनुसार वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह,अयोध्या से लल्लू सिंह और मथुरा से हेमा मालिनी को पुनः उम्मीदवार बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पुराने चेहरों पर ही भरोसा जताया है।

उत्तर प्रदेश की 51 लोकसभा सीटों में सिर्फ चार सीटों पर ही नये नामों की घोषणा की गयी है। इनमें से श्रावस्ती से साकेत मिश्रा, अंबेडकर नगर से रितेश पांडेय जो बसपा से भाजपा में आये हैं। वहीं जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और नगीना से ओम प्रकाश का नाम शामिल है। इसी तरह कैराना से प्रदीप कुमार, मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान, नगीना सुरक्षित से ओम कुमार,रामपुर से घनश्याम लोधी,संभल से परमेश्वर लाल सैनी,अमरोहा से कंवर सिंह तंवर, गौतमबुद्धनगर से डा. महेश शर्मा,बुलन्दशहर से डा. भोला सिंह, आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी राजकुमार चााहर, एटा से राजवीर सिंह राजू , आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप, खीरी से अजय मिश्रा टेनी,धौरहरा से रेखा वर्मा,सीतापुर से राजेश वर्मा,हरदोई सुरक्षित से जय प्रकाश रावत व मिश्रिख से अशोक कुमार रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। उन्नाव से साक्षी महराज, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, अमेठी से स्मृति ईरानी,प्रतापगढ़ से संगमलाल गुप्ता,फरूखाबाद से मुकेश राजपूत, इटावा से डा.राम शंकर कठेरिया, कन्नौज से सुब्रत पाठक,अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह भोले,जालौन से भानु प्रताप वर्मा,झांसी से अनुराग शर्मा, हमीरपुर से पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल,बांदा से आर.के.सिंह पटेल, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और बाराबंकी से उपेन्द्र सिंह रावत को लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसके अलावा गोण्डा से कीर्तिवर्धन सिंह, डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल,बस्ती से हरीश द्विवेदी, संतकबीरनगर से प्रवीण निषाद, महराजगंज से पंकज चौधरी, गोरखपुर से रविकिशन,कुशीनगर से विजय कुमार दुबे,लालगंज सुरक्षित से नीलम सोनकर,आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव और सलेमपुर से रवीन्द्र कुशवाहा व चंदौली से महेन्द्र पांडेय को टिकट दिया गया है।



**अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी का किया उद्घाटन**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शहरी सहकारी बैंकों के लिए अम्ब्रेला संगठन नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया।

# बिहार में शांति और कानून व्यवस्था का राज मोदी की गारंटी : प्रधानमंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोदी ने करीब साढ़े 21 हजार करोड़ की कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन**

औरंगाबाद । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए भोजपुरी में कहा कि रउवा सब के प्रणाम करइतही। बिहार में शांति और कानून व्यवस्था का राज-ये मोदी की गारंटी है। बिहार में बहन-बेटियों को अधिकार-ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि करीब 21.5 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है। इन परियोजनाओं में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई परियोजनाएं हैं। इनमें रेल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम भी हैं और इनमें आधुनिक बिहार की मजबूत झलक भी है।

उन्होंने यही एनडीए की पहचान है। हम काम की शुरूआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं। ये मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि बिहार का विकास-ये मोदी की गारंटी है। तीसरे टर्म में हमारी सरकार इन्हीं गारंटियों को पूरा करने और विकसित बिहार बनाने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि एक वो दौर था, जब बिहार के ही लोग अपने ही घरों से निकलने में डरते थे। एक ये दौर है, जब बिहार में पर्यटन की संभावनाएं विकसित हो रही हैं। बिहार को वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें मिलीं, अमृत स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिए पर जाने लगी है। परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है। पीएम ने कहा कि बिहार की धरती पर आना कई मायने में मेरे लिए खास है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को मैंने भारत रत्न दिया, जिसकी खुशी हर जगह है। हम काम की शुरूआत और उसे पूरा भी करते हैं। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलना पूरे बिहार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा भी हुई है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं, तो स्वाभाविक है, सबसे ज्यादा खुशी माता सीता की धरती पर ही मनाई जाएगी। ज्ञान की धरती बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।



**बिहार को विकसित बनाएंगे :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में विकसित बिहार बनाएंगे और इसके लिए वह कृतसंकल्पित और प्रतिबद्ध हैं। श्री मोदी ने रतनुआ में करीब साढ़े 21 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली अलग अलग विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण के बाद कहा कि एक बार फिर बिहार ने डबल इंजन सरकार के जरिए विकास की रफ्तार पकड़ ली है और आज औरंगाबाद की धरती से बिहार के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गंगा बहने वाली है और यह आपके विश्वास, उत्साह और संकल्प की ताकत से ही संभव हो रहा है। इसी विश्वास के लिए मैं आपको धन्यवाद देने के लिए यहां आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ बिहार आगे बढ़ेगा। आज शुरू की जा रही विकास योजनाएं नए बिहार की नई दिशा की परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं विकसित हो रही हैं और इसी के तहत वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी बड़ी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

# सामाजिक व आर्थिक अन्याय रोकना जरूरी : राहुल गांधी



**मुरैना।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मुरैना पहुंचने पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को उपज के सही दाम नहीं मिल रहे हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। राजस्थान से कांग्रेस की भारत जोडो न्याय यात्रा ने मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की सीमा में प्रवेश किया। उन्होंने देश में जातीय जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा कि आदिवासी, दलित व पिछड़ा वर्ग की भागीदारी मीडिया, उद्योग, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में नहीं है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों को उचित समर्थन मूल्य दिया जायेगा।

# वसूली मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआइ करेगी जांच

**सुदेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के पूर्व मंत्री जैन पर लगाया था आरोप**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दी है। आम आदमी पार्टी के नेता सत्येन्द्र जैन पर जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल के साथ मिलकर जबरन वसूली रैकेट चलाने और दिल्ली की विभिन्न जेलों में हाई प्रोफाइल कैदियों से प्रोटेक्शन मनी के नाम पर उगाही का आरोप है। मनी लांड्रिग के आरोपी सुदेश चंद्रशेखर ने उप राज्यपाल को पत्र लिखकर जैन पर जबरन वसूली के आरोप लगाए थे और सीबीआई जांच की मांग की थी। उप राज्यपाल ने इससे पहले पिछले माह सत्येन्द्र जैन को रुपये वसूलने में




मदद करने के आरोप में तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआई मंजूरी दी थी। राज कुमार ने तिहाड़ से चलाए जा रहे हाई-प्रोफाइल जबरन वसूली रैकेट में मदद की थी जिसने मनी लांड्रिग मामले में आरोपी सुदेश चंद्रशेखर से संरक्षण राशि के रूप में पैसे वसूले थे। सीबीआई सुकेश द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

# पीएफआइ से जुड़े सलीम गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** एनआइए ने तेलंगाना के निजामाबाद में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े अब्दुल सलीम को गिरफ्तार किया है। सलीम पीएफआई का तेलंगाना उत्तर का सचिव है। सलीम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। उस पर यह भी आरोप है कि वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था। वह हिंसा के एक मामले में फरार चल रहा था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम था। उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है। वह इस मामले में पकड़ा जाने वाला 15वां आरोपित है। उसके खिलाफ जून, 2023 में निजामाबाद जिले में वीआई टाउन पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# रामनवमी पर अनाउंस होगी रणबीर की फिल्म रामायण

**मुंबई।** पिछले कई महीनों से रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म रामायण' की चर्चा चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। प्रभास की आदिपुरुष के बाद अब रणबीर-साई की फिल्म रामायण से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। इसी तरह हाल ही में आई खबरों के मुताबिक रामनवमी के दिन नितेश तिवारी फिल्म रामायण का ग्रैंड अनाउंसमेंट करने वाले हैं।



साई पल्लवी-रणबीर कपूर की "रामायण" फिल्म की घोषणा अगले महीने अप्रैल में की जाएगी। रामनवमी के खास मौके पर नितेश तिवारी फिल्म रामायण का ग्रैंड अनाउंसमेंट करेंगे। रामायण फिल्म की आधिकारिक घोषणा 17 अप्रैल को की जाएगी। चूंकि यह एक अखिल भारतीय परियोजना है, इसलिए रामायण की घोषणा पूरे भारत में भव्य तरीके से की जाएगी। रामायण फिल्म की कास्टिंग की तो.. रामायण" फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्री राम की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# नीतीश ने लोकतंत्र के पहरूआ का किया विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सीएम ने वशिष्ठ नारायण सिंह को बड़ी जिम्मेदारी देने का किया एलान

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य वशिष्ठ नारायण सिंह के लेखों एवं भाषणों के संग्रह पर आधारित पुस्तक 'लोकतंत्र के पहरूआ का विमोचन शनिवार को 36, हार्डिंग रोड स्थित उनके आवास पर किया। कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि वशिष्ठ नारायण सिंह जी के लेखों एवं भाषणों पर संग्रहित पुस्तक लोकतंत्र के पहरुआ के विमोचन का अवसर मुझे मिला है। मंच से वशिष्ठ नारायण सिंह को लेकर उन्होंने बड़ा ऐलान किया। नीतीश ने पार्टी के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह को बड़ी जिम्मदारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि ये सरकारी काम करेंगे और इसका एलान भी कुछ दिनों में कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही दादा यानी वशिष्ठ नारायण सिंह को बड़ी जिम्मेदारी देने जा रहे हैं और इसकी घोषणा भी जल्द ही कर दी जाएगी। इसके बाद नीतीश कुमार ने खुद का दादा के पुराने रिश्ते और स्वास्थ्य को लेकर भी बड़ी बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं लगातार वशिष्ठ नारायण से मुलाकात करने उनके आवास पर आता रहता हूं और इनसे कहता रहता हूं कि हम आपके साथ हैं जबकि वशिष्ठ नारायण बाबू हमसे कहते रहते हैं कि मेरी तबीयत खराब है और उसके बावजूद में इनको आश्वासन देता हूं कि आप ठीक हैं तो उसके बाद इनको भी लगता है कि यह ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं वशिष्ठ बाबू से आग्रह करूंगा कि आप चिंता मत



कीजिए और आपको जो कुछ भी कहना है खुलेआम कहिए। अब तो हम आपको बड़ी जिम्मेदारी देने जा रहे हैं। कुछ दिन के अंदर ही सारा कुछ तय होने वाला है। अब तो परमानेंट मैं आपको जिम्मेदारी देने जा रहा हूं। अब आपको घर में रहने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अब तो आप सरकारी काम करने वाले हैं। अभी मैं इसकी घोषणा क्यों करूंगा, बाद में करूंगा और जल्द करुंगा। लोगों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग जब भी वशिष्ठ बाबू से मिलने आइए और इनसे मिलिए तो कहिए कि आप सही हैं, ठीक हैं और स्वस्थ हैं उसके बाद यह ठीक रहेंगे। वैसे भी इनकी उम्र ही क्या है मैं 73 साल का हूं और आप 79 साल के हैं तो इसमें कहां कोई बड़ी बात है, बस आप स्वस्थ रहें यही हमारी कामना है।

## बिहार के मुख्य सचिव अमीर सुबहानी ने लिया वीआरएस

पटना। बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) ले ली है। उनका वीआरएस मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंजूर कर लिया है। हालांकि, सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अभी कोई पत्र जारी नहीं किया है। सुबहानी इस साल 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले थे लेकिन उन्होंने दो महीने पहले ही वीआरएस ले लिया। अब अगले मुख्य सचिव के नाम को लेकर अटकलें भी तेज हो गयी है। आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा को बिहार के मुख्य सचिव बनाये जाने की भी चर्चा है। मेहरोत्रा अगस्त 2024 में सेवानिवृत होने वाले हैं। 1989 बैच के आईएएस मेहरोत्रा बिहार के विभिन्न विभागों में सेवा दे चुके हैं। अपर मुख्य सचिव के रूप में भी उन्होंने विभिन्न विभागों में सेवाएं दी हैं। नीतीश कुमार के विश्वस्त अधिकारियों में ब्रजेश मेहरोत्रा की पहचान है।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य

जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# देश-दुनिया में उपराजधानी दुमका एक बार फिर हुई शर्मसार

## खेत में ले जाकर स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार, चार की अब भी तलाश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** एक बार फिर उपराजधानी दुमका में मानवता शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। झारखंड समेत भारत का दुनिया में सभ्य समाज का सिर शर्म से झुक जाने का वाक्या घटी। उपराजधानी का दर्जा प्राप्त दुमका में घटित होने वाला यह पहली घटना नहीं है। ऐसे कुकृत्य इससे पहले भी घट चुकी है। इस बार राज्य, देश ही नहीं दुनिया भर में दुमका की छवि खराब हो गई। जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट के समीप कुंजा गांव में स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई। यह घटना शुक्रवार रात की है। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अन्य दरिंदो की गिरफ्तारी को छापेमारी कर रही है। जबकि इस घटना में कुल सात लोगों की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार स्पेन की एक दंपति विश्व भ्रमण पर बाइक से निकले थे। पाकिस्तान, बांग्लादेश से कोलकाता से स्पेनिश दंपति दुमका के रास्ते बिहार होते हुए नेपाल जा रहे थे। इसी बीच शुक्रवार को शाम हो जाने के कारण दंपति कुरमाहाट के समीप मुख्य सड़क से लगभग 2 किलोमीटर अंदर एक पहाड़ी के पास रात्रि विश्राम के लिए टेंट लगा दिया। टेंट में दंपति विश्राम कर रहे थे। करीब सात की संख्या में असामाजिक तत्वों ने टेंट से महिला को बाहर निकाला। जबकि पति को टेंट में ही बांधकर रख दिया। टेंट से दूर ले जाकर महिला के साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। दरिंदे विदेशी महिला के साथ मुंह काला कर फरार हो गए। दंपति किसी तरह मुख्य सड़क पर पहुंचे। देर रात हंसडीहा थाना की पुलिस गश्ती टीम सड़क पर दो विदेशी नागरिकों को देखकर सजग हुई। चुकी विदेशी दंपति स्पेनिश इंग्लिश बोल रहे थे। इसलिए पुलिस को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन उसकी शारीरिक स्थिति देखकर पुलिस को ऐसा लगा कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है। हंसडीहा पुलिस इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी। महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल जांच के लिए फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका भेज दिया गया। दंपति भारी पुलिस बल की सुरक्षा में मेडिकल कॉलेज अस्पताल खुद बाइक चलाकर पहुंचे। फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर ए के पूर्ति ने बताया कि महिला की स्थिति खतरे से बाहर है। मेडिकल जांच के लिए टीम गठित किया गया है। घटना पर नजर डीआईजी संजीव कुमार नजर बनाये हुए है। डीआईजी संजीव कुमार, डीसी ए दोड्डे, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, महिला आयोग की टीम अस्पताल पहुंच पीड़िता की सुधि ली। घटना स्थल पर पहुंच छानबीन कर रहे है। मामले मे एसपी पीतांबर सिंह खरवार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि तीन लोगों को डिटेन किया गया है। इस घटना में कुल सात लोगों की संलिप्त की बात बताई जा रही है। पुलिस एफएसएल एवं तकनीकी टीम की सहयोग से जांच में जुटी है। एसआईटी टीम गठित कर जांच व शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इधर मेडिकल जांच समेत अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीड़ित दंपति को परिसदन भवन में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही दुमका सांसद सुनील सोरेन और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची।

# यदुटांड़ महायज्ञ में प्रभु प्रिया ने राम जन्म पर किया कथा

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के यदुटांड स्थित गौशाला के समीप चल रहे श्री श्री 1008 श्री देवी प्राण प्रतिष्ठात्मक नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को वेदी पूजन, पाठ, हवन, आरती का आयोजन किया गया। वहीं यज्ञशाला के समीप सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा किया। देर शाम उज्जैन धाम मध्यप्रदेश से आई कथा वाचिका प्रभु प्रिया जी (रामायणी) ने आपने प्रवचन में राम जन्मोत्सव पर कथा सुनाई। वहीं उन्होंने कहा कि भगवान राम जी के जन्म के कई सारे कारण हैं। जब-जब भी धरती पर पाप बढ़ता है तब-तब भगवान इस धरा पर मनुष्य का रूप धारण कर आते हैं और राक्षसों का नाश करते हैं। जिनके घर भगवान अवतरित हुए वहां बड़े धूमधाम से राम जी का जन्मोत्सव मनाया और बधाईयां गाई गई। इस दौरान सजा दो घर को गुलशन सा मेरे घर राम आएं हैं..और राम आयेंगे तो अंगना सजाएंगे जैसे भजनों से पंडाल गुंजयमान होता रहा। इस अवसर पर झांकियां भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम, वीर हनुमान की जय के नारों से पंडाल गूंजता रहा। वहीं कथा के पहले दिन प्रभु प्रिया रामायणी जी ने शिव विवाह की कथा श्रोताओं को सुनाई। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की वरमाला एवं विवाह उत्सव की झांकियां भी प्रस्तुत की गई। इार रविवार को यज्ञ मंडप में वेदी पूजन, पाठ, पुष्पाधिवास, फलााविास, आरती आदि कार्यक्रम यज्ञाचार्य पंडित राम कुमार शास्त्री के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति यदुटांड के पदाधिकारी और सदस्यों आदि लगे हुए हैं।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग और भाजपा के षड्यंत्र के खिलाफ झामुमो का उपवास कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में जारी है। शनिवार को उपवास कार्यक्रम के 16वें दिन कोडरमा से झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में जिले के झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं श्री पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हमारे नेता हेमन्त सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजकर विकास कार्यों को बाात करने का जो प्रयास किया है, झारखंड की आम जनता सब देख रही है। आनेवाले चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। पंचायत स्तर पर भी न्याय यात्रा के मायम से लोग निकल रहे हैं। वहीं झामुमो जिला सचिव श्याम देव यादव, गोपाल यादव, बैजनाथ मेहता ने कहा केंद्र की तानाशाही रवैया के खिलाफ हम सभी झामुमो कार्यकर्ता पंचायत स्तर पर न्याय यात्रा के मायम से लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि किस प्रकार से एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को राजनीति के तहत जेल भेज कर झारखंड के विकास को बाात किया गया है। वहीं झामुमो जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार के तानाशाही के खिलाफ अब झारखण्डी जनता और गुलाम करने को मजबूर है।

## भाजयुमो ने किया युवा चौपाल का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मंझगावा, बारियातू द्वारी बारिसाखी पंचायत के विभिन्न गांव में भाजयुमो के युवाओं के चौपाल का आयोजन कर घर-घर में प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। यह कार्य जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के निदेर्शानुसार करवाया गया है। जहां गिद्धौर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू साव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## विदाई समारोह का आयोजन

**नारायणपुर (जामताड़ा)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नारायणपुर में कक्षा बारहवीं के छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के वार्डेन कंचन कुमारी के अलावा शिक्षिका रीना रोजलीन,रीया पाल, कौरवी मित्रा, बहादी हेम्ब्रम एवं प्रतिमा एकघरा के अलावा सभी छात्राएं उपस्थित थी। इस विदाई समारोह में बारहवीं की परीक्षा दे चुकी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ विदाई दी गई।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोड्डा आने वाले यात्रियों का

# स्वागत करने पहुंचे गोड्डा सासद डा0 निशिकांत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज मुंबई से चलकर आ रही लोकमान्य तिलक ट्रेन के यात्रियों की स्वागत हेतु गोड्डा लोक सभा क्षेत्र के भाजपा सांसद डा ० निशिकांत दुबे, विधायक गोड्डा अमित मंडल डीआरएम मालदा डिविजन भी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, निर्वतन जिला अध्यक्ष राजीव मेहता ,महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, सह मीडिया प्रभारी लालबहादुर सिंह,कोषाध्यक्ष अनिल साह उपाध्यक्ष, अजय साह, मति लक्ष्मी चक्रवर्ती, परिणीता झा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन झा, बबलू सिंह, भाजपा नेता सुभाष चन्द्र यादव, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सूरज सिंह, पवन साह, विवेकानन्द, सीवेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव, मंडल अध्यक्ष अंजनी झा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक मंडल, जगरनाथ मांझी, मणिकांत महतो उर्फ श्रवण महतो, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश भगत जी, सह सोशल मीडिया प्रभारी पप्पू शर्मा, मंडल महामंत्री मिथलेश झा, रोहित वर्मा, रामलखन पंडित, संजीव शर्मा आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में देवघर से हरि किशोर सिंग जी, एडवोकेट मुकेश पाठक सेशाद्रि दुबे आदि मौजूद रहे। जिला परिषद सदस्य राघवेन्द्र सिंह, प्रियांशु राज भी उपास्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, पुल के नीचे गिरा ट्रेलर

**रानेश्वर।** दुमका सिउड़ी मुख्य पथ भाया रानेश्वर आमजोड़ा होते हुए सिउड़ी जाने वाले पथ पर शनिवार की सुबह एक ट्रेलर गाड़ी एक शिक्षक को ठोकर मारकर जल्दी भागने के फिराक में आमजोड़ा पुल में लगे पिलर गार्ड को तोड़ते हुए पुल के नीचे लगभग 35 फिट खाई में गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्लस 2 उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के शिक्षक नूर आलम सेख प्रतिदिन के भाती बाइक चलाकर इसी रास्ते होते हुए स्कूल जा रहा था।

## उपायुक्त ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमे विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया है, आप सभी लोग अपने स्तर से इसकी सत्यापन कर लें। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगीरथ पासवान, जाकिर हुसैन समेत विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# डीसी ने राजनितिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विभाग द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च 2024 से सोशल मीडिया अभियान का संचालन करने का निर्देश प्राप्त है। उक्त कार्यक्रम के तहत अभियान को सफल बनाने हेतु आज समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में सभी जिला अध्यक्ष, सचिव, मान्यता प्राप्त राजनितिक दल, जिला इकाई चतरा के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि 04 मार्च 2024 से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में सोशल मीडिया अभियान चलाया जायेगा।

## एक नजर में

## अब 19 वर्ष के युवा भी पा सकेंगे एसआईएस में रोजगार

**गढ़वा।** गढ़वा और पलामू के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एसआईएस लिमिटेड गढ़वा के तत्वावधान में एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में कैंप का आयोजन किया गया है। इस क्रम में जिले के सभी पात्र कैंडिडेट को बहाल किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए ग्रुप कमांडेंट रमेश जायसवाल ने बताया कि पहले एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा 21 वर्ष से 36 साल तक के युवाओं का ही चयन किया जा रहा था, लेकिन अब 19 से 37 वर्ष तक के युवाओं का चयन किया जा रहा है।

## अग्रवाल परिवार ने किया भोजन का वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान 130 लोगों के बीच प्रसाद के रूप में भोजन का वितरण किया गया। मौके पर हर्ष अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल परिवार हमेशा जरुरतमंदो की सेवा करता है और आगे भी निरंतर करता रहेगा।

## मुखिया ने किया कल्वर्ट निर्माण कार्य की शुरूआत

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग में नारायण सोनी के घर के समीप कल्वर्ट निर्माण कार्य की शुरूआत मुखिया अनीता देवी ने नारियल फोड़कर की। मौके पर मुखिया ने बताया कि उक्त कल्वर्ट के बन जाने से लोगो को आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उक्त कल्वर्ट की मांग बहुत दिनों से ग्रामीण जनता द्वारा की जा रही थी। फंड उपलब्ध होने पर इसका निर्माण कार्य शुरु किया गया।

## बीडीओ से अबुआ आवास दिलाने की मांग

**भवनाथपुर।** पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम को पत्र लिखकर दो असहाय महिला को अबुआ आवास देने का आग्रह किया है। दिये आवेदन में कहा गया है कि पंडरिया पंचायत के सरैया निवासी सह वार्ड नम्बर 9 के वार्ड सदस्य राजकुमारी देवी तथा दूसरा आवेदन कंचन कुंअर के द्वारा मुझे आवेदन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि राजकुमारी देवी का नाम आवास के पहली सूची में 17 नम्बर पर था लेकिन दूसरी सूची में 82 नम्बर पर कर दिया गया तथा तीसरा सूची में इसका नाम ही हटा दिया गया है।

## सड़क दुघर्टना में युवक की मौत, दो घायल

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के भद्रकाली कॉलेज के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गया। घटना शुक्रवार देर रात की है। मृत युवक की पहचान बिहार वजीरगंज थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप प्रसाद के रूप में की गई है। मृतक इटखोरी में मुर्गा मछली का दुकान चलाता था। जानकारी के अनुसार, इटखोरी निवासी बेलन राय , आंनद पाण्डेय और मृतक प्रदीप कार से चौपारण से इटखोरी लौट रहे थे।

## वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**गिद्धौर।** प्रखंड़ कार्यालय सभागार में वार्ड सदस्यों को पंचायतीराज के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। जिसका ट्रेनर प्रकाश राणा एवं सुरेश राणा थे। प्रशिक्षण में उपस्थित वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत कई जानकारियां बतलाएं इस क्रम में चतरा से जांच के लिए डीपीएम सुनील कुमार सिंह पहुंचे। जहां वार्ड सदस्यों को देखकर प्रशंसा किया एवं अन्य जानकारी प्राप्त किया।

## गांगपुर के समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांगपुर चौक के समीप में चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में एस आई अशोक पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां दर्जनों मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट जूता एवं जरूरतें की कागजात जांच पड़ताल की गई। तथा डिक्की जांच किया गया। बिना हेलमेट और जूता वाले को हिदायत करते हुए छोड़ गया और चालकों को बतलाया गया कि अदि इस प्रकार से बिना जूता हेलमेट के पकड़ाते हैं। तो कानून कार्रवाई की जाएगी।

## बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सिंगल विंडो में शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अंचलाधिकारी राकेश सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे।

## डीसी ने की ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला अग्निशामक पदाधिकारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, मो.परवेज खान, नगर अध्यक्ष आरजेडी डोमचांच, असीम सरकार, जाकिर हुसैन समेत कई राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त एसआई को दी गयी भावभीनी विदाई

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना में तैनात एसआई शम्भु नाथ मिश्रा को सेवानिवृत्त होने पर शनिवार की देर शाम कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। मौके पर उपस्थित थाना परिवार व लोगों ने उनके सकुशल सेवाकाल पूरा करने पर शुभकामनाएं दीं। वहीं थाना परिवार की ओर से रोजमर्रा में काम में आने वाली वस्तु, उपहार तथा शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई। वहीं थानाध्यक्ष सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि सेवा निवृत्त हुए एसआई शम्भु नाथ मिश्रा का कार्यकाल सराहनीय रहा है।

## केवाईसी करवाने में हो रही परेशानी : ग्रामीण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में इन दिनों बैंकों में केवाईसी करवाने के लिए काफी भीड़ चल रही है। केवाईसी करवाने में महीनों दिन से ऊपर लग लग जा रहा है। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबा में खाता धारकों का कहना है कि केवाईसी के चक्कर में रुपए की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे कई जरूरी कार्य बाात हो रहे हैं। बैंक ऑफ इंडिया में भी इन दिनों भीड़ लगी हुई है। इस संबा में बैंक ऑफ इंडिया शाखा मरकच्चो के कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार बैंक में पांच ऑफिसर हुआ करते थे, मगर फिलहाल मात्र तीन ऑफिसर कार्यरत हैं।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से निकाली गई प्रभात फेरी

**टंडवा (चतरा)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केरेडारी तथा उसकी शाखा चट्टी गाड़ीलौंग टंडवा के द्वारा 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य पर दिन शनिवार को कुंडी, सराढू, देवलगड्डा में स्वर्णिम प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को व्यसनों और बुराई से मुक्त होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी परमात्म अवतरण का खुशखबरी बताते हुए कहा कि आज संसार में चारों ओर दुःख, हिंसा, बुराई और अधर्म का बोलबाला है, ऐसे समय गीता में दिए गए वायदों के अनुसार परमात्मा इस धरती पर अवतरित होकर भारत को फिर से सोने की चिड़ियां बनाने के लिए सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं।

## सभी मतदान केंद्रों पर चलाया जाएगा आईएम वेरिफाइड वोटर अभियान : उपायुक्त

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में 4 मार्च से सभी मतदान केंद्रों पर आईएम वेरिफाइड वोटर अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान अगले तीन सप्ताह चलेगा। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों में सम्बंधित क्षेत्र के बीएलओ फॉर्म 6, 7 और 8 के साथ उपलब्ध रहेंगे, साथ ही अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## तीन की मौत, एक घायल

**जामा।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्य मार्ग के सुगनीबाद गांव के समीप शुक्रवार के देर शाम अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामा में हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवायी।

# सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 से सोशल मीडिया अभियान का संचालन करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभाग द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च 2024 से सोशल मीडिया अभियान का संचालन करने का निर्देश प्राप्त है। इसे लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सर्वप्रथम उन्होने सभी उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का जन जन तक सूचनाओं को पहुंचाने में बहुत बड़ा योगदान है। आगे उन्होने कहा सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च 2024 को 10:00 बजे से सोशल मीडिया पर अभियान चलाया जाएगा। इसी दिन मतदाता अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर अपना नाम मतदाता सूचि में देख सकते है और अगर किसी प्रकार की त्रृटि पाई जाती है तो संबंधित बूथ स्तर के पदाधिकारी से सम्पर्क कर मतदाता सूचि में सुद्धि करा सकते है व छुटे हुए मतदाता अपना नाम जुड़वा सकते है। आगे कहा अगर कोई मतदाता मतदान केन्द्र पर नहीं पहुंच पा रहे है तो वो वोटर हेल्प लाईन एप्प के माध्यम से भी अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करवाने हेतु आवेदन कर सकते है और ईपिक नम्बर डालकर मतदाता कार्ड को भी देख सकते है। पत्रकार बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अगर आप सभी के नजर में कोई मतदाता छुटे हुए है तो उसकी जानकारी बूथ स्तर के पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को दे सकते है। जिससे छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में शामिल किया जा सकता है। आगे उन्होने कहा 04 मार्च से सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियान को सफल बनाने में आपसबों का सहयोग अपेक्षित है। चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 789171 मतदाता है। जिसमें महिला 383788 पुरूष 405381 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12484 थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 वहीं एसएसआर 2024 कार्यक्रम के तहत अभी तक कुल 41172 मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल किया गया है एसएसआर 2024 के बाद भी 2479 मतदाता को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

## जिला परिषद मद से विभिन्न योजनाओं का शिल्यान्यास व उद्घाटन


**सतगावां (कोडरमा)।** जिला परिषद मद से प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, स्थानीय जिप सदस्य नीतू कुमारी ने संयुक्त रूप से शिल्यान्यास व उद्घाटन किया।

## सेवानिवृत्त कर्मी को दी गई विदाई

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा के बी. एड. संभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह, महाविद्यालय के तृतीय वर्गीय कर्मचारी बिनु राम एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी (आदेशपालक) रामाशीष प्रसाद को विदाई दी गई। चंदन कुमार सिंह ने महाविद्यालय में मई 2018 से जनवरी 2024 तक, बिनु राम तथा रामाशीष प्रसाद ने 1983 से 2024 (40वर्ष) तक अपनी सेवा दी।

# जी-20 नई प्रौद्योगिकियां कार्य, 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव

हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाए हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है। जी-20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार-विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है।'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं,भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरूआत करता है।



**(अतुल कुमार तिवारी,**

**सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय)**

हम काम करने के तरीके में बड़े पैमाने पर वैश्विक बदलाव को देख रहे हैं। यह आईआर 4.0, ऊर्जा संक्रमण और नए युग की प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित 'कार्य के भविष्य' के रूप में हमारे सामने है। नई प्रौद्योगिकियां 'कार्य', 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव ला रही हैं। हम विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संरचना में व्यापक बदलाव देख रहे हैं। यह उच्च-स्तरीय अनुभूति और सामाजिक-भावनात्मक कौशल की आवश्यकता वाले नए रोजगारों के आगमन से प्रमाणित है। 'कार्य के भविष्य' को समायोजित करने के लिए सभी सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में आशावाद के साथ-साथ संदेह भी व्याप्त है। इस प्रकार के व्यापक वैश्विक परिवर्तनों के संदर्भ में गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। जी-20 अपने सभी आर्थिक और सामाजिक आयामों के साथ 'काम के भविष्य' पर चर्चा करने के लिए सही मंच है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 जो 'काम के भविष्य' से निकलने वाली प्रवृत्तियों का प्रबंधन करने के लिए राष्ट्रों की पूरक शक्तियों के साथ वैश्विक हित के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार कर सकता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने जी-20 कौशल रणनीति और क्षमता निर्माण, आजीवन शिक्षण और निगरानी से जुड़े इसके संबंधित पहलुओं को चचाओं के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रखा है। पूरी दुनिया के लिए ये विचार-विमर्श प्रासंगिक हैं। यह जी-20 और वास्तव में दुनिया को शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रणालियों के बारे में फिर से परिकल्पना करने के कार्य की नये सिरे से शुरूआत करने का अवसर प्रदान करता है ताकि शिक्षार्थियों को जीवन को सही दिशा में ले जाने, समाज में योगदान देने और रोजगार के उभरते बाजारों के अनुकूल आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके।

ऑटोमेशन, बिग डेटा, एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाए हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है। जी-20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार-विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है। इसमें सामूहिक जी-20 कौशल रणनीति को लागू करने के लिए संकेतक और स्कूल और टीवीईटी में निरंतर शिक्षण, शिक्षा और शिक्षण के परिणामों में सुधार के तरीके शामिल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/राज्यों में फैले शिक्षा और कौशल से संबंधित आधारभूत संरचना में निर्बाध ऋण संचय और हस्तांतरण, व्यावसायिक से सामान्य शिक्षा और कौशल के वितरण को एकीकृत करके सभी स्तरों पर कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक पेशा-उन्मुख, स्वस्थ बनाना और रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। इसमें यह भी परिकल्पना की गई है कि हमारे शिक्षा और कौशल संस्थान ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने में सक्षम हैं, जो अर्थव्यवस्था और रोजगार के बाजार में परिवर्तन के लिए लचीला और अनुकूल हैं।

'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं, क्योंकि ऑटोमेशन से शॉप फ्लोर और ग्राहक से जुड़ने के तरीकों में बदलाव होता है। कौशल संबंधी आधारभूत संरचना को भी संस्मरण और सिद्धांत से उन्नत करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हस्तांतरणीय रोजगार कौशल पर अधिक ध्यान देते हुए दुनिया को समझना होगा। हमें स्थानीय/जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के हितधारकों में कार्यान्वयन से जुड़े भागीदारों की क्षमता को भी बनाए रखना चाहिए, ताकि उन्हें इस परिवर्तन को अक्षरशः लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और प्रेरणा से लैस किया जा सके। प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ 'कार्य के भविष्य' को समावेश करने और श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी, वंचित वर्गों/भौगोलिक क्षेत्रों तक कौशल की पहुंच और उन वर्गों की मदद करने जैसी सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी नए सिरे से प्रयास करने की आवश्यकता है, जिन्हें नई अर्थव्यवस्था के साथ मुख्यधारा में लाना मुश्किल लगता है।

भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरूआत करता है, जो विपरीत जनसांख्यिकीय और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

# वन नेशन- वन इलेक्शन




ओएनओई तब तक संभव नहीं हो सकता जब तक संख्या में दो तिहाई राज्य उसका अनुमोदन नहीं करते। भाजपा के वश में यह नहीं है और यह उसकी सबसे बड़ी दुखती रग है, इसीलिए यह हड़बड़ी मची है। इसका अंतिम तार्किक मकसद है सभी राज्यों और केंद्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक पार्टी के विचार पर अमल। राजनीति में आकांक्षाएं रखना अच्छी बात है लेकिन बात इतनी-सी है कि आपके विरोधियों की आकांक्षाएं आपकी आकांक्षाओं के उलट होती हैं।

ओएनओई को एक ब्रह्मास्त्र के रूप में देखा जा रहा है। अगर आपकी कमजोरी यह है कि एक ही नेता तमाम राज्यों में आपको वोट दिला सकता है और आपके अधिकतर नेता किसी गिनती में नहीं हैं तो क्यों न इस कमजोरी को अपनी मजबूती के रूप में इस्तेमाल करें? मोदी के नाम पर ही अगर केंद्र और राज्यों में वोट मांगा जाए तो इसमें बुरा क्या है? हर चुनाव ह्यमोदी बनाम कौनह्ल हो जाएगा। जो चिंता उन पर दबाव बना रही है उसके पीछे की राजनीति को समझने के लिए हमें इस बात पर गौर करना होगा कि भारत के राजनीतिक नक्शे से भगवा रंग कितनी तेजी से गायब हो रहा है।

आज 14 राज्यों में या तो विपक्षी गठबंधन इंडिया का कोई घटक, या भाजपा से अलग कोई दल सत्ता में है। आप भारत को राज्यों का एक संघ मानें या एकीकृत संघीय राष्ट्र (यूनीफाइड फेडरल नेशन), 2024 के बाद अगर कम-से-कम 18 राज्य ऐसे हो जाते हैं जिनमें आप सत्ता में नहीं हैं, तो उस तरह का सत्ता प्रयोग करना एक बड़ी चुनौती हो जाएगी जिसकी मोदी सरकार आदी हो चुकी है। तब इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि आप लोकसभा में बहुमत में हैं। इसलिए ओएनओई की इस चाल के साथ, 2024 के आम चुनाव की तैयारी में तीन बातें शामिल थीं:

सबसे पहले, संसद का अमृत काल सत्र बुलाया गया। अब आगे भाजपा अगर हर चुनाव को ओएनओई के लिए रायशुमारी में बदल दे तो हैरान मत होइएगा। दूसरी, इंडिया के घटकों ने मुंबई के अपने सम्मेलन में वह एकजुटता हासिल करने कोशिश की है, जैसी भारतीय राजनीति में प्रायः नहीं देखी गई थी। तीसरी, मोदी सरकार ने रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में बड़ी रियायत की घोषणा की, और पेट्रोल-डीजल के बारे में भी ऐसी घोषणा की जा सकती है। यह हड़बड़ी राज्यों के अंतिम चुनाव के नतीजों की वजह से पैदा हुई दिखती है, जिसमें भाजपा को कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में सत्ता गंवानी पड़ी। पिछले एक दशक में हम भाजपा के तौर-तरीके को जितना समझ पाए हैं उससे लगता है कि वह अपने हिसाब-किताब में इन सात बातों पर जरूर ध्यान देगी:

भाजपा को हर एक राज्य में निर्णायक हार मिली, हालांकि कर्नाटक के मुकाबले हिमाचल में उसने कांटे की टक्कर दी। इसका अर्थ यह हुआ कि निकट भविष्य में ऑपरेशन कमल जैसी कामयाबी की उम्मीद नहीं की जा सकती। भाजपा को उस प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ने मात दी जिससे हारना उसे पसंद नहीं है। वर्ष 2019 के बाद से कांग्रेस के खिलाफ जीतने की उसकी दर 92 फीसदी से ज्यादा की रही है लेकिन इससे कभी आत्मतुष्ट होकर वह बैठ नहीं गई लेकिन अब हवा उस पार्टी के पक्ष में उठती दिख रही है। उपरोक्त दोनों राज्यों में कांग्रेस बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर चुनाव जीती। इसने विपक्षी दलों के बीच उसका कद और मोल-तोल की ताकत बढ़ा दी। विपक्षी एकता के दावे पर पूरा भरोसा जमने में अभी वक्त लगेगा लेकिन आगे जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उनमें कांग्रेस इस यकीन के साथ चुनौती दे सकती है कि जब नरेंद्र मोदी सीधे मुकाबले में नहीं हैं तो वह भाजपा को पराजित कर सकती है। इन राज्यों में भाजपा के पास चुनाव जिताने वाले नेतृत्व का अभाव उसकी बढ़ती नाकामी मानी जाएगी। कठोर तथ्य यह है कि योगी आदित्यनाथ और हिमंत विश्व शर्मा के सिवाय उसके पास ऐसे नेता नहीं हैं जो अपने दम पर उसे राज्यों में चुनाव जिता सकें। और, जो दो नेता-मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में वसुंधरा राजे-उनके पास हैं, उन्हें भाजपा वाले ही पसंद नहीं करते। छठी बात यह कि मोदी को बार-बार चेहरा बनाकर क्या वे जोखिम नहीं मोल ले रहे हैं? क्या उन्हें तुरुप के इस पत्ते का हर मौके पर इस्तेमाल करना चाहिए? कर्नाटक की तरह फिर वे हार गए तब क्या होगा? इस बार सर्दियों में जिन चार बड़े राज्यों के चुनाव होने जा रहे हैं उनमें से कम-से-कम दो में अगर भाजपा हार गई, तो कुछ समय बाद राज्यसभा में उसकी ताकत घट जाएगी।

भाजपा का थिंक टैंक (मोदी-शाह-नड्डा) पिछले तीन महीनों से इन सवालों पर जरूर मंथन कर रहा होगा। हमारे टीवी चैनल और जनमत सर्वे तो यही संकेत दे रहे हैं कि वोटों की गिनती हुई हो या नहीं, भाजपा 2024 का चुनाव जीत चुकी है लेकिन भाजपा ऐसा नहीं सोच रही है। वे इस बात पर आश्वस्त हैं कि आम चुनाव तो मोदी के पक्ष में या खिलाफ ही लड़ा जाएगा लेकिन राज्यों में नगण्य नेतृत्व या महाराष्ट्र की तरह कामचलाऊ सत्ता का आत्मघाती जुगाड़ ही चलता रहा तो आम चुनाव के बाद जिन राज्यों में चुनाव होंगे उन्हें जीतना मुश्किल होगा। यह भाजपा को केंद्र में तीसरी बार अपनी सरकार बनाना और भी मुश्किल कर देगा। इसके अलावा राज्यसभा में अपनी ताकत के बारे में भी उसे सोचना होगा। कुछ राज्यों के चुनाव आम चुनाव के साथ कराने का विकल्प लुभावना तो है मगर जोखिम से भरा भी है।

इसमें पेच यह है-अगर आप यह मानते हैं कि राज्यों के और लोकसभा के चुनाव साथ कराए जाएं तो आज के मतदाता दोनों चुनावों में साफ फर्क करते हैं, जैसा कि 2019 में ओडिशा में हुआ था तो आज अगर दोनों चुनाव साथ कराए गए तो वे यह फर्क क्यों नहीं करेंगे? और अगर मतदाता अभी भी इतने समझदार नहीं हुए हैं, तो भाजपा की राज्य सरकार के प्रति उनकी नकारात्मक धारणा लोकसभा चुनाव में उनकी वोटिंग को क्यों नहीं प्रभावित करेगी? तब यह जोखिम उठाना क्या मुनासिब होगा कि अपने मुख्यमंत्रियों के खिलाफ मतदाताओं के गुस्से का खमियाजा मोदी को भुगतना पड़े? सार यह कि आम चुनाव के लिए अभियान शुरू होने में छह महीने से भी कम का समय रह गया है और भाजपा को सोच-विचार करने के लिए इतने सारे मसले हैं जितने 2019 के चुनाव से पहले नहीं थे।


# भारतीय ज्ञान दुनिया की सबसे पुरानी वेद आधारित परंपरा

**राजनाथ सिंह**

**भारतीय** ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे पुरानी में से एक है और यह स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और विश्व शांति के सिद्धांतों को स्वीकार करती है। यह बात रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 05 सितंबर, 2023 को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'वेदों में निहित भारतीय ज्ञान परंपरा और सर्वोत्तम जीवन मूल्यों' विषय पर व्याख्यान देते हुए कही।

राजनाथ सिंह ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि वेदों में जलवायु परिवर्तन सहित दुनिया के सामने आने वाली कई चुनौतियों का समाधान विद्यमान है। उन्होंने बताया कि वेद प्रकृति की पूजा और पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण जैसी प्रथाओं पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा, वेदों का सबसे प्रमुख पहलू इसकी दीर्घजीवन है, यानी, यह सनातन है, हालांकि, एक वर्ग है जो वेदों और उसके मूल्यों पर हमला कर रहा है। ऐसे प्रयास निरर्थक साबित हो सकते हैं। यह उल्लेख करते हुए कि लोकतंत्र को अक्सर पश्चिम देशों द्वारा दुनिया को दी गई शासन प्रणाली माना जाता है, रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें वैदिक काल में पाई जाती हैं, जहां 'सभा' और 'समिति' जैसी प्रतिनिधि प्रणालियां मौजूद थीं।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वैदिक काल महिला सशक्तिकरण का काल था क्योंकि महिलाओं को




पुरुषों के समान ही अधिकार प्राप्त थे। उन्होंने कहा, वैदिक काल की ऐसी महिलाओं के कई उदाहरण हैं जिन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में योगदान दिया है।

भारतीय संस्कृति की शक्ति को रेखांकित करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा, पूरे इतिहास में, हमारी संस्कृति कई हमलों के बावजूद गर्व के साथ विकसित हुई है। इसका कारण वैदिक मूल्य और प्राचीन ज्ञान परंपरा है जिस पर यह आधारित है।

राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान लोगों के सामाजिक जागृति में स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वतीजी ने आर्य समाज और 'वेदों की ओर लौटो' के अपने आह्वान के माध्यम से भारत के पुनर्जागरण में बहुत बड़ा योगदान दिया। रक्षा मंत्री ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर भी स्मरण किया, जिसे आज शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने राजनीति के अतिरिक्त शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा, आज का दिन उनकी विद्वता, उनके दार्शनिक योगदान और राष्ट्र के लिए उनकी उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देने का दिन है। **(साभार: पीआईबी)**

# 13 करोड़ धरों तक पहुंचा जल जीवन मिशन

जल जीवन मिशन (जेजेएम) ने आज 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करके एक और उपलब्धि हासिल की है। 'गति और पैमाने' के साथ काम करते हुए, जीवन बदल देने वाले मिशन ने अगस्त, 2019 में मिशन की शुरूआत में केवल 3.23 करोड़ घरों में ग्रामीण नल कनेक्शन प्रदान किये थे जो 4 वर्षों में बढ़कर 13 करोड़ पर पहुंच चुका है। जल जीवन मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को 73वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से की थी। अब तक, 6 राज्यों अर्थात गोवा, तेलंगाना, हरियाणा, गुजरात, पंजाब और हिमाचल प्रदेश) और 3 केंद्र शासित प्रदेशों - पुदुचेरी, दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने 100 प्रतिशत कवरेज की सूचना दी है। निकट भविष्य में बिहार 96.39 प्रतिशत पर, मिजोरम 92.12 प्रतिशत पर परिपूर्णता प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। गोवा, हरियाणा, पंजाब, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव 'हर घर जल प्रमाणित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश हैं यानी, इन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में, ग्रामीणों ने ग्राम सभाओं के माध्यम से पुष्टि की है कि गांव में 'सभी घर और सार्वजनिक संस्थानों' को पानी की पर्याप्त, सुरक्षित और नियमित आपूर्ति हो रही है। देश के 145 जिलों और 1,86,818 गांवों ने 100 प्रतिशत कवरेज की सूचना दी है। मिशन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझेदारी में कार्यक्रम को कार्यान्वित करता है और यह विकास भागीदारों सहित सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है कि रूपांतरकारी बदलाव जमीन पर देखा जाता है। हर सेकंड एक नल जल कनेक्शन स्थापित किया जा रहा है जिससे देश का ग्रामीण परिदृश्य बदल रहा है। 1 जनवरी 2023 से रोजाना औसतन 87,500 नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने जनवरी 2023 से 61.05 लाख चालू घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) लगाकर चालू वित्त वर्ष में प्रगति चार्ट में शीर्ष पर है।

केंद्र और राज्य सरकारों के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप देश के 9.15 लाख (88.73 प्रतिशत) स्कूलों और 9.52 लाख (84.69 प्रतिशत) आंगनवाड़ी केंद्रों में नल के पानी की आपूर्ति का प्रावधान सुनिश्चित हुआ है। हमारे देश के 112 आकांक्षी जिलों में, मिशन के शुभारंभ के समय, केवल 21.41 लाख (7.86 प्रतिशत) घरों में नल का पानी उपलब्ध था जो अब बढ़कर 1.81 करोड़ (66.48 प्रतिशत) हो गया है।

'हर घर जल' के तहत काम के परिणामस्वरूप ग्रामीण आबादी को महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ हो रहा है। नियमित नल जल आपूर्ति से लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवा लड़कियों को अपनी दैनिक घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी से भरी बाल्टी ढोने की सदियों पुरानी मेहनत से राहत मिली है। योजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए, शुरू से ही सामुदायिक भागीदारी ग्रामीण पाइप लाइन जलापूर्ति योजनाओं की योजना, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) के केंद्र में रही है। देश में 5.27 लाख से अधिक ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियां (वीडब्ल्यूएससी)/पानी समितियां गठित की गई हैं और 5.12 लाख ग्राम कार्य योजनाएं (वीएपी) तैयार की गई हैं, जिनमें पेयजल स्रोत संवर्धन, ग्रेवाटर उपचार और इसके पुनः उपयोग और गाँव में जल आपूर्ति प्रणालियों के संचालन एवं रखरखाव की नियमित योजनाएं शामिल हैं।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, 1.79 करोड़ आबादी (आर्सेनिक-1.19 करोड़, फ्लोराइड-0.59 करोड़) वाली 22,016 बस्तियां (आर्सेनिक-14,020, फ्लोराइड-7,996) पेयजल स्रोतों में आर्सेनिक/फ्लोराइड संदूषण से प्रभावित थीं। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की रिपोर्ट के अनुसार, अब सभी आर्सेनिक/फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है। जल जीवन मिशन न केवल पानी उपलब्ध कराने में विश्वास रखता है बल्कि यह सुनिश्चित करने में भी विश्वास रखता है कि हर बार गुणवत्तापूर्ण पानी की आपूर्ति की जाए। इस संबंध में स्रोत और वितरण बिंदुओं से पानी के नमूने नियमित रूप से एकत्र किए जाते हैं और जांच की जाती है।

# विलुप्त होने से पहले इन्हें बचा लो !

**(विश्व वन्य जीव दिवस/03 मार्च/ विशेष)**

**आयुषी दवे**



**जब** हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ जैसे शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता, भालू जैसे बड़े जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्य ने पालतू न बनाया गया हो। वन्यजीवों में न केवल जानवर बल्कि वह सभी पेड़-पौधे, कीड़े-मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते हैं जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्य के दखल के रहते हैं। वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते हैं। ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं, क्योंकिपृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्र यानी इको सिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घास भूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।

पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रिया को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इनका संरक्षण बेहद अहम हो जाता है। इस दिशा में विश्व के बहुत सारे सरकारी, गैर-सरकारी संगठन निरंतर प्रयासरत हैं। यह संगठन अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं। ऐसे ही बड़े प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को 68वें सेशन में हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। तीन मार्च की तिथि को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि तीन मार्च, 1973 में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ नेचर के 80 सदस्यों ने सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच अहम अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। इस साल इसका विषय है ₹लोगों और ग्रह को जोड़नाः वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज₹।

विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किए गए। समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है।

इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किए गए। वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्य से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियां कम होंगी तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं न कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं। इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है। ये शुरू से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इतना ही नहीं एक बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी प्रकृति और वन्यजीवों के करीब रहने की सलाह दी जाती है। हर जगह लोग भोजन से लेकर ईंधन, दवाएं, आवास और कपड़े तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्यजीवन और जैव विविधता आधारित संसाधनों पर निर्भर हैं। प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है उसका आनंद लेने के लिए यह जरूरी है की लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हो और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों।